CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 17°C

मुरादाबाद, बुधवार 29 अक्टूबर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 74 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 6 जमादिउल उला1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में 46 आईएएस अफसरों के तबादले, डा. रुपेश कुमार मंडल आयुक्त सहारनपुर बने पेज 2




सुजीत बने अंडर-23 विश्व कुश्ती चैम्पियन खेल टाइम्स



जामिया मिल्लियाः विचार की चिंगारी से प्रगति की लो तक सम्पादकीय



पाकिस्तान ने बांग्लादेश को कराची पोर्ट इस्तेमाल करने का दिया ऑफर पेज 12

# बड़ा फैसला: 8वें वेतन आयोग को मंजूरी

## 50 लाख कर्मचारियों को मिलेगा लाभ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के वेतन और भत्तों में संशोधन की सिफारिशों के लिए मंगलवार को आठवें वेतन आयोग के गठन के साथ-साथ उसके काम के दायरे और शर्तों को भी मंजूरी दे दी। आयोग को अठारह महीने में रिपोर्ट देनी होगी।

इसके बाद एक जनवरी 2026 से नया वेतन मान लागू हो सकता है। हालांकि, पुराने ट्रेंड को देखते हुए सिफारिशों को पूरी तरह इम्प्लीमेंट होने में 2028 तक का इंतजार करना पड़ सकता है। यानी, कर्मचारियों को 17-18 महीने का एरियर एकमुश्त या किस्तों में मिलेगा। इससे 50 लाख कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनर्स को फायदा होगा। सरकार ने जनवरी 2025 में ही इस कमीशन के गठन का ऐलान किया था। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया कि उच्चत्तम न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई आयोग की अध्यक्ष होंगी। भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलुरु के प्रोफेसर पुलक घोष को आयोग का अस्थायी सदस्य बनाया गया है और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव पंकज जैन इसके सदस्य सचिव होंगे। बेसिक सैलरी में कितनी बढ़ोतरी होगी, ये फिटमेंट फैक्टर और डीए मर्जर पर निर्भर करता है। 7वें वेतन आयोग में फिटमेंट फैक्टर 2.57 था। 8वें में ये 2.46 हो सकता है। हर वेतन आयोग में डीए जीरो से शुरू होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि नई बेसिक सैलरी पहले से ही महंगाई को ध्यान में -**शेष पृष्ठ दो पर**



- आयोग को 18 महीने में देनी होगी रिपोर्ट
- एक जनवरी से हो सकता है लागू

### फॉस्फेटिक तथा पोटाश उर्वरक पर सब्सिडी दरों को मंत्रिमंडल की स्वीकृति

**नई दिल्ली।** सरकार ने किसानों के लिए रियायती दरों पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के वास्ते रबी सीजन फसल 2025-26 के लिए फॉस्फेटिक और पोटाश उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को मंजूरी प्रदान कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ने रबी सीजन 2025-26 एक अक्टूबर से 31 मार्च 2026 तक के लिए फॉस्फेटिक और पोटाश उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरें तय करने के लिए उर्वरक विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

# डाक्टर्स का त्याग सर्वोपरि, अनदेखी माफ नहीं करेगा समाज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कोविड-19 के दौरान जान गंवाने वाले प्राइवेट डाक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को सरकारी बीमा योजना का लाभ देने के मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि अगर न्यायपालिका डाक्टरों का ध्यान नहीं रखेगी और उनके साथ खड़ी नहीं होगी, तो समाज हमें कभी माफ नहीं करेगा।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बीमा कंपनियां वैध दावों का भुगतान करें। उन्होंने कहा कि यह मान लेना गलत है कि प्राइवेट डाक्टर सिर्फ प्रॉफिट के लिए काम करते हैं। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामला प्रदीप अरोड़ा और अन्य लोगों की याचिका से जुड़ा है। इसमें बॉम्बे हाईकोर्ट के 9 मार्च 2021 के उस फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसमें कहा गया था कि प्राइवेट अस्पतालों के डाक्टर या स्टाफ को इंश्योरेंस का लाभ तभी मिलेगा जब सरकार ने उनकी सेवाएं आधिकारिक रूप से मांगी हों। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वह बताए कि प्रधानमंत्री बीमा योजना के अलावा क्या ऐसी और भी योजनाएं हैं। अदालत ने कहा कि वह एक नियम तय करेगी, जिसके आधार पर बीमा कंपनियां आगे ऐसे मामलों में फैसला ले सकेंगी। यह मामला किरण भास्कर सुर्गडे की कहानी से जुड़ा है, जिन्होंने अपने पति को कोविड-19 महामारी में खो दिया था। उनके पति ठाणे में एक निजी क्लीनिक चलाते थे। बीमा कंपनी ने उनका दावा यह कहकर खारिज कर दिया कि उनका क्लीनिक मान्यता प्राप्त कोविड अस्पताल नहीं था। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज (पीएमजीएकेपी) मार्च 2020 में शुरू किया गया था। इस योजना के तहत कोविड-19 से ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले स्वास्थ्यकर्मियों के परिवार को 50 लाख रुपये का बीमा कवर दिया जाता है।

डाक्टर्स का ध्यान रखना हमारी जिम्मेदारी, कोविड में मृत प्राइवेट डाक्टर्स को सरकारी बीमा का लाभ मिले: सुप्रीम कोर्ट



शीर्ष अदालत ने कहा: यह मान लेना गलत प्राइवेट डाक्टर सिर्फ प्रॉफिट के लिए काम करते हैं

# राष्ट्रपति मुर्मू आज राफेल लड़ाकू विमान से भरेंगी उड़ान

**नई दिल्ली।** तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को भारतीय वायुसेना के अत्याधुनिक लड़ाकू विमान राफेल में उड़ान भरेंगी। राष्ट्रपति इससे पहले वायुसेना के सुखोई 30 एमकेआई लड़ाकू विमान में भी उड़ान भर चुकी हैं।



राष्ट्रपति सचिवालय ने मंगलवार को बताया कि श्रीमती मुर्मू बुधवार को हरियाणा जाएंगी और वहां अंबाला वायुसेना स्टेशन से राफेल लड़ाकू विमान में उडान भरेंगी। श्रीमती मुर्मू ने दो वर्ष पहले 8 अप्रैल 2023 को वायुसेना के तेजपुर हवाई बेस से सुखोई 30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी। राफेल भारतीय वायुसेना का प्रमुख लड़ाकू विमान है और इसने हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विभिन्न अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सूत्रों के अनुसार राष्ट्रपति के सुबह अंबाला वायुसेना स्टेशन पहुंचने पर उन्हें सम्मान स्वरूप 'गार्ड आफ ऑनर' दिया जाएगा।

# इंडियन एयरफोर्स को मिलेंगे छह नए रिफ्यूलिंग विमान

**नई दिल्ली।** इंडियन एयरफोर्स में 6 नए मिड-एयर रिफ्यूलिंग (हवाई ईंधन भरने वाले) विमान शामिल करने के लिए इजरायल की कंपनी से 8 हजार करोड़ की डील अंतिम दौर में है। कंपनी इजरायल सरकार के स्वामित्व वाली इजरायल एयरक्राफ्ट इंडस्ट्रीज (आईएआई) है।

इस डील के लिए रूस और यूरोप की कुछ कंपनियां भी दौड़ में थीं, लेकिन वे तकनीकी शर्तें और मेक इन इंडिया नियम पूरे नहीं कर पाईं। आईएआई ने आफसेट नीति के तहत लगभग 30 फीसदी मेक इन इंडिया सामग्री शामिल करने पर सहमति जताई है। आईएआई की डील के तहत पुराने बोइंग 767 कमर्शियल विमानों में बदलाव कर उन्हें टैंकर विमानों में बदला जाएगा। कंपनी ने ऑफसेट नीति के तहत लगभग 30 फीसदी मेक इन इंडिया सामग्री शामिल करने पर सहमति जताई है।



- फाइटर जेट्स में हवा में ही फ्यूल भरा जा सकेगा, इजरायल से आठ हजार करोड़ की डील संभव

## संक्षिप्त समाचार

### संघ की गतिविधियों पर रोक लगाने की कर्नाटक सरकार की कोशिशों को झटका

**बंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को झटका देते हुए उसके एक आदेश पर रोक लगा दी है। दरअसल इस आदेश के तहत कर्नाटक सरकार ने निजी संगठनों को सरकारी परिसरों और सार्वजनिक जगहों, सड़कों आदि पर कोई भी कार्यक्रम आयोजित करने से प्रशासन की मंजूरी लेना अनिवार्य कर दिया था। कर्नाटक सरकार के इस आदेश को संघ की गतिविधियों को राज्य में बाधित करने के तौर पर देखा जा रहा था। हालांकि अब कर्नाटक उच्च न्यायालय की धारवाड़ पीठ ने इस आदेश पर रोक लगा दी है। राज्य सरकार के आदेश के खिलाफ पुनशचौतन्य सेवा समस्थे नामक संगठन ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी।

### गुजरात के पेढवाड़ा गांव में घुसा आठ शेरों का झुंड

**गिर सोमनाथ।** गुजरात में गिर-सोमनाथ जिले के गांवों में एक बार फिर शेरों की आमद ने दहशत फैला दी है। कोडिनार तालुका के पेढवाड़ा गांव में सोमवार की रात एक साथ 8 शेरों का झुंड घुस आया। सबसे पहले इनमें से एक शेरनी ने सड़क पर बैठे मवेशियों पर हमला किया। शेरों ने कुछ घरों में भी घुसने की कोशिश की, जिससे लोग दहशत में आ गए। काफी देर तक गांव की सड़कों पर घूमने के बाद झुंड ने एक गाय का शिकार किया। शिकार खाने के बाद भी शेरों का झुंड गांव में ही डटा रहा। रात भर गांव में रुकने के बाद तड़के सुबह झुंड जंगल की ओर रवाना हो गया। घरों में लगे सीसीटीवी में कैद हुए तो कुछ लोगों ने घरों की छतों से इनके वीडियो बनाए।

# प्रशांत किशोर को चुनाव आयोग का नोटिस




**पटना/नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को जनसुराज पार्टी के फाउंडर प्रशांत किशोर को 2 वोटर आईडी पर नोटिस भेजा है और 3 दिन में जवाब मांगा है।

पीके का नाम बिहार के साथ पश्चिम बंगाल में भी मिला है। महागठबंधन ने मंगलवार को अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। सीएम फेस तेजस्वी यादव ने कहा कि हमने सीएम का चेहरा घोषित कर दिया है, लेकिन एनडीए ने अब तक अपना सीएम फेस का ऐलान नहीं किया है। एनडीए 30 अक्टूबर को घोषणापत्र जारी करेगा। उधर, राहुल और प्रियंका गांधी 29 अक्टूबर से बिहार में चुनावी अभियान की शुरुआत करेंगे। राहुल की सभा मुजफ्फरपुर और दरभंगा में होगी। प्रियंका बेगूसराय जिले के बछवाड़ा में रैली करेंगी।

- महागठबंधन ने अपना घोषणापत्र किया जारी

# बिहार सरकार दो दशक से घोंट रही है युवाओं का गला: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भाजपा-जद-यू सरकार में बिहार ने सिर्फ दुर्दशा देखी है और पिछले दो दशक के दौरान नीतीश सरकार ने युवाओं की आंकांक्षाओं का सिर्फ गला घोंटा है।

उन्होंने मंगलवार को कहा कि बिहार प्रतिभाओं की खान है और यदि अवसर मिले तो वहां के युवा अपनी काबिलियत और मेहनत के बल पर हर जगह चमक सकते हैं, लेकिन बिहार में दो दशक से जो सरकार चल रही है उसने वहां के युवाओं को अवसरों की जगह सिर्फ बेरोज़गारी और निराशा दी है। उनका कहना था कि इस वक्त बिहार में बदलाव की बयार चल रही है और बिहार के लोगों का स्वाभिमान जागने लगा है। बदलाव की बयार के इसी हिसाब से इस बार महागठबंधन अपना न्याय संकल्प दोहरा रहा है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में बिहार के युवाओं के साथ हाल ही में हुई अपनी वार्ता का जिक्र करते हुए कुछ दिनों पहले बिहार के युवाओं से बहुत दिलचस्प बातचीत हुई जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार जैसे हर मुद्दे पर चर्चा हुई।

- कहा : भाजपा-जदयू सरकार में बिहार ने सिर्फ दुर्दशा देखी



### प्रियंका का दो दिवसीय वायनाड दौरा आज से

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा बुधवार से अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगी। पार्टी सूत्रों ने बताया कि वह 29 और 30 अक्टूबर को वायनाड दौरे पर रहेंगी और इसके बाद बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचार करने जाएंगी। वह वायनाड में राजीव गांधी मेमोरियल सरकारी आयुर्वेद औषधालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करेंगी। इसके अलावा मोबाइल डिस्पेंसरी के लिए एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाएंगी और कोडेनचेरी ग्राम पंचायत की विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन समारोह में भी हिस्सा लेंगी।

# दिल्ली में क्लाउड सीडिंग का दूसरा ट्रायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण को कम करने के लिए क्लाउड सीडिंग का दूसरा ट्रायल मंगलवार को हुआ। पहला टेस्ट 23 अक्टूबर को हुआ था। दिवाली के बाद से लगातार एयर क्वालिटी में तेजी से गिरावट आई है। राजधानी की हवा की गुणवत्ता बेहद खराब बनी हुई है।

इसके लिए कानपुर से स्पेशल विमान सेसना ने उड़ान भरी थी। विमान ने तकनीक से बादलों के ऊपर केमिकल छिड़का। आईआईटी कानपुर ने बताया कि क्लाउड सीडिंग सफल रही है। इसे 6 हजार फीट की ऊंचाई पर 6 फ्लेयर से किया गया। ट्रायल के 4 घंटे के अंदर कभी भी बारिश हो सकती है। क्लाउड सीडिंग खेकड़ा, बुराड़ी, मयूर विहार और कई अन्य इलाकों में की गई। उधर, दिल्ली में प्रदूषण को रोकने के लिए ऐसे कॉमर्शियल व्हीकल्स की एंट्री पर एक नवम्बर से रोक लगा दी है, जो बीएस-6 मानकों के अनुरूप नहीं हैं। इस बीच दिल्ली की एयर क्वालिटी में सुधार आया है। मंगलवार सुबह एक्यूआई 306 रिकॉर्ड किया गया। यह सोमवार को 315 से कम था।

- IIT कानपुर की तकनीक से बादलों के ऊपर छिड़का केमिकल, ट्रायल के 4 घंटे के अंदर कभी भी हो सकती है बारिश

# छठ पूजा के आखिरी दिन उगते सूरज को अर्घ्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** छठ महापर्व का मंगलवार को आखिरी दिन था। 4 दिन का ये महापर्व 25 अक्टूबर को नहाय खाय से शुरू हुआ था। मंगलवार को उगते सूरज को 'ऊषा अर्घ्य' के साथ खत्म हो गया। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला उपवास खत्म हो गया।

उगते सूर्य को अर्घ्य देने का मुहूर्त सुबह 6:27 बजे तक था। देश के साथ विदेश में भी छठ महापर्व मनाया गया। बिहार, यूपी, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र (मुंबई) से इसकी तस्वीरें भी सामने आने लगी हैं। ठंड बढ़ने के बावजूद महिलाएं पानी में खड़ी नजर आ रही हैं। वहीं, दिल्ली में करीब 1300 घाटों पर छठ पूजा का आयोजन हुआ, जिनमें 17 प्रमुख घाट यमुना नदी के किनारे बनाए गए हैं। मुंबई और ठाणे में 83 स्थानों पर सामूहिक छठ पूजा का आयोजन हुआ। छठ महापर्व को लेकर विदेशों में भी उत्साह था। ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन समेत दुनियाभर के कई देशों में भी भारतीय व्रतियों ने सोमवार को सूर्य को अर्घ्य दिया था। फिजी, सूरीनाम, मॉरिशस, त्रिनिनाद- टोबेगो में भी बड़ी संख्या में भारतीय आबादी रहती है, यहां भी छठ पूजा का आयोजन किया गया।

- दिल्ली में 1300 घाटों पर स्नान, ऑस्ट्रेलिया व अमेरिका समेत दुनियाभर में भी हुई पूजा



### उत्तराखंड भर्ती घोटाला: सीबीआई ने दर्ज किया मुकदमा

**देहरादून (ब्यूरो)।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग यूकेएसएसएससी द्वारा आयोजित स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में आखिरकार केंद्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई ने मोर्चा संभाल लिया है। छात्रों के लगातार और उग्र विरोध के बाद, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आश्वासन पर राज्य सरकार द्वारा की गई सिफारिश के बाद, सीबीआई ने देर रात मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस कार्रवाई से राज्य भर के लाखों बेरोजगार युवाओं को बड़ी राहत मिली है। सीबीआई ने देहरादून की एसीबी शाखा में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। जांच की जिम्मेदारी सहायक पुलिस अधीक्षक राजीव चंदोला को सौंपी गई है।

**Global HR Solutions**
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
- वेल्डर (3G & 4G ARC)
- राज मिस्त्री
- कंस्ट्रक्शन लेबर
- सिलाई टेलर

वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
- रेफरेन
- योग्यता प्रमाणपत्र
- सर्विस सर्टिफिकेट
- वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट

सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### मुरादाबाद का सपा ऑफिस नहीं होगा खाली: हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जनपद में समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय को लेकर चल रहे विवाद मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है, जिसमें जस्टिस जस्टिस अरिंदम सिन्हा और जस्टिस सत्यवीर सिंह की डिविजन बेंच ने जिला प्रशासन के कार्यालय खाली कराने के आदेश को रद्द कर दिया और यथास्थिति बनाए रखने का का आदेश जारी किया है। इस फैसले से सपा को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने पिछली सुनवाई में भी यथास्थिति का आदेश दिया था और अब कार्रवाई पर पूरी तरह रोक लगा दी है, कोर्ट ने प्रशासन के दावों को खारिज कर दिया। शहर के सिविल लाइन्स स्थित चक्कर की मिलक में समाजवादी पार्टी का जिला कार्यालय 1994 से चल रहा है। यह भवन मुलायम सिंह यादव को आवंटित किया गया था।

### पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 500 करोड़ से अधिक होगा खर्च

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने मंगलवार को कहा कि पिछले दो वर्षों में जम्मू-कश्मीर में पर्यटन अवसंरचना के विकास में वृद्धि हुई है। परिणामस्वरूप रिकॉर्ड संख्या में पर्यटक जम्मू-कश्मीर आए। एक प्रश्न के उत्तर में सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में 253.75 करोड़ रुपए के आधार पर, जबकि वित्त वर्ष 2024 में 268.42 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे। उन्होंने कहा कि इस अवधि के दौरान कोई भी केंद्र पोषित योजना लागू नहीं की जाएगी। सरकार ने कहा कि विज्ञापन और प्रचार के लिए आवंटित 50.50 करोड़ रुपए में से 42.27 करोड़ रुपए खर्च किए गए।

### डॉक्टर रुपेश कुमार को मंडल आयुक्त सहारनपुर की जिम्मेदारी सौंपी

# यूपी में आईएएस अफसरों के बंपर तबादले

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 46 आईएएस को नई जिम्मेदारी सौंपी, रामपुर, सीतापुर, बस्ती, हाथरस समेत 10 जिलों के डीएम बदले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में तबादलों का सिलसिला जारी है। एक बार फिर बड़े स्तर पर आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। मंगलवार को 46 आईएएस को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। रामपुर, सीतापुर, बस्ती, हाथरस समेत 10 जिलों के जिलाधिकारी बदल दिए गए हैं। अजय कुमार द्विवेदी को रामपुर का डीएम बनाया गया है।

आईएएस बालकृष्ण त्रिपाठी को सचिव सामान्य प्रशासन विभाग उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी सौंप गई है। इसके साथ ही राजेश प्रकाश को मंडलायुक्त विध्यांचल बनाया गया है। इसके साथ ही धन लक्ष्मी के को महा. निदेशक मत्स्य विभाग की जिम्मेदारी सौंप गई है। इसी तरह संजय कुमार को वर्तमान पद के साथ सचिव उत्तर प्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। तबादलों के क्रम में अटल कुमार राय गृह विभाग में सचिव नियुक्त किया गया है। भानु चंद्र गोस्वामी को मेरठ का मंडल आयुक्त बनाया गया है। डॉक्टर ऋषिकेश भास्कर यशोदा को सचिव राजस्व विभाग, राहत आयुक्त और चकबंदी आयुक्त की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉक्टर रुपेश कुमार को मंडल आयुक्त सहारनपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह मयूर माहेश्वरी को प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम और प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड के पद पर तैनात किया गया है विजय किरण आनंद को वर्तमान पद के साथ मुख्य कार्यपालक अधिक. ारी उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण प्रभारी एनआरआई सेल एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी लीडर के पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। राहुल पांडे को विशेष सचिव राज्य कर विभाग की जिम्मेदारी दी गई है अतुल वत्स को हाथरस का जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। अमनदीप डुली को अपर आयुक्त मनरेगा बनाया गया है इसी तरह हिमांशु नागपाल को नगर आयुक्त वाराणसी, प्रखर कुमार सिंह को मुख्य विकास अधिकारी वाराणसी, योगेंद्र कुमार को मुख्य विकास अधिकारी अलीगढ़ एवं संभागीय खाद्य नियंत्रक अलीगढ़ की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### 57 पीसीएस अधिकारी हुए स्थायी तहसीलदार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस)के 57 अधिकारियों का स्थायीकरण आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश विशेष सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग, आईएएस अन्नपूर्णा गर्ग द्वारा हस्ताक्षरित है। मुख्य रूप से 2020 और 2022 बैच के तहसीलदार से पदोन्नत होकर उपजिलाधिकारी (एसडीएम) बने अधिकारियों को इसका लाभ मिला है। आधिका. रिक सूची में 2020 बैच के अभय राज पांडे एसडीएम आजमगढ़, हेमंत कुमार गुप्ता एसडीएम बलरामपुर, कमलेश कुमार एसडीएम रायबरेली, करणवीर सिंह एसडीएम हमीरपुर, लालता प्रसाद एसडीएम बुलंदशहर, अशोक कुमार सिंह एसडीएम मऊ, विजय यादव एसडीएम महाराजगंज, सुबोध मणि शर्मा एसडीएम प्रतापगढ़, भूपाल सिंह एसडीएम आजमगढ़ और केशव प्रसाद एसडीएम मैनपुरी के नाम शामिल हैं। वहीं 2022 बैच से मोनालिसा जौहरी एसडीएम बहराइच, अभय सिंह एसडीएम मुरादाबाद और तान्या सहायक नगर आयुक्त झांसी का भी स्थायीकरण हुआ है। हालांकि पूर्ण सूची अभी सार्वजनिक नहीं हुई है। अधिकारियों के अनुसार यह कदम प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने और युवा अधिकारियों को प्रोत्साहन देने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

# बीजेपी सरकार ने किया स्वास्थ्य सेवाओं को बर्बाद

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार ने प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है।

यादव ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि इस सरकार के नौ साल में अस्पतालों की दुर्दशा हो गई है। सरकारी अस्पतालों में जरूरी उपकरण, दवाएं और संसाधन नहीं हैं। डॉक्टरों की भारी कमी है। आम जनता मरीजों को सरकारी अस्पतालों में क्वालिटी का इलाज नहीं मिल पा रहा है। मरीजों को अस्पताल तक ले जाने के लिए एम्बुलेंस तक नहीं मिल रही है। अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भाजपा सरकार के सारे दावे झूठे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली को लेकर हर दिन हृदय विदारक खबरें आ रही है। इस सरकार में कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार चरम पर है। दवाओं और अन्य जरूरी उपकरणों की सप्लाई में भारी घालमेल है।

### वोटर लिस्ट पर रखेंगे निगरानी

लखनऊ। चुनाव आयोग द्वारा देश के 12 राज्यों में मतदाता सूची के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआईआर)के दूसरे फेस 4 नवम्बर से शुरू होने की घोषणा के साथ ही सपा ने वोटर लिस्ट निगरानी के लिए बड़ा कदम उठाया है। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए प्रहरी नियुक्त करने का फैसला लिया है। ये पीडीए मतदाताओ के वोट की रक्षा करेंगे।

# गुरु परंपरा ने रक्षा, सेवा, त्याग व बलिदान का संदेश दिया: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु परंपरा ने भारत को केवल आस्था नहीं, बल्कि राष्ट्र की रक्षा, सेवा और बलिदान का आदर्श भी दिया है।

सिख समुदाय की आस्था का प्रतीक 'चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा' के पवित्र जोड़ा साहिब का लखनऊ में भव्य स्वागत हुआ। यह यात्रा सिख समुदाय के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी और माता साहिब कौर के पवित्र जोड़ा साहिब से जुड़ी है, जो सिख आस्था का अत्यंत पवित्र प्रतीक मानी जाती है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस विरासत को अक्षुण्ण रखें और आने वाली पीढ़ियों तक इसकी प्रेरणा पहुंचाएं। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी मौजूद रहे। लखनऊ के यहियागंज गुरुद्वारे में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने गुरुवाणी सुनी और यात्रा सदस्यों को पटुका पहनाकर सम्मानित किया। गुरुद्वारा कमेटी ने योगी को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। योगी ने कहा कि हमारी परंपरा में यह कहा गया है, 'जिथे जाए बहे मेरा सतगुरु, सो थान सुहावा राम राजे।' अर्थात जहां भी गुरु महाराज के पावन चरण पड़ते हैं, वह रामराज्य की तरह पवित्र और पुण्यभूमि बन जाता है।

# नफरत फैलाने वालों पर हो सख्त कार्रवाई: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मुस्लिम लड़कियों को लेकर बीजेपी के पूर्व विधायक के बयान को बताया निदंनीय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले की डुमरियागंज सीट से भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह के विवादित बयान पर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुस्लिम लड़की लाओ, नौकरी पाओ जैसे संकीर्ण और घृणित बयान समाज में नफरत, वैमनस्य और अराजकता फैलाने वाले हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ सरकार को सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए।

सुश्री मायावती ने मंगलवार को एक्स पर लिखा कि यूपी और उत्तराखंड समेत कई राज्यों में धर्म परिवर्तन, लव जिहाद और इस तरह के भड़काऊ नारों के नाम पर कानून को अपने हाथ में लेकर साम्प्रदायिक और जातीय द्वेष फैलाने वाले तत्वों की हरकतें अति-निदनीय हैं। ऐसे असामाजिक व आपराधिक कृत्य संवैधानिक सरकार के लिए खुली चुनौती और खतरा हैं। राज्य सरकारों से अपील की कि वे राज्य की करोड़ों जनता के हित में कानून का राज स्थापित करें और सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों को संरक्षण देने के बजाय उनके खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्रवाई ही व्यापक जन व देशहित में है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### ये कहा था पूर्व बीजेपी विधायक ने

गौरतलब है कि सिद्धार्थनगर के बीते 16 अक्टूबर को सिद्धार्थनगर जिले के भवानीगंज थाना क्षेत्र के धनखरपुर गांव में एक जनसभा का आयोजन किया गया था। जिसमें भाजपा के पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने एक विवादित बयान दे डाला। उन्होंने कहा कि हमारे समाज की दो लड़कियां वो ले गए, तुम मुसलमानों की 10 लड़कियां लाओ।

दो पर 10 से कम मंजूर नहीं हैं और ये घोषित करते हैं जो यह लेकर आएगा, उसके खाने-पीने, नौकरी का इंतजाम हम करेंगे। लेकिन जो यह दो गई हैं, वह हमें पच नहीं रही हैं। मुसलमानों सुन लो, यह हमें पच नहीं रहा है और इसका बदला कुछ भारी होना ही होना है।बयान का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



सेंसेक्स 84628.16
निफ्टी 25936.20



सोना रु. 119164
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 143400
प्रति किलो



# शिखर से फिसला शेयर बाजार, सेंसेक्स-निफ्टी टूटे

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 150.68 अंक (0.18 प्रतिशत) टूटकर 84,628.16 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी आज 29.85 अंक यानी 0.11 प्रतिशत गिरकर 25,936.20 अंक पर रहा। दोनों प्रमुख सूचकांक सोमवार को अब तक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए थे।

मझौली और छोटी कंपनियों पर दबाव कम रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0. 11 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.02 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एनएसई में जिन 3,237 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 1,730 में गिरावट और 1,385 में तेजी रही जबकि 122 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे। रियलिटी, आईटी, एफएमसीजी, ऑटो, तेल एवं गैस, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में गिरावट ज्यादा देखी गई। धातु और सरकारी बैंकों के समूहों में तेजी रही। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 21 के शेयरों में गिरावट और नौ में तेजी रही। ट्रेंट का शेयर सबसे अधिक 1.54 प्रतिशत की गिरावट रही। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 1.05 प्रतिशत, टेक महिंद्रा का 1.03 और बजाज फिनसर्व का 1.00 प्रतिशत टूट गया। महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर में 0.98 प्रतिशत, पावरग्रिड में 0.93, टीसीएस में 0. 90, बजाज फाइनेंस में 0.85, एचसीएल टेक में 0.80, एनटीपीसी में 0.80, एक्सिस बैंक में 0.67, अल्ट्राटेक सीमेंट में 0.62, आईटीसी में 0.57 और हिदुस्तान यूनीलिवर में 0.50 प्रतिशत की गिरावट रही। एशिया में जापान का निक्केई 0.58 फीसदी, हांगकांग का हैंगसेंग 0.33 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.22 फीसदी टूट गया।

### आवासीय बाजार घटती बिक्री और नई आपूर्ति के बीच स्थिर: रिपोर्ट

**कोलकाता।** भारतीय आवासीय बाजार घटती बिक्री और नई आपूर्ति के बीच स्थिर होता दिख रहा है, जबकि वाणिज्यिक कार्यालय रियल एस्टेट क्षेत्र शीर्ष सात शहरों में लगातार बढ़ रहा है। एनारोक के नवीनतम शोध आंकड़ों से पता चलता है कि मासिक कार्यालय किराया 2024 के नौ महीनों के लगभग 85 रुपए प्रति वर्ग फुट की तुलना में वर्ष 2025 में लगभग 90 रुपए प्रति वर्ग फुट हो जाएगा, जो सालाना छह प्रतिशत की वृद्धि है। शीर्ष सात शहरों में नए कार्यालयों के निर्माण में वृद्धि के बावजूद, औसत रिक्तियों के स्तर में मामूली तीन प्रतिशत की वार्षिक गिरावट देखी गई, जो 2024 के नौ महीनों में 16.70 प्रतिशत से घटकर 2025 के नौ महीनों में 16.20 प्रतिशत हो गया। चेन्नई एकमात्र ऐसा शहर है जिसने शीर्ष कार्यालय शहरों में एकल- अंकीय कमी दर्ज की है। आयात शुल्क, भू-राजनीतिक तनाव और आईटी क्षेत्रों में छंटनी जैसी वैश्विक चुनौतियों का शीर्ष शहरों में कार्यालय स्थान की मांग पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा है।

### सोना 1913 और चांदी 1,631 रुपये हुए सस्ते

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में मंगलवार को गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए)के अनुसार सोने की कीमत 1,913 रुपए घटकर 1,19,164 पर आ गई है। इससे पहले इसके दाम 1,21,077 रुपए प्रति 10 ग्राम थे। वहीं चांदी 1,631 रुपए गिरकर 1,43,400 प्रति किलोग्राम हो गई। कल इसकी कीमत 1,45,031 प्रति किलोग्राम थी।

सोने की कीमत पिछले 8 दिनों में 10,420 रुपए घटकर आज 1,19,164 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गई है। 19 अक्टूबर को इसकी कीमत 1,29,584 रुपए के अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई थी। वहीं चांदी 1,69,230 रुपए प्रति किलो से गिरकर 1,43,400 रुपए पर आ गई है। ये 25,830 रुपए सस्ती हुई है। दवाली जैसे फेस्टिवल के बाद भारत में सोने-चांदी की खरीदारी का सिलसिला थम गया। इससे सोना-चांदी की डिमांड में कमी आई है। ग्लोबल टेंशन के कम होने से इसमें गिरावट आई है। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें।

### उप्र में घरेलू यात्रियों में 15.7 और एयर कार्गो में 19.1 प्रतिशत का आया उछाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी और यात्री संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। अप्रैल से अगस्त के बीच प्रदेश के हवाई अड्डों पर यात्रियों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में 14.6 प्रतिशत बढ़कर 60.02 लाख हो गई है। वहीं इस दौरान भारत के कुल हवाई यातायात में राज्य की हिस्सेदारी 3.52 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो 2024 की तुलना में 34 बेसिस पॉइंट्स अधिक है।



अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को कहा कि साफ है कि अब देश के हर 30 में से एक हवाई यात्री उत्तर प्रदेश से यात्रा कर रहा है। साल 2016.17 में जहां उत्तर प्रदेश के हवाई अड्डों से 59.97 लाख यात्री यात्रा करते थे, वहीं 2024.25 में यह संख्या बढ़कर 142. 28 लाख तक पहुंच गई। इनमें 129.29 लाख घरेलू और 12.99 लाख अंतरराष्ट्रीय यात्री शामिल रहे। इस दौरान राज्य का कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट 10.1 प्रतिशत रहा, जो एविएशन सेक्टर में तेजी से बढ़ती मांग को दर्शाता है। कोविड-19 महामारी के दौरान 2020-21 में यात्री संख्या 48. 35 लाख तक गिर गई थी, लेकिन यूपी ने सबसे तेज रिकवरी दिखाई। महज दो वर्षों में यात्रियों की संख्या दोगुनी हो गई, जो राज्य की मजबूत हवाई नीति और बेहतर प्रबंधन का प्रमाण है। 2023.24 की तुलना में 2024.25 में हवाई यात्रियों की संख्या में 25.9 प्रतिशत का ग्रोथ दर्ज किया गया है, जबकि 2023.24 और 2024.25 में अप्रैल.अगस्त माह के बीच कंपैरिजन करें तो यह ग्रोथ 14.6 प्रतिशत रही। इस दौरान घरेलू यात्रियों में 15.7 प्रतिशत और इंटरनेशनल पैसेंजर्स की संख्या में 4.3 फीसदी ग्रोथ दर्ज की गई। राज्य के कई शहरों ने इस ग्रोथ में अहम योगदान दिया है।

### महागठबंधन के लिए वोट मांगेगे अखिलेश यादव और डिंपल

**लखनऊ।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए वर्सेस इंडिया गठबंधन की चुनावी लड़ाई अब बेहद दिलचस्प होने जा रही हैं। जहां एक तरफ यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ चुनाव प्रचार में कूद पड़े हैं, तो वहीं समाजवादी पार्टी के मुखिया भी बिहार चुनाव प्रचार को धार देने बिहार पहुंच रहे हैं।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**बड़ा फैसला:...**

रखकर बढ़ाई जाती है। इसके बाद डीए फिर से धीरे-धीरे बढ़ता है। आयोग 18 महीने में अपनी सिफारिशें देगा और जरूरी होने पर सरकार को अंतरिम रिपोर्ट भी दे सकता है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, आयोग अपनी रिपोर्ट तैयार करते समय देश की आर्थिक स्थिति और राजकोषीय सुझबूझ का ध्यान रखेगा, ताकि सरकारी खजाने में विकास और जनकल्याण के लिए संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता भी बनी रहे। आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें पहली जनवरी 2026 से लागू किए जाने की उम्मीद है, क्योंकि हर दस साल में वेतन आयोग की सिफारिशें संशोधित की जाती हैं और पिछले वेतन आयोग की सिफारिशें एक जनवरी 2016 से लागू हुई थीं। आयोग को सरकार की ऐसी पेंशन योजना के लिए वित्त के बारे में भी सिफारिश करने को कहा गया है, जिसमें कर्मचारियों को कोई अंशदान नहीं करना पड़ता है। आयोग अपनी सिफारिश करते समय राज्यों की राजकोषीय स्थिति पर भी ध्यान देगा, क्योंकि उन्हें भी केंद्रीय आयोग की सिफारिशों के आधार पर अपने कर्मचारियों और अधिकारियों के वेतनमानों में सुधार करने होते हैं। आयोग केंद्रीय उपक्रमों और निजी क्षेत्र में लागू वर्तमान वेतनमानों, अन्य लाभों और कार्य की शर्तों को भी ध्यान में रखेगा। सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन की सैद्धांतिक मंजूरी इसी वर्ष जनवरी में दी थी।

### एसआईआर पर सवाल उठाने वाले लोकतंत्र के दुश्मन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि चुनाव आयोग द्वारा 12 राज्यों में मतदाता सूची के एसआईआर की पहल लोकतंत्र को मज़बूत करने वाली नेक कवायद है और जो राजनीतिक दल इस प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं, वे दरअसल लोकतंत्र के असली दुश्मन हैं। मौर्य ने मंगलवार को एक्स पर लिखा-वंशवादी दलों की पूरी राजनीति चुनावी फर्जीवाड़े पर टिकी है। इसलिए जब भी कोई सुधारात्मक कदम उठाया जाता है, वे सबसे ज्यादा हल्ला मचाते हैं। मतदाता सूची को पारदर्शी और त्रुटिहीन बनाना लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत करता है और इससे केवल ईमानदार राजनीति को ही लाभ होगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अब राज्य में जंगलराज की यादें मिट रही हैं।

# सरकार अग्निवीरों के साथ कर रही है धोखा: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

■ सरकार जवानों के साथ सही नहीं कर रही

कांग्रेस ने सरकार पर अग्निवीरों के साथ धोखा करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि पहले सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें सरकारी नौकरी देने का वादा किया गया था, लेकिन अब गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर बताया है कि रिटायर अग्निवीरों को देश की टॉप दस प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसियों में रखा जाएगा।


कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के प्रमुख कर्नल रोहित चौधरी ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में अधिसूचना को अग्निवीरों के साथ धोखा बताया और कहा कि यह योजना देश की सुरक्षा और युवाओं के लिए घातक है इसलिए इस योजना को खत्म किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार हमारे जवानों के साथ सही नहीं कर रही है। ये साफ तौर पर देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ हो रहा है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से पहले ही 'जय जवान अभियान' चलाया था और अब 'जय जवान अभियान' का दूसरा भाग चल रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार कह रहे हैं कि देश को कम प्रशिक्षित सैनिक दिए जा रहे हैं और मोदी सरकार सैनिकों की पेंशन काटकर अपने पूंजीपति मित्रों की तिजोरी भर रही है। कर्नल चौधरी ने कहा कि हम सभी वचनबद्ध हैं कि अग्निवीर योजना देश की सुरक्षा और युवाओं के लिए घातक है, ये खत्म होनी चाहिए।

अब गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी की है, जिसमें बताया गया है कि रिटायर होने वाले अग्निवीरों को देश की टॉप 10 प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसी में रखा जाएगा। उन्होंने सवाल किया कि मोदी सरकार ने सिर्फ 25 प्रतिशत अग्निवीरों को स्थाई किया है, तो बाकी वापस लौटकर क्या भाजपा दफ्तर या किसी कंपनी के बाहर दरबान की नौकरी करेंगे। क्या अग्निवीर अब अडानी डिफेंस के अंदर जाएंगे और वहां जाकर एक प्राइवेट आर्मी की तरह काम करेंगे। मोदी सरकार से हमारा सवाल है कि जब अग्निवीरों को पेंशन वाली नौकरी और केंद्र, राज्य की नौकरियों में शामिल करने का वादा किया गया था तो आज उन्हें प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसी में क्यों भेजा जा रहा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

# शेरकोट में बंद मकानों को चोरों ने खंगाला

## 50 हजार की नकदी व जेवरात चोरी, पुलिस के साथ फॉरेंसिक टीम ने किया निरीक्षण







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शरकोट।** मकान स्वामियों की अनुपस्थिति में चोरों ने चार मकानों के ताले तोड़कर दो मकानों से लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण सहित हजारों रुपये की नकदी व अन्य सामान चोरी कर ले जाने से आसपास के क्षेत्र में हडकंप मच गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ फॉरेंसिक टीम ने घटना का बारीकी से निरीक्षण किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला खुराडा निवासी शाकिर पुत्र साबिर सऊदी अरब में रहता है, जबकि उसकी पत्नी रुकसाना अपने बच्चों के साथ घर रहती है। बताया जाता है कि रुकसाना बीती रात घर से लगभग 20 मीटर दूरी पर ही स्थित अपनी मां के गई हुई थी और घर पर ताला लगा हुआ था। रात्रि किसी समय चोर मकान के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ कर घर मे घुस गए और सोने-चांदी के जेवर सहित लगभग 50 हजार की नगदी, तीन मोबाइल व अन्य सामान चोरी कर ले गए। घटना की सूचना पीड़िता को सुबह हुई जब उसके पिता नमाज पढ़कर लौट रहे थे और उन्होंने मुख्य दरवाजे का ताला टूटा देखा। घटना का पता चलते ही पुलिस को सूचना दी।

वहीं नगर के खुराडा निवासी इरशाद व नौशाद पुत्रगण स्व. रमजानी रोजगार के सिलसिले में पूना गये हुए है। मकान में उनकी मां फूल जहां शनिवार को एक शादी समारोह में ग्राम मानियावाला गयी हुई थी। बीती रात चोरों ने उसके गेट का ताला तोड़कर उसके घर में रखा पायल, टीका, झाले सहित 7 हजार रुपये की नकदी चोरी कर रफुचक्कर हो गये।

उधर नगर के काजी सराय निवासी अमीर अहमद के आसपास दो मकान है। बीती रात अमीर अहमद का परिवार दूसरे मकान में सो रहा था। बंद मकान के ताले तोड़कर चोरी का प्रयास, लेकिन कोई सामान चोरी नहीं हुआ जबकि कमरे का सामान बिखरा हुआ था। वहीं नगर की दिलशाद कालोनी में कुछ ही दिन पूर्व घर बनाकर उसमें घर का सामान रखकर रहने की तैयारी कर रहा था। चोरों ने उसके गेट का भी ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया।

चोरी की घटनाओं की सूचना पर एसओ वीरेंद्र कुमार सहित फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गयी। चोरी की घटनाओं से नगर व आस-पास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

### तीन नकाबपोश चोर सीसीटीवी कैमरों में कैद

**शेरकोट।** बीती रात बंद मकान में लाखों रुपये की चोरी के उद्देश्य से तीन नकाबपोश चोर आस-पास घूमते दिखाई दे रहे है। जो मकान के करीब मस्जिद के पीछे से तीन अज्ञात चोर आते व जाते दिखाई दे रहे है। घनी बस्ती में हुई चोरी से लोगों को चिंता सता रही है।

### चोरियों का खुलासा न होने पर आक्रोश

**शेरकोट।** लगभग चार सप्ताह पूर्व नगर के मौहल्ला हकीमान निवासी अनवर के बंद मकान में नकाबपोश चोरों ने मेन गेट का ताला तोड़कर घर में घुसकर अंदर कमरे में रखी अलमारी से 15 हजार रुपयों सहित एक सोने की चेन, एक अंगूठी व चांदी की चार अंगूठी तथा कपड़े आदि चोरी कर ले गये थे। जिसका अभी तक कोई खुलासा नहीं हो पाया है। जबकि मकान के करीब सीसीटीवी कैमरों मे तीन नकाबपोश चोर दिखाई दिये थे और दिलशाद कालोनी में भी चोरों ने चोरी का प्रयास किया था, लेकिन असफल रहे थे।

# छोटे गन्ना किसानों का उत्पीड़न

## दलालों की वजह से कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित

**विशाल खटीक**

**मंडावर।** आगामी गन्ना पेराई सत्र से पहले थाना क्षेत्र के गन्ना उत्पादक गांवों में छोटे एवं लघु कृषकों की समस्याएं फिर से उजागर हो रही हैं।

उत्तम शुगर मिल से जुड़े ग्रामों में कुछ प्रभावशाली दलालों की सक्रियता के कारण सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक नहीं पहुंच पा रहा है। पीड़ित किसानों ने **'शाह टाइम्स'** के माध्यम से गन्ना विभाग और शुगर मिल अधिकारियों से मांग की है कि मिल से जुड़े कर्मचारी ग्राम में केवल ग्राम प्रधान के आवास पर ही बैठ कर कार्य करें, ताकि दलालों पर अंकुश लगे और छोटे किसानों का उत्पीड़न तत्काल रोका जा सके। क्षेत्र के ज्यादातर ग्रामों के किसान उत्तम शुगर मिल के लिए गन्ना आपूर्ति करते हैं। यहां पिछले कुछ समय से कुछ सफेदपोश दलालों की अधिकता देखी जा रही है, जो शुगर मिल के चर्चित कर्मचारियों से सांठगांठ रखते हैं। यह दलाल गन्ना सर्वे, पर्ची वितरण और अन्य मिल संबंधित कार्यों में हस्तक्षेप करते हैं। गांव में आने वाले कर्मचारियों या सुपरवाइजरों को ये लोग अपने घरों या बैठकों तक सीमित कर लेते हैं। जहां उनको जलपान कराया जाता है। नतीजतन छोटी जोत वाले गरीब किसान अपनी पर्ची या अन्य कार्यों के लिए परेशान होते हैं। उन्हें या तो विभागीय कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते हैं या इन दलालों की चापलूसी करनी पड़ती है। पीड़ित किसानों का कहना है कि गन्ना एवं कृषि विभाग की कई कल्याणकारी योजनाएं, जैसे सब्सिडी, बीमा या अन्य सहायता, इन दलालों के कारण बीच में ही अटक जाती हैं। छोटे किसान मिल पर्ची के लिए महीनों इंतजार करते हैं, जबकि दलालों के करीबी तुरंत काम करवा लेते हैं। एक स्थानीय किसान ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इन दलालों की वजह से शुगर मिल से जुड़े कार्यों के लिए उन्हें परेशान होना पड़ता है। किसानों ने शासन के आदेशों का हवाला देते हुए मांग की है कि शुगर मिल से जुड़ा कोई भी कर्मचारी या सुपरवाइजर गांव में ग्रामीणों द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि, यानी ग्राम प्रधान के आवास पर ही बैठकर समस्याओं का निदान करें। इससे पारदर्शिता आएगी। दलालों की मनमानी रुकेगी और छोटे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।

आगामी पेराई सत्र में इस व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाए, ताकि गरीब किसानों का उत्पीड़न हमेशा के लिए बंद हो।

### छोटे किसानों का गन्ना खरीद रहे बड़े किसान

**बिजनौर।** जनपद में गन्ना माफिया ज्यादा सक्रिय हो गए है। यह जरूरतमंद किसानों का खेतों में खड़ा गन्ना सस्ते दामों पर खरीद लेते है। इनके द्वारा जरूरतमंद किसानों को रुपए दे दिए जाते है। बाद में यह चीनी मिल के चलने पर इस गन्ने को कटवा कर अपने नाम के सट्टे पर डलवा देते हैं। इनकी सप्लाई की पर्चियां काफी ज्यादा हो चुकी हैं। हालांकि गन्ना विभाग के द्वारा चीनी मिलों के संचालन से पूर्व मौके पर सर्वे भी कराया जाता है। लेकिन यह सब कागजों में होता है। बड़े किसान इतने ज्यादा हावी हो चुके है कि उनका कोई काम नहीं रूक पाता है। वह मोटा मुनाफा कमा रहे है। छोटे किसानों की मजबूरी का पूरा फायदा उठाया जा रहा है।

# सरदार पटेल की जयंती मनाने के लिए भाजपाईयों की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती मनाने के लिए भाजपाइयों की विधानसभा बैठक आयोजित करते हुए हुए रूपरेखा तैयार की गई। 31 अक्टूबर को चित्र पर पुष्प अर्पित व 21 नवंबर को पदयात्रा निकाली गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार झालू मार्ग पर भाजपाईयो की विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई। जिसमें 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र के सम्मुख प्रत्येक बूथ पर पुष्प अर्पित किए जाएंगे। इसके अलावा 21 नवंबर को गांव खंडसाल से आठ किलोमीटर की पदयात्रा निकाली जाएगी। पदयात्रा खंडसाल से शुरू होकर बलराम कुंवर सिंह विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आकर संपन्न होगी।

बैठक में मुख्य अतिथि डॉ. दीप सौरव, अतुल मारवाड़ी, शोभित त्यागी, अनिल सिंह तिलक सैनी, राकेश चौधरी ब्लॉक प्रमुख, वैभव गोयल, राकेश सैनी, उमेश चौहान प्रशांत वर्मा, राहुल चौधरी, पवन दत्त, राजीव अहलावत, सुभाष शर्मा, सावन वाल्मीकि, आलम शेख, शुभम रस्तोगी, हिमांशु पाराशार, गौरव चौहान, राजीव चौहान, कुल. वीर चौधरी आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने किया गंगा कार्तिक मेले का स्थलीय निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा विदुर कुटी गंगा घाट पर कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले को सुव्यवस्थित, शांतिपूर्वक और सुविधाजनक रूप से संपन्न करने के लिए विदुर कुटी स्थित पुस्तकालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को निर्देशित किया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुख सुविधाओं, सुरक्षा व मेले में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने अपर मुख्य अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि मेले में पॉलिथीन का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित कराएं तथा मेले में समस्त प्रमुख स्थान पर सीसीटीवी कैमरे तथा वॉच टावर भी स्थापित करें। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप चौधरी ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला पौराणिक धार्मिक पर्व है, जो हमें गंगा-जमुनी तहजीब की सीख देता है। उन्होंने कहा कि गंगा किनारे लगने वाले इस मेले की शुरुआत तम्बुओं से होती है, इसलिए इसे तंबुओं का शहर कहा जाता है। विदुर कुटी घाट पर चलने वाले इस मेले में लाखों लोग तम्बू लगाकर अपने परिवार सहित गंगा के तट पर निवास करते हैं और आस्था की डुबकी लगाते हैं।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने बताया कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं, जिनमें सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा तथा मेले के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे, सर्च लाइट सहित टॉवर्स स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन के अंतर्गत एनडीआरएफ टीम मेला स्थल पर ही मौजूद रहेगी। इसके अलावा गौताखोर सहित और शक्तियों की भी पर्याप्त संख्या में व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि मेला स्थल पर पांच बिस्तरों का अस्थाई अस्पताल स्थापित किया गया है, जो श्रद्धालुओं की सेवा के लिए 24 घंटे संचालित रहेगा। उन्होंने बताया कि अस्पताल में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की पूरी टीम उपलब्ध रहेगी और किसी भी आपातकालीन स्थिति के लिए मेला स्थल पर एंबुलेंस की सुविधा भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने मेले के दौरान यातायात को सुचारू रूप से संचालित रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं और बैरीकेटिंग आदि द्वारा वाहनों के आवागमन को सुगम बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस बल को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और शौचालय की सुविधा के लिए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को आवश्यक निर्देश निर्गत किए जा चुके हैं। उन्होंने मेला अधिकारी को निर्देशित किया कि मेले में स्वच्छता बनाए रखने के लिए स्थान चिन्हित कर वहां नगर पालिका एवं पंचायत राज विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर समुचित संख्या में कूड़ेदान रखवाएं तथा ससमय उनका उठान भी कराएं। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य जिम्मेदारी के साथ करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर श्रीमती रितु चौधरी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत विकास मिश्रा, सिंचाई, स्वास्थ्य, अग्नि सुरक्षा, पुलिस, पंचायतराज सहित अन्य विभाग के अधिकारी, जिला पंचायत सदस्य, जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

# गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर निकली दूसरी प्रभातफेरी

**नगीना।** सिक्खों के आस्था के प्रतीक श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में गुरुद्वारा संत सभा नगीना द्वारा 27 अक्टूबर से 02 नवंबर तक प्रभात फेरियां निकाली जा रही हैं। इस क्रम में मंगलवार को दूसरी प्रभात फेरी सभी संगतों के सहयोग से बहुत ही श्रद्धा के साथ निकाली गई। प्रभात फेरी में संगत शब्द कीर्तन करते हुए गुरुद्वारा संत सभा नगीना से प्रारंभ होकर मंडी मोल गंज, लुहारी सराय, बड़ा मंदिर, विश्नोई सराय होकर लक्ष्मी नगर स्थित पूजा चोपड़ा के निवास पर गई। प्रभात फेरी का रास्ते में जगदीप ठकराल द्वारा अपने प्रतिष्ठान पर मिष्ठान प्रसाद आदि का वितरण कर स्वागत किया गया। वहां से चलकर प्रभातफेरी लक्ष्मी नगर स्थित पूजा चोपड़ा के निवास पर पहुंची जहां परिवार द्वारा पुष्प वर्षा कर प्रभात फेरी का स्वागत किया गया। शब्द कीर्तन, अरदास एवं प्रसाद वितरण के बाद प्रभात फेरी मोहल्ला कस्बा, शाहजहीर, अंबेडकर कॉलोनी होते हुए वापस गुरुद्वारे आकर पूर्ण हुई। प्रभातफेरी में मुख्य रूप से प्रधान गुरुद्वारा संत सभा नगीना सरदार केवल पाल सिंह, गुरु घर के ज्ञानी भाई तारा सिंह, सरदार हरमीत मल्होत्रा, मनमीत सिंह, जगप्रीत सिंह, निशांत सिंह, दीपक मल्होत्रा, हरदयाल सिंह सोढ़ी, मनोज टंडन, प्रीति टंडन, दयाराम, रमिंदर कौर, अवनीत कौर, पूजा चोपड़ा, शक्ति चोपड़ा, शिव चोपड़ा, अनिल शर्मा, राजकुमार सेठी, प्रहलाद कुशवाहा, गौरव अग्रवाल, अरुण शर्मा, जगदीप ठकराल, अंश ठकराल, हर्ष ठकराल आदि अनेकों श्रद्धालु शामिल रहे।

## सही सर्वे के आधार पर टिकट दिए जाने की वजह से

# आठों सीटों पर जितेगा सपा गठबंधन





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के द्वारा अगर पिछले विधानसभा चुनाव से सबक लेते हुए सही सर्वे के आधार पर टिकट दिए जाएंगे, तो संभव है कि जनपद की आठों सीटों पर सपा गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत होगी। जनपद में सपा गठबंधन के पक्ष में माहौल बनता हुआ दिखाई दे रहा है।

गौरतलब है कि पिछले विधानसभा चुनाव में सपा गठबंधन ने जनपद के आठ विधानसभा क्षेत्रों में से नजीबाबाद, नगीना, नूरपुर व चांदपुर में जीत दर्ज की थी। जबकि धामपुर व नहटौर में उसके प्रत्याशी मामूली वोटों के अंतर से हार गए थे। बिजनौर विधानसभा क्षेत्र में भी बहुत कम वोटों से गठबंधन के प्रत्याशियों की हार हुई थी। अगर पिछले विधानसभा चुनाव को गंभीरता से लिया जाता और सही प्रत्याशियों को टिकट दिए जाते, तो आठों सीटों पर रिकार्ड वोटों से जीत हुई होती। सूत्रों का कहना है कि आगामी विधानसभा चुनाव में भी सपा गठबंधन के पक्ष में माहौल बनता हुआ दिखाई दे रहा है। वर्तमान में बिजनौर, धामपुर, बढ़ापुर एवं नहटौर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के विधायक है। सूत्रों का कहना है कि भाजपा पिछले विधानसभा चुनाव में अपने दो विधायकों के टिकट काटने जा रही थी। लेकिन स्वामी प्रसाद मौर्य के द्वारा बगावत कर देने की वजह से हालात बदल गए थे और भाजपा ने इन दोनों विधायकों के टिकट नहीं काटे थे। दोनों ही हारने से बाल-बाल बचे थे। सूत्रों का कहना है कि आगामी विधानसभा चुनाव में इन दोनों विधायकों के टिकट कटने की प्रबल संभावना है। सूत्रों का कहना है कि टिकटों के वितरण को लेकर सपा को भी अपनी रणनीति बदलनी होगी। नए व मजबूत चेहरों पर दांव लगाना होगा। जनता के बीच रह कर उनकी समस्याओं को सुनने एवं उनका समाधान कराने से बचने वाले विधायकों के टिकट सपा हाईकमान को काटने पड़ेंगे। चांदपुर के सपा विधायक स्वामी ओमवेश तो पहले ही चुनाव न लड़ने का ऐलान कर चुके है। यह उनका अच्छा फैसला है। क्योंकि वह मामूली वोटों के अंतर से चुनाव जीते थे और इस बार उनका क्षेत्र में विरोध है। यहां पर पार्टी को सर्वे के आधार पर नए चेहरे की तलाश करनी होगी। साथ ही अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी पार्टी को पूरी ईमानदारी के साथ सही सर्वे कराना होगा। सर्वे करने वाले पूरी तरह से निष्पक्ष होने चाहिए और पारदर्शिता के साथ सर्वे किया जाना चाहिए। अगर किसी के साथ मिलीभगत कर सर्वे को मैनेज किया गया, तो इससे सपा को ही भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। जनपद की जनता ज्यादातर सीटों पर नए प्रत्याशियों को देखना चाहती है। प्रत्याशियों के चयन में जातीय समीकरणों को भी ध्यान में रखा जाना फायदेमंद रहेगा। अगर बिना जातीय समीकरणों के महज सिफारिशों व लामबंधी के आधार पर टिकट बांटे गए, तो जीत काफी दूर हो जाएगी।

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी के द्वारा वोट चोरी को लेकर जिस तरह से भाजपा सरकार व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला जा रहा है, उससे आम जनता प्रभावित हो रही है। जनता बदलाव चाहती है। भाजपा लम्बे समय से सत्ता में है। जाति व धर्म के आधार पर वोट मांगना भाजपा की पहचान बन चुकी है। जनता इसे पसंद नहीं कर रही है। जनता को विकास एवं शांति व सौहार्द पसंद है। आम जनता का मानना है कि सपा सरकार में रिकार्ड विकास कार्य कराए गए थे। जाति व धर्म के आधार पर माहौल खराब करा कर वोटों का ध्रुवीकरण नहीं किया गया था। सूत्रों का कहना है कि आगामी विधानसभा चुनाव से पूर्व की तरह वोटों का ध्रुवीकरण किए जाने के लिए बिसात बिछाई जा सकती है। बसपा अध्यक्ष मायावती को भाजपा मजबूत देखना चाहती है, ताकि वह दलितों के वोटों को सपा व कांग्रेस की तरफ जाने से रोक सके। अगर सपा व कांग्रेस की तरफ दलित वोट ज्यादा तादाद में जाते है, तो उसके प्रत्याशियों की रिकार्ड तोड़ वोटों से जीत होगी। सूत्रों का कहना है कि भाजपा इसी से परेशान है। सपा गठबंधन के प्रत्याशियों पर भाजपा की पूरी नजर है। सूत्रों का कहना है कि भाजपा नहीं चाहती है कि सपा का पीडीए फार्मूला सफल हो। क्योंकि अगर सपा पीडीए फार्मूले पर चल कर ज्यादा से ज्यादा दलितों व पिछड़े हिंदू समाज के प्रत्याशियों को उतारती है, तो इससे भाजपा को भारी नुकसान होगा। सपा के द्वारा पीडीए को लेकर जो मुहिम चलाई जा रही है, उसके अच्छे परिणाम सामने आ रहे है। सपा जिला अध्यक्ष जाकिर हुसैन व उनकी टीम जनपद में जगह-जगह पीडीए सम्मेलन कर रही है। बड़ी संख्या में पीडीए समाज सपा से जुड़ रहा है। यह सपा के लिए अच्छे संकेत हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की मेहनत भी रंग ला रही है। उनके द्वारा जिस तरह से लगातार खुलासे किए जा रहे है, उससे भाजपा सरकार कटघरे में खड़ी हो रही है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि सर्वे के आधार पर अगर टिकट दिए गए, तो जनपद की आठों सीटों पर गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत होगी। सपा कार्यकर्ता भी मैदान में नए चेहरे देखना चाहते है।

## एक नजर

### सीडीओ पूर्ण बोरा का ट्रांसफर



**बिजनौर।** मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा का ट्रांसफर हो गया है। उन्हें वाराणसी विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि गाजियाबाद के अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रणविजय सिंह को जनपद का नया मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है।

### शादाब सहित चार गिरफ्तार

**बिजनौर।** शहर कोतवाली में मौहल्ला बुखारा बख्शीवाला निवासी आकिब पुत्र इस्लामुद्दीन ने 24 अक्टूबर को तहरीर दी थी कि 18 अक्टूबर को अज्ञात अभियुक्तों के द्वारा उसकी पत्नी के बैग से सोने व चांदी के जेव. रात चोरी कर लिए गए है। तहरीर के आधार पर शहर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 905/25 धारा 305 ए व 317 (2) बीएनएस में पंजीकृत किया था। मुकदमा अज्ञात अभियुक्त के खिलाफ पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान फुरकान पुत्र अब्दुल गफूर निवासी कस्बा झालू, इकबाल पुत्र शम्मी निवासी ग्राम भोगनवाला, शादाब पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम भोगनवाला एवं राकेश पुत्र देवीचंद निवासी सिविल लाइन के नाम प्रकाश में आए थे। पुलिस ने चोरों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त फुरकान व राकेश का आपराधिक इतिहास है। पुलिस ने इनके पास से सोने व चांदी के जेवरात भी बरामद किए है।

### मीडिया प्रभारी ने सुनी समस्याएं



**नजीबाबाद।** भाकियू (प्रधान) के मंडल मीडिया प्रभारी रामोद कुमार ने ग्राम भटौली में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनका समाधान कराने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, पानी और किसानों की परेशानियों को प्रमुखता से उठाया। संगठन पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नजीबाबाद ब्लॉक के वार्ड नंबर पांच से जिला पंचायत सदस्य के चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की और आगामी रणनीति तय की। मंडल मीडिया प्रभारी ने कहा कि संगठन मजबूत रूप से चुनाव मैदान में उतरेगा और जनता के मुद्दों को प्राथमिकता देगा। इस अवसर पर डॉ. नरदेव सिंह, कालेन्द्र चौधरी, रणजीत सिंह, प्रमोद कुमार, जगदीश प्रसाद, तारा सिंह प्रजापति, करण सिंह सहित अन्य ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### हाफिज अनवार का इंतकाल






**अफजलगढ़।** समीपवर्ती ग्राम सीरवासुचन्द निवासी हाफिज अनवार आलम व मानियावाला निवासी मौहम्मद आसिफ अन्सारी (28 वर्ष) पुत्र सईद अहमद का लम्बी बीमारी के बाद इंतकाल हो गया। दोनों के इंतकाल की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में गम की लहर दौड़ गई। हाफिज अनवार आलम अपने हंसमुख स्वभाव, मिलनसार अंदाज और प्यारे कलाम के लिए बेहद लोकप्रिय थे। वह हर महफिल की रौनक माने जाते थे। उनका अंदाज-ए-बयां और मजाकिया लहजा लोगों को हमेशा मुस्कुराने पर मजबूर कर देता था। ग्रामीणों ने बताया कि हाफिज अनवार आलम एक नेकदिल, सच्चे और हर दिल अजीज इंसान थे। समाजसेवा में उनकी गहरी रुचि थी और वे हमेशा लोगों की मदद के लिए आगे रहते थे। उनके इंतकाल से गांव ही नहीं, बल्कि पूरे इलाके ने एक ऐसी शख्सियत खो दी, जिसने अपनी मुस्कान और अदब से सबके दिलों में जगह बनाई थी। जबकि मौहम्मद आसिफ अन्सारी सऊदी अरब में फैमली ड्राइवर का कार्य करता था। किडनी फेल हो जाने के कारण वह इलाज के लिए दो सप्ताह पूर्व छुट्टी लेकर अपने घर आया हुआ था।

### सपा की मासिक बैठक एक को

**बिजनौर।** सपा की मासिक बैठक एक नवम्बर को सुबह 11 बजे पार्टी के जिला कार्यालय में होगी। जिसमें संगठन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। कार्यालय प्रभारी अहमद खिजर खान ने सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से बैठक में शामिल होने का आह्वान किया है।

### कल्हेड़ी में एक नवम्बर से सालाना उर्स



**जलालाबाद।** निकटवर्ती गांव कल्हेड़ी में आगामी एक नवंबर से हजरत शाह विलायत का त्रिदिवसीय सालाना उर्स शुरू होने जा रहा है। यह जानकारी देते हए उर्स इंतजामिया कमेटी के सीनियर मेंबर हाजी शाकिर अंसारी ने बताया कि उर्स में कई मशहूर कव्वाल सूफियाना कलाम पेश करेंगे। इस मौक पर लगातार तीन दिन तक फ्री लंगर भी चलेगा।

### नवेद फरीदी पर्यवेक्षक बनाए गए

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (व्यापार प्रकोष्ठ पश्चिमी जोन) के चेयरमैन विनोद बंसल ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार बिहार से इण्डिया गठबंधन के विधानसभा प्रत्याशियों के समर्थन में व्यापार प्रकोष्ठ की कमेटी गठित की है। यह कमेटी बिहारी के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापारियों के बीच जाकर समर्थन प्राप्त करने का प्रयास कर इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगी। इस कमेटी में नजीबाबाद के मौहल्ला जाब्तागंज निवासी कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मौहम्मद नवेद फरीदी को बिहार की बरारी विधानसभा क्षेत्र का पर्यवेक्षक बनाया गया है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# दो ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर में चार गंभीर घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** नेशनल हाईवे पर दो ट्रकों की आमने-सामने की भिडंत में चार लोग गम्भीर रुप से घायल हो गयें, जिन्हें सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सीएचसी धामपुर भिजवाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती देर रात्रि लगभग 1:30 बजे नेशनल हाईवे पर वन वे चलने के कारण दो ट्रकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गयी। जिसमें दोनों ट्रकों में सवाल चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

बताया जाता है की मौहम्मद साहिल, रियाजुद्दीन निवासी थाना केमरी जनपद रामपुर काशीपुर की ओर जा रहे थे तथा दूसरे ट्रक में सवार जितेंद्र रुड़की से अफजागढ़ की ओर से आ रहा था। ट्रक में एक अलीम नाम का व्यक्ति भी मौजूद था। जैसे ही वह मुबारकपुर कुंडा के निकट पहुंचे तो हाईवे वनवे में चलने के कारण दोनों में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें चारों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से चारों घायलों को सीएचसी धामपुर भिजवाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चारों घायलों को बिजनौर रैफर कर दिया गया है।

# घोसियोवाला में खेलकूद प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** ग्राम के स्कूल में खेल प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम घोसियोवाला के निकट मैदान में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ, अध्यक्षता कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी, अल्हैपुर एवं मुख्य अतिथि थाना अध्यक्ष की उपस्थिति में मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम न्याय पंचायत हाफिजाबाद में स्थित स्कूल के शिक्षक संकुल इस्तेहसान अहमद, नरेंद्र सिंह, संजीव कौशिक एवं ब्लॉक अध्यक्षा श्रीमती अर्चना सिंह के दिशा-निर्देशन में कार्यक्रम का कुशल संचालन मयंक कुमार चौहान ने किया। सर्वप्रथम बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, तत्पश्चात खेल प्रशिक्षक जोगिंदर सिंह, श्रीमती बीना, श्रीमती संजू देवी, राजीव कुमार इत्यादि के नेतृत्व में बच्चों ने विभिन्न स्पर्धाओं यथा दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, खो-खो, कबड्डी, जिम्नास्टिक, योगासन आदि में उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। खेलों के सफलतापूर्वक आयोजन एवं कार्यक्रम की समस्त व्यवस्था में श्रीमती उर्मिला देवी, खालिद, रामप्रसाद, श्रीमती संगीता देवी, प्रदीप कुमार, वीरेंद्र कुमार, अमित सिसौदिया, श्रीमती सुनीत कौर,



## स्पोर्ट्स सेल्फी प्वाइंट रहा आकर्षण का केंद्र

श्रीमती रेनू, श्रीमती विनीता, श्रीमती लीना सिंह, दीपक, बुकरम, श्रीमती बबीता, श्रीमती मोनिका, श्रीमती शैफाली राजपूत, ललिता सिसौदिया, यश धीमान, श्रीमती उपासना शर्मा, श्रीमती मनस्वी राजपूत, श्रीमती पल्लवी राजपूत, लवी चौहान, श्रीमती नीतिका, भूपेंद्र कुमार, मोहित कुमार, सुशील कुमार, जयवीर सिंह, श्रीमती प्रीति, श्रीमती सतलेश, श्रीमती पूनम, श्रीमती अलका, रजत कुमार इत्यादि का अमूल्य योगदान एवं सहयोग रहा। श्रीमती विनीता के नेतृत्व में मनमोहक रंगोली का निर्माण किया गया, जिसमें श्रीमती बबीता, श्रीमती उपासना शर्मा, श्रीमती मनस्वी राजपूत, श्रीमती नीतिका एवं श्रीमती राजवती का उत्तम सहयोग रहा। विभिन्न विद्यालयों से आए बच्चों ने उत्कृष्ट नृत्य एवं रिंग डांस के द्वारा सभी का मन मोह लिया।

श्रीमती मनस्वी राजपूत द्वारा बनाए गए खेलों से सम्बंधित चार्ट एवं पोस्टर आदि को सभी ने सराहा। उनके द्वारा बनाया गया स्पोर्ट्स सेल्फी प्वाइंट सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। खंड शिक्षा अधिकारी ने पूरी प्रतियोगिता के उत्कृष्ट आयोजन हेतु सभी के योगदान की प्रशंसा की। अंत में विजयी बच्चों को मेडल एवं पुरस्कार देकर एवं प्रतिभाग करने वाले बच्चों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए खेल प्रतियोगिता की समाप्ति की घोषणा की गई।

# डंपर से रेत उतारने के वर्चस्व को लेकर दो पक्षों में विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** कोतवाली देहात मार्ग पर गन्ना क्रेशर के पास डंपर से रेत उतारने के वर्चस्व को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दो गाड़ियों सहित दो लोगों को हिरासत में लिया है। पहले नदियों व रास्ते पर रेत के खनन को लेकर वर्चस्व की जंग देखने को मिलती थी, अब यह जंग रेत उतारने के ठिकानों तक पहुंचने लगी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर में काशीपुर रामनगर आदि से डंपरों से रेत लाया जाता है। नहटौर क्षेत्र में रेत उतारने के वर्चस्व को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। बताया जाता है कि नहटौर के कोतवाली देहात मार्ग पर गन्ना क्रेशर

## पुलिस ने गाड़ियों सहित दो को हिरासत में लिया

के पास एक ढाबे पर दो गाड़ियों से कुछ लोग आ गए और दोनों पक्षों के बीच गाली गलौच के दौरान विवाद हो गया। एक पक्ष की गाड़ियों में हथियार होने की सूचना पर हड़कंप मच गया। पुलिस ने दो गाड़ियों व दो लोगों को थाने ले आई। मामले को लेकर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। दोनों पक्षों के लोग भी थाने पहुंचे हैं। रेत को लेकर पहले रास्ते व नदियों पर वर्चस्व की जंग अब रेत उतारने को लेकर भी वर्चस्व की जंग शुरू हो गई।

## एक नजर

### गुलदार ने कुत्ते को बनाया निवाला

**कोतवाली देहात।** ग्राम शादीपुर निवासी दीपक मलिक का गांव के बाहर घर है। बीती रात्रि उनका कुत्ता घर के बाहर टहल रहा था, तभी गुलदार ने कुत्ते पर हमला कर दिया। कुत्ते की आवाज सुनकर दीपक मलिक घर के बाहर आए, तब गुलदार कुत्ते को छोड़कर भाग गया। इस दौरान ग्रामीणों ने पटाखे पटका कर गुलदार को खदेड़ा। गुलदार के हमले में कुत्ते की जान चली गई। गुलदार इससे पूर्व भी कई पशुओं पर हमला कर चुका है। गांव में पिंजरा लगा हुआ है, लेकिन गुलदार पिंजरे में नहीं फंस रहा है।

### शादी अनुदान योजना के तहत मांगे आवेदन

**बिजनौर।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नेहा पाण्डेय ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया कि अन्य पिछड़े वर्ग के (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) व्यक्तियों की अधिकतम दो पुत्रियों के लिए शादी अनुदान योजनान्तर्गत रुपए 20 हजार प्रति विवाह के लिए अनुदान की धनराशि दी जाती है। शादी अनुदान योजना के अन्तर्गत इच्छुक परिवार जिनके परिवार की वार्षिक आय शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रुपए एक लाख से अधिक न हो तथा शादी की तिथि तक वर की आयु 21 वर्ष एवं वधु की आयु 18 वर्ष से कम न हो। आवेदक सभी वांछित अभिलेख जैसे-आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पुत्री का आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं शादी कार्ड को संलग्न कर आवेदन पत्र वेबसाईट https://shadianudan-upsdc.gov.in पर शादी की तिथि से 90 दिन पूर्व व 90 दिन बाद तक किसी भी जनसेवा केन्द्र/ साइबर कैफे इत्यादि से ऑनलाईन कर सकते है। उन्होंने बताया कि आनलाइन आवेदन के उपरान्त आनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड कापी समस्त संलग्नकों सहित। शहरी क्षेत्र के आवेदन पत्र तहसील स्तर पर एवं ग्रामीण क्षेत्र के आवेदन पत्र विकास खण्ड स्तर पर जमा किया जाना अनिवार्य है। अतः समस्त इच्छुक एवं पात्र व्यक्ति अधिक से अधिक ऑनलाईन आवेदन कर योजना से लाभान्वित हो सकते है। सूचना जनहित में प्रेषित है।

# उगते सूरज को अर्घ्य देकर किया छठ पूजा का पारायण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर में रह रहे पूर्वी उत्तर प्रदेश के परिवारों ने कुटिया कॉलोनी में छठ पूजन किया। महिलाओं ने निर्जल व्रत रख कर सूर्य देवता की पूजा की। मंदिर में बने घाट में खड़े होकर डूबते हुए सूरज को अर्घ्य अर्पित कर स्वजनों के दीर्घायु होने की कामना की गई। आज उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत पूरा किया।

पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई परिवार कुटिया कालोनी में कई दशक से रह रहे हैं। यह परिवार छठ पूजन करते हैं। स्वजन की दीर्घायु के लिए यह व्रत रखा जाता है। महिलाओं ने रविवार सुबह नहाय-खास व्रत शुरू किया था। कल शाम भी स्वजन मंदिर परिसर में एकत्र हुए और पूजन किया। पूजन में गों के लिए फल, कपड़े आदि उपहार रखे गए। इसके बाद दंपतियों ने मंदिर परिसर में ही बने घाट में खड़े होकर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर स्वजन के सकुशल रहने की कामना की। सामूहिक पूजन के बाद बुजुर्गों को फल आदि देकर आशीर्वाद लिया गया। आज उगते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित करके आशीर्वाद लिया। इसके बाद महिलाओं ने अपना व्रत पूरा करके अन्न और जल ग्रहण किया। काफी महिलाओं ने गंगा बैराज घाट पर जाकर भी पूजन किया। इस दौरान पूजन में किरण श्रीवास्तव, उर्मिला देवी, बबीता, रेणु, प्रतिभा देवी, गीता, सुनीता, सोना देवी आदि महिलाओं ने पूजन किया।

सुरेश श्रीवास्तव, मनोज यादव, शशिभूषण पांडे आदि ने पूजन व्यवस्था में सहयोग किया।



# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म पीड़िता ने की न्याय की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** पीड़िता द्वारा जानकारी दी गई कि प्रतिपक्षी धर्मेन्द्र पुत्र नीला सैनी निवासी ग्राम खैरुल्लापुर, थाना नजीबाबाद हाल निवासी सत्य विहार कॉलोनी, कस्बा थाना नजीबाबाद, जिला बिजनौर निहायत ही चालाक धोखेबाज शाद. ीशुदा है। जिसने प्रार्थी को धोखे में रखकर सन् 2021 में प्रार्थनी को शादी का झांसा देकर प्रार्थनी के साथ दुष्कर्म किया। जिसका प्रार्थनी ने थाना नजीबाबाद में मुकदमा दर्ज कराने हेतु प्रार्थना पत्र दिया था। तब आरोपी धर्मेन्द्र पुत्र नीला सैनी, द्रोपदी पत्नी धर्मेन्द्र, विनोद, गोविन्द पुत्रगण नीला सैनी, विजो देवी पत्नी नीला सैनी ने प्रार्थनी को शादी का बहाना बनाकर बहला फुसला कर फैसला करा दिया था। प्रतिपक्षी धर्मेन्द्र शादी कराने का झांसा देकर बलात्कार करता रहा। जिससे प्रार्थनी को एक पुत्री पैदा हुई। परन्तु विपक्षीगण ने प्रार्थनी की आज तक शादी नहीं की है तथा लगातार प्रार्थनी के साथ दुष्कर्म किया जा रहा है। 26 अक्टूबर को प्रार्थनी ने आरोपी उपरोक्त से शादी कराने को कहा तो प्रतिपक्षीगण ने प्रार्थनी के साथ मारपीट की एवं शादी करने से साफ मना कर दिया। तथा प्रार्थनी को जान से मारने की धमकी दी है। ऐसी स्थिति में आरोपी उपरोक्त के विरूद्ध बलात्कार, एससी/एसटी एक्ट एवं मारपीट का मुकदमा दर्ज किया जाना न्यायहित में अत्यन्त ही जरूरी है। पीड़िता ने मांग की है कि थानाध्यक्ष नजीबाबाद को आदेश दिया जाये कि उपरोक्त सभी मुलजिमान के विरूद्ध दलित उत्पीड़न बलात्कार एवं धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जेल भिजवाने की मांग की है।

# जमीयत उलमा-ए-हिंद का प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** ईदगाह रोड स्थित जामियातुल फैसल में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर हजरत मौलाना मुफ्ती मौहम्मद अफ्फान साहब, शेख-उल-हदीस, जामा मस्जिद अमरोहा को जमीयत उलमा-ए-हिंद उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर गर्मजोशी से स्वागत व सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उलमा-ए-किराम, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की। मंच पर विद्वानों की प्रभावशाली उपस्थिति रही, जिन्होंने अपने-अपने विचार व्यक्त कर हजरत मौलाना अफ्फान साहब को मुबारकबाद दीं और जमीयत के कार्यों को आगे बढ़ाने का भरोसा दिलाया। हजरत मौलाना मौहम्मद शौकत अली, हजरत मौलाना शरीफ अहमद, हजरत मौलाना मुफ्ती अब्दुर्रहमान, नौगांवी हजरत मौलाना शफीक अहमद साहब, पूर्व विधायक व राज्य मंत्री हाजी नईमुल हसन गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे। मंच संचालन के दौरान

## भव्य सम्मान समारोह का आयोजन

जमीयत उलमा मुफ्ती औवैस अकरम ने कहा कि मौलाना मौहम्मद अफ्फान का चयन पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि उनकी रहनुमाई में जमीयत के कार्य और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ेंगे। मौलाना डॉक्टर सिराजुद्दीन नदवी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरी जमीयत की सेवाओं का प्रतीक है। समारोह के मुख्य वक्ता मुफ्ती मौहम्मद अफ्फान ने अपने संबोधन में कहा कि जमीयत उलमा-ए-हिंद हमेशा देश में अमन, इंसाफ और भाईचारे का पैगाम देती है। हमारा मकसद इंसानियत भाईचारे की सेवा करना है और यह कारवां इसी दिशा में निरंतर आगे बढ़ेगा।

हजरत मुफ्ती अब्दुर्रहमान ने पुरे मुल्क की सलामती के लिए दुआ कराई।

# फांसी के फंदे पर लटक कर जान दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** पत्नी के लापता होने पर ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा हमले से डर कर फांसी पर लटक कर एक युवक ने जान दे दी तथा सुसराल पक्ष के आधा दर्जन लोगों ने मृतक के घर पर चढ़ाई की थी।

बीती देर रात्रि लगभग 11 बजे थाना क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर उर्फ जिकरीवाला में उस समय हड़कंप मच गया जब पत्नी से विवाद के चलते एक युवक ने फांसी के फन्दे पर लटक जान दे दी। मृतक मुनेश कुमार के बड़े भाई दिनेश कुमार ने बताया कि उसका छोटा भाई मुनेश कुमार 28 वर्ष पुत्र मुरारी सिंह नगर में थाना के सामने भारत पेट्रोलियम पंप पर नौकरी करता था। उसकी शादी आठ वर्ष पूर्व पूनम देवी निवासी ग्राम चाऊपुरा (मसवासी) जिला रामपुर में हुई थी। करीब एक सप्ताह पूर्व

## ससुराल पक्ष के खौफ में उठाया कदम

पूनम देवी भैय्या दूज त्यौहार पर अपने मायके कहकर गई थी। सोमवार को मृतक मुनेश कुमार ने अपनी सुसराल में फोन करके अपनी पत्नी पूनम के बारे में जानकारी हासिल की तो पता चला मायके नहीं पहुंची अपने किसी परिचित के साथ किराए पर कमरा लेकर काशीपुर उत्तराखंड में रह रही थी। देर शाम सुसराल पक्ष के आधा दर्जन लोगों ने मनेश कुमार को फोन करके कासमपुर गढ़ी बस स्टैंड बुलाया जब वह वहां पहुंचा, तो दोनों के बीच कहासुनी हो गई। कुछ घंटे बाद सुसराल पक्ष ने मृतक को समाधान करने के लिए अपनी रिश्तेदारी थाना क्षेत्र ग्राम मुनीर नगर उर्फ पर्वतपुर बुलाया, तो देखा कि



करीब आधा दर्जन लोग अपने हाथों में अवैध हथियार लेकर खड़े हुए थे। मृतक मुनेश ने यह देखा और वहां से भाग कर अपने घर आ गया। उसने अपने भाई दिनेश कुमार को सारी घटना की जानकारी दी तभी पीछे से वाहन द्वारा सुसराल पक्ष के लोगों ने घर पर चढ़ाई कर हंगामा कर दिया। मुनेश कुमार ने भयभीत होकर अपने कमरे का दरवाजा बंद कर पंखे में दुपट्टा से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। हमलावरों को जब इसकी जानकारी मिली, तो मौके से फरार हो गए। मृतक के भाई दिनेश ने दरवाजा तोड़कर मुनेश कुमार को नीचे उतार कर नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक ने अपने पीछे दो पुत्रियां सिद्धी (छह वर्ष) व निधी (दो वर्ष) को रोता बिलखता छोड़ गया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए जनपद मुख्यालय भेज दिया। थाना अध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक के परिजनों द्वारा तहरीर देने पर जांच उपरांत उचित कार्यवाही की जाएगी।

# सुन्दरता की चाह में महिलाओं की दांव पर जिंदगी



**बिजनौर।** हाल ही में अभिनेत्री और मॉडल शैफाली जरीवाला की मृत्यु हो गई। वह सुंदरता बढ़ाने के लिए सर्जरी कराने के साथ दवाइयों और इंजेक्शन का सेवन कर रही थी। उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुई, जिसके बाद उन्हें बचाया नहीं जा सका। यह घटना बताती है कि जब सुंदरता की तलाश विवेक से बड़ी हो जाती है, तो परिणाम विनाशकारी हो जाता है। शैफाली जैसी प्रतिभाशाली अभिनेत्री की असमय मृत्यु यह चेतावनी देती है कि सुंदरता की खोज कभी भी जीवन से बड़ी नहीं होनी चाहिए। आज के आधुनिक समाज में जहां सुंदरता को सफलता, पहचान और आत्मविश्वास से जोड़ा जाता है, वहां महिलाओं विशेषकर एलीट वर्ग या उच्च वर्ग की महिलाओं पर परफेक्ट दिखने का दबाव तेजी से बढ़ रहा है। असल में सोशल मीडिया और ग्लैमर की दुनिया ने महिलाओं पर ऐसा दबाव बना दिया है कि वह प्राकृतिक सुंदरता से ज्यादा कृत्रिम परिपूर्णता के पीछे भागने लगी हैं। वह अक्सर यह भूल जाती हैं कि सर्जरी भी एक चिकित्सीय प्रक्रिया है। जिसमें जोखिम मौजूद रहते हैं। संक्रमण, अधिक रक्तस्राव, हृदय संबंधी दिक्कतें या कभी-कभी मृत्यु का खतरा हो सकता हैं। सौंदर्य सर्जरी एक चिकित्सीय प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य शरीर के किसी हिस्से को सुंदर, संतुलित या आकर्षक बनाना होता है। इसमें लिपोसक्शन, राइनोप्लास्टी, फेसलिफ्ट, स्तन प्रत्यारोपण और लेजर स्किन ट्रीटमेंट शामिल है। एक अनुमान के मुताबिक भारत में यह उद्योग 2024 तक 8500 करोड़ रुपए से अधिक का हो चुका है फेसलिफ्ट, बोटॉक्स, स्किन टाइटनिंग अब दिखावे का साधन बन चुकी है। यह याद रखना आवश्यक है हर वो चीज जो बहार से चमकती हैं। अंदर से सुरक्षित नहीं होती। शैफाली और आरती जैसी प्रतिभाशाली अभिनेत्री की मौत हमें यह सिखाती है कि सुंदरता की कीमत यदि जीवन से चुकानी पड़े, तो वह सुंदरता नहीं बल्कि विनाश है।

# महिला सम्मेलन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** विकास खण्ड के शहीद रिक्खी सिंह, परवीन सिंह सभागार में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अन्तर्गत महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वतंत्र प्रभार मंत्री माध्यमिक शिक्षा उत्तर प्रदेश गुलाबो देवी का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की संयोजक आकांक्षा चौहान के द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा भेंट कर तथा शॉल उढ़ाकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गुलाबो देवी मुख्य अतिथि, अचला विशिष्ट अतिथि व क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष महिला मोर्चा, भूपेन्द्र बॉबी जिलाध्यक्ष भाजपा बिजनौर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में भूपेन्द्र चौहान (बॉबी) ने अपने सम्बोधन में महिला सशक्तिकरण के बारे में बताते हुए देश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु स्वदेशी वस्तुएं निर्मित करने व उपयोग करने पर जोर दिया तथा उन्होंने बताया कि जनपद बिजनौर में बनी स्वदेशी वस्तुओं की देश के साथ-साथ विदेशों में भी मांग है। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान महिला सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुलाबो देवी ने अपने सम्बोधन में देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी को विस्तार से बताते हुए कहा कि देश की लगभग आधी आबादी महिलाओं की है और परिवार चलाने का कार्य देश की महिलाओं द्वारा किया जाता है। परिवार चलाने के लिए महिलाओं को आत्मनिर्भर होना होगा। जिसके लिए महिलाओं को स्वंय सहायता समूह में जुड़कर स्वदेशी वस्तुएं निर्मित कर अपनी आजीविका बढ़ाते हुए देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने में सकारात्मक कदम होगा। साथ ही उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने में महिला मोर्चा भाजपा को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। इसके पश्चात कार्यक्रम में अचला सिंह विशिष्ट अतिथि ने कार्यक्रम में भारत माता की सेवा और सम्मान के लिए आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प कराया। कार्यक्रम के अंत में आकांक्षा चौहान ब्लॉक प्रमुख ने अपने सम्बोधन में बताया कि प्रधानमंत्री का भारत को विकसित भारत बनाने का रास्ता आत्मनिर्भर भारत होने से होकर जाता है। जनपद बिजनौर में विदुर ब्रांड के अन्तर्गत स्वदेशी दैनिक उपयोग की वस्तुओं का निर्माण कराया जा रहा है। आत्मनिर्भर भारत के लिए हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी नारे को साकार करना होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा विकास खण्ड में कार्यरत सलीम अहमद एडीओ आईएसबी, नीरज कुमार, रंजीता, दीपक आदि ग्राम पंचायत सचिवों, पंचायत सहायकों, ब्लॉक मिशन प्रबन्धक को उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम का संचालन अनामिका जैन जिला महामंत्री महिला मोर्चा ने किया। कार्यक्रम में रश्मि रावल प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा, मोनिका यादव जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा, कमलेश सैनी पूर्व भाजपा विधायक, इंदिरा सिंह चेयरमैन नगर पालिका बिजनौर, संगीता अग्रवाल महिला आयोग सदस्य, कविता चौधरी प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य, अनीता चौहान क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी, रजनी कालरा क्षेत्रीय शोध प्रमुख, रचना पाल पूर्व क्षेत्रीय मंत्री, राशु चौहान समाज सेवी, दिनेश पाल शर्मा खण्ड विकास अधिकारी, सलीम अहमद सहायक विकास, नीरज कुमार ग्राम पंचायत अधिकारी, रेखा रानी, मो. निका चौहान, रंजीता देवी, दीपक कुमार, गौरव कुमार, रीतिसूदन, लोकेश कुमार, राजकुमार आदि ग्राम पंचायत सचिव, मुनेश देवी, जावेद अख्तर, छोटन ब्लाक मिशन प्रबन्धक, सोमराज सिंह, भावना, बाला, बीना, मंजू, सुनीता, अनीता, निशा, ज्योति आदि भारी संख्या में समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती को लेकर बैठक

## विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस सभागार में आयोजित बैठक में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर उन्हें याद किया गया। विधानसभा संयोजक व जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान ने बताया कि सरदार पटेल की 150 वीं जयंती समारोह अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में रंगोली, चित्रकला, निबंध व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा विधानसभा में 8 किलोमीटर की एक पदयात्रा का आयोजन किया जायेगा। ये कार्यक्रम लौह पुरुष सरदार पटेल के आदर्शों को समर्पित हैं।

सरदार वल्लभ भाई पटेल का इतिहास भारत के स्वतंत्रता संग्राम के एक महत्त्वपूर्ण नेता, एक कुशल अधिवक्ता और स्वतंत्र भारत के उपप्रधानमंत्री के रूप में है, जिन्होंने भारत के एकीकरण में महात्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह बात गत दिवस स्थानीय लोकनिर्माण विभाग के गेस्ट हॉउस में भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा बैठक में सहकारिता प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक डॉ. बीरबल ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार रखते हुए कही। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत को एक माला में पिरोने वाले सरदार पटेल को हाशिये पर रखा गया। सरदार पटेल जिस सम्मान के हकदार थे, वह सम्मान उन्हें कभी नहीं दिया गया। क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि ने कहा कि देश आजादी के बाद सरदार पटेल ने 562 रियासतों का भारत संघ में सफलतापूर्वक विलय कराया, जिससे उन्हें लौह पुरुष कहा जाता है। उन्होंने आगे कहा कि एक अभियान के अंतर्गत 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की 150 वीं जयंती से देश भर में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। सरदार पटेल जी के विचार और उनके जीवन की जानकारी जन-जन तक पहुंचे, इसके लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस अभियान के विधानसभा संयोजक व जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान ने बताया कि सरदार पटेल की 150 वीं जयंती समारोह अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में रंगोली, चित्रकला, निबंध व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से सरदार पटेल के विचार व उनके जीवन की जानकारी लोगों तक पहुंचेगी। जनभागीदारी के लिए विधानसभा में 8 किलोमीटर की एक पदयात्रा का आयोजन किया जायेगा जिसका उद्देश्य लोगो को संगठित करना होगा। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा संयोजक रजनी कालरा व संचालन इस अभियान के संयोजक व जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान ने किया।



बैठक में पूर्व विधायक सतीश गौतम, पूर्व जिला उपाध्यक्ष रामेन्द्र चौधरी, कृष्ण बलदेव सिंह, मण्डल अध्यक्ष अंजली मित्तल, सुभाष शर्मा, जितेंद्र मालिक, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नीरज विश्नोई, भूरे सिंह, शिवपाल सिंह, कुलदीप त्यागी, मनोज बालियान, अल्पसंख्यक मोर्चे के जिला महामंत्री कय्यूम राइन, पिछड़ा मोर्चे के जिला उपाध्यक्ष यशपाल सैनी, जिला महामंत्री धर्मवीर कश्यप, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक सौरभ मित्तल, विधानसभा सोशल मीडिया प्रभारी अनुज अग्रवाल, मण्डल महामंत्री पंडित सचिन शर्मा, ओमप्रकाश सैनी, मेघराज सिंह, देवेंद्र तोमर, टीकम सिंह, जीतेन्द्र राजपूत, विकास राजप. ूत, इंदु ठकुराल, अरुण शर्मा, गर्वित चौधरी, अनुज वर्मा, पंकज चौहान, हरिराज सिंह, सरदार हरमीत सिंह, आदि राठौर, नरपाल सैनी, अनित चौधरी, विक्रांत चौधरी, रविन्द्र सिंह, सोनू सैनी, मोईनुद्दीन आदि उपस्थित रहे।

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147 (2) यू.पी. म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्रीमती रिहाना परवीन पत्नी श्री नाजिम व श्री नाजिम पुत्र श्री रफीक अहमद मौहल्ला मकबरा** तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री रईसुद्दीन उर्फ मुन्ना पुत्र श्री इस्लामुद्दीन** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये रजिस्टर्ड दान पत्र व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अतः प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: 998 मकबरा नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

## नाम परिवर्तन सूचना

मेरे बैंक खाते में नाम राजीव कुमार शर्मा पुत्र स्व. ओम प्रकाश दर्ज है। आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड, बिजली बिल विभाग में राजीव कुमार दर्ज है एवं बीमा भारतीय जीवन बीमा निगम लि. नजीबाबाद (बिजनौर) में नाम राजू दर्ज है, जो कि राजू एवं राजीव कुमार गलत है, सही किए जाने की सख्त आवश्यकता है। यह कि मेरा सही और वास्तविक नाम राजीव कुमार दर्ज किये जाने के आदेश बैंक में नाम दर्ज की तर्ज पर पारित करने की कृपा करे। **राजीव कुमार पुत्र स्व. ओम प्रकाश निवासी ग्राम जहानाबाद, पोस्ट थाना व तहसील नजीबाबाद (बिजनौर) उत्तर प्रदेश।**

## संबंध विच्छेद सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पत्नी कौशल देवी निवासी ग्राम आजमपुर मोहन (फखनपुर), थाना नगीना मेरे कहने-सुनने में नहीं है। उसके किसी भी क्रिया कलाप से मेरा तथा मेरे पुत्र व पुत्रवधु का कोई मतलब वास्ता नहीं है।

**सतेन्द्र कुमार पुत्र झव्वा सिंह निवासी ग्राम आजमपुर मोहन (फखनपुर) थाना नगीना, जिला बिजनौर।**

# टाइल्स की दुकान से हजारों की चोरी

## चोरों ने दुकान में बैठकर खाई मूंगफली, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर में चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब वे चोरी की वारदात के दौरान आराम से बैठकर मूंगफली खाने से भी नहीं चूकते। सोमवार रात शुगर मिल रोड स्थित एक टाइल्स की दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी कर लिया। घटना का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि चोरों ने दुकान के अंदर बैठकर मूंगफली खाई और मौके पर छिलके भी बिखरे छोड़ गए। मंगलवार सुबह जब दुकानदार दुकान पर पहुंचा तो पूरा मंजर देखकर दंग रह गया।




जानकारी के अनुसार, न्यू हिंदू कॉलोनी निवासी विनीत कुमार पुत्र राम कुमार की शुगर मिल रोड पर 'विनीत टाइल्स एंड सैनेट्री' नाम से दुकान है। रोजाना की तरह सोमवार देर शाम विनीत दुकान बंद कर घर चले गए थे। अगले दिन सुबह करीब 8 बजे जब वे दुकान पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि शटर का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो दुकान अस्त-व्यस्त थी। विनीत कुमार ने बताया कि चोर दुकान में रखी एलईडी टीवी, डिजिटल घड़ी और अन्य सामान चोरी कर ले गए। वहीं दुकान के भीतर जगह-जगह मूंगफली के छिलके बिखरे पड़े थे, जिससे साफ है कि चोरों ने आराम से बैठकर मूंगफली खाई और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने दुकान के अंदर-बाहर से फिंगर प्रिंट के नमूने लिए और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में दो संदिग्ध व्यक्तियों की हरकतें दिखाई दी हैं। पुलिस अब फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान में जुटी है। पीड़ित विनीत कुमार ने बताया कि कुछ दिन पहले भी इसी इलाके में एक अन्य दुकान के बाहर संदिग्ध लोगों की गतिविधियां देखी गई थीं, लेकिन पुलिस ने तब कोई विशेष कार्रवाई नहीं की थी। अब दोबारा चोरी होने से व्यापारी वर्ग में रोष है। स्थानीय व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने की मांग की है।

## छात्रा से अशोभनीय हरकत व छेड़छाड़

**हल्दौर।** नगर के एक मौहल्ले में रहने वाली कक्षा चार की छात्रा घर से सब्जी खरीदने के लिए बाजार गई थी। आरोप है कि बाजार में सब्जी का फड़ लगाने वाले एक व्यक्ति ने मासूम छात्रा को बहला-फुसलाकर अपने कमरे में बुला लिया और वहां उसके साथ अशोभनीय हरकत व छेड़छाड़ की। भयभीत छात्रा किसी तरह खुद को छुड़ाकर वहां से भागी और रोते हुए घर पहुंची। उसने जब यह बात परिजनों को बताई तो वे दंग रह गए। परिजन तुरंत बालिका को लेकर थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस घिनौनी वारदात से कस्बे में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### प्रकाश पर्व पर निकाली प्रभातफेरी



**धामपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से मंगलवार को निकली प्रभातफेरी ने पूरे नगर को गुरु वाणीमय बना दिया। गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व के अंतर्गत आयोजित इस प्रभातफेरी में गुरमुख परिवारों ने सामूहिक कीर्तन किया। गुरुद्वारा के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट और सचिव गुरुचरण सिंह चावला के नेतृत्व में निकली प्रभातफेरी का पंजाबी मार्केट में सरदार सतपाल सिंह चावला परिवार की ओर से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरदार सतपाल सिंह चावला, बीवी अजीत कौर, सरदार रविंद्र सिंह चावला, सरदार सहज दीप सिंह चावला, परमजीत कौर, गगनप्रीत कौर, सिल्की रानी आदि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. एन.पी. सिंह ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे गुरु परंपरा की प्रेरक मिसाल बताया।

### बिना टिकट पकड़े गए

**बिजनौर।** देर शाम नगीना से बिजनौर आ रही बिजनौर डिपो की बस में जांच के दौरान नौ सवारियां बिना टिकट पकड़ी गई। जिससे विभाग में हड़कंप मच गया। सोमवार की देर शाम बिजनौर डिपो की बस संख्या 9290 नगीना से सवारियां लेकर बिजनौर आ रही थी। परिचालक विशाल कुमार है। ग्राम रोशनपुर के करीब एआरएम बिजनौर अशोक कुमार व एटीआई बिजनौर राजेश कुमार ने बस को रोक कर चैकिंग की। जांच के दौरान बस में 47 सवारियां थी, जिसमें नौ सवारियां बिना टिकट मिली। यात्रियों ने बताया कि परिचालक ने पैसे लेने के बाद भी उनको टिकट नहीं दिए। जिस पर एटीआई राजेश कुमार ने नौ सवारियों पर डब्लूटी लिखी है। एआरएम अशोक कुमार ने बताया कि परिचालक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### फौजी के मकान से कबूतर चोरी

**गंज।** ग्राम जीतपुर निवासी विनीत फौजी ने गंज पुलिस चौकी में तहरीर देकर बताया कि गत शनिवार की रात अज्ञात लोगों ने मकान के पीछे की ओर से चढ़कर छत पर बने कमरे का ताला तोड़कर लगभग ढाई लाख रुपए मूल्य के लगभग 80 पंजाबी कबूतर चोरी कर लिए। विनीत चौधरी ने बताया कि उन्हें पंजाबी कबूतर पालने का शौक है तथा पंजाबी के मशहूर कबूतरबाजों से अच्छे नस्लड के महंगे कबूतर उन्होंने लाकर पाल रखे थे। चोर कबूतरों के साथ कबूतरों के छोटे-छोटे बच्चे व अंडे भी ले गए। चोरी हुए कबूतरों की कीमत लगभग दो से ढाई लाख रुपए बताई।

### विवेक हॉकी कप टूर्नामेंट 19 नवम्बर से




**चांदपुर।** आगामी 19 से 23 नवंबर तक पांच दिवसीय विवेक हॉकी कप टूर्नामेंट का आयोजन संयोजक मौहम्मद अतहर अजान ग्रुप दिल्ली के तत्वावधान में किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट स्व. बाबू कैलाश चंद मित्तल और स्व. इकबाल सिंह लोहिया मेमोरियल 'द्वितीय विवेक हॉकी कप' टूर्नामेंट के नाम से आयोजित होने जा रहा है। इस टूर्नामेंट मे चांदपुर हॉकी सोसाइटी के सदस्यों द्वारा प्रमुख आयोजकों और शहर के गणमान्य लोगों से टूर्नामेंट रूपरेखा पर चर्चा पश्चात् टूर्नामेंट के सफल आयोजन एवं सहयोग के लिए मौहम्मद अतहर अजान ग्रुप दिल्ली को आश्वास्त करते कहा गया है कि इस टूर्नामेंट मे विवेक कर्णवाल आधारशिला स्कूल, गोविन्द मित्तल, अध्यक्ष राहुल बंसल, निर्मल चौहान, अरविन्द एवं अमित मित्तल चांदपुर पेपर मिल, अरविन्द अग्रवाल हेजलमून स्कूल द्वारा टूर्नामेंट कराए जाने पर अपनी अग्रिम बधाई दी। टूर्नामेंट में हिन्दू इन्टर कालेज प्रबंधक सीमिति प्रभाष मित्तल और प्रधानाचार्य रविन्द्र शर्मा ने पूरे सहयोग के लिए आश्वासन दिया है। टूर्नामेंट में चांदपुर, नॉर्थ ईस्टर्न रेलवे, रामपुर हास्टल, हरिद्वार हास्टल, गाजियाबाद, बरेली, बिजनौर एं क्षेत्र की अन्य टीमें भाग लेने की उम्मीद जताई जा रही है। चांदपुर हॉकी सोसाइटी के कोच कमलेश यादव, मीडिया प्रभारी विकास गोयल एवं शैलेन्द्र लोहिया के हवाले से कार्यकारी प्रभारी रऊफ अहमद, अफजल फारूकी ने यह जानकारी दी।

### वोट बनवाने की अपील



**शेरकोट।** नगर के दक्ष आदर्श वैदिक इंटर कॉलेज और आरयूएम उच्चतर माध्यमिक स्कूल में पंहुचे संघ के जिला मंत्री विनोद कुमार ने शिक्षकों को निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षक विधायक ही शिक्षकों की आवाज को विधान परिषद तक पहुंचाते हैं। इसलिए प्रत्येक शिक्षक का मतदान में भाग लेना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस बार अधिकाधिक शिक्षक अपने मताधिकार का प्रयोग कर शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेंगे। विद्यालयों के दौरे के दौरान विनोद कुमार ने शिक्षकों की समस्याओं को भी सुना और कहा कि शिक्षकों की एकता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि शिक्षक वोटर फार्म जमा करने से रह गए है, वे 6 नवम्बर से पूर्व फार्म जमा कर वोट बनवा लें।

### ऑल इंडिया कबड्डी का शुभारंभ

**नजीबाबाद।** फजलपुर हबीब में चौधरी चरण सिंह ऑल इंडिया कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें खिलाड़ियों ने अपना हुनर दिखाया। प्रतियोगिता का शुभारंभ आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने किया। कबड्डी प्रतियोगिता में कई प्रदेशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस मौके पर नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को उजागर करने के लिए एक इंटरनेशनल स्टेडियम बनवाने की घोषणा की। कबड्डी प्रतियोगिता में नजीबाबाद नगर पालिका के अध्यक्ष इंजीनियर मुअज्जम खान, एड. फहीम अंसारी के साथ भीम आर्मी के काफी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आरपीएस स्कूल में प्रशिक्षण कार्यक्रम

**चंदक।** आरपीएस पब्लिक स्कूल में सीबीएसई देहरादून के तत्वावधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र का विषय अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना रहा। जिसके अंतर्गत विभिन्न शिक्षण पद्धतियों एवं अभिभावकों की भूमिका पर चर्चा की गई। सीबीएसई द्वारा नामित संसाधन व्यक्तियों के रूप में डॉ. अनीता एवं डॉ. अमित कुमार बंसल ने उपस्थित 60 से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान नवीन शिक्षण तकनीकों, विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता में वृद्धि के उपायों तथा अभिभावक-शिक्षक सहयोग की महत्ता पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम की स्थल निदेशक के रूप में प्रधानाचार्या श्रीमती अंकुर त्यागी ने कहा कि सीबीएसई द्वारा आयोजित इस प्रकार के प्रशिक्षण सत्र शिक्षा के क्षेत्र में अत्यंत बहुमूल्य एवं उपयोगी हैं, जो शिक्षकों को नये शिक्षण दृष्टिकोण अपनाने हेतु प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं व्यवस्था में शहाबुद्दीन, देवेश, शिल्पी, सलोनी तथा शलभ का विशेष सहयोग रहा।

# घर की छत पर अजगर देख ग्रामीणों के होश उड़े

## वन विभाग की टीम ने अजगर को पकड़ कर जंगल में छोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** घर की छत पर एक विशाल अजगर को देखकर हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई।



आज सुबह समीपवर्ती ग्राम खानपुर निवासी बलबीर सिंह की छत पर विशाल अजगर को देखकर ग्रामीणों के होश उड़ गए। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की काफी भीड़ एकत्रित हो गई। लगभग 15 से 20 फीट लंबे अजगर को देखकर सभी घबरा गए। किसान नेता राजवीर सिंह काकरान ने वन विभाग को सूचना दी। लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची। इस दौरान यह अजगर बलवीर सिंह की छत से राधेश्याम की छत पर पहुंच गया। जहां काफी मशक्कत के बाद कुछ ग्रामीणों ने हिम्मत जुटाकर इस अजगर को एक कट्टे में बंद करने की हिम्मत जुटाई। इसके बाद यहां पहुंचे वन दरोगा शुभम कुमार की टीम ने ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए अजगर को ले जाकर जंगल में छोड़ा, जिसके साथ ही ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# प्रभातफेरी का कई स्थानों पर स्वागत

## राधा-कृष्णमय हुआ वातावरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कार्तिक मास के पावन अवसर पर सनातन धर्म सभा शिव मंदिर पंजाबी कॉलोनी से तीसरी प्रभातफेरी निकाली गई। श्रद्धालु परिवारों ने सामूहिक भजन उच्चारण करते हुए पूरे मार्ग को राधा-कृष्णमय बना दिया। प्रभातफेरी का तीन स्थानों पर ऐतिहासिक व अभूतपूर्व स्वागत किया गया।

प्रभातफेरी का शुभारंभ मंदिर प्रांगण में सामूहिक पूजन से हुआ। मुख्य यजमान के रूप में मंदिर प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष सुरेश छाबड़ा एवं आशा छाबड़ा, महासचिव जगदीश अरोड़ा एवं रीतिका रानी अरोड़ा, कोषाध्यक्ष नितिन कुमार और शिखा छाबड़ा रहे। पूजन कार्यक्रम मंदिर के पुजारी आचार्य पंडित अश्वनी कुमार शर्मा ने प्रभावी मंत्रोच्चारण के बीच



संपन्न कराया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा व महामंत्र जाप किया। प्रभातफेरी का पहला स्वागत पंजाबी कॉलोनी में अध्यक्ष जितेंद्र मोहन कपूर व वंदना कपूर के परिवार द्वारा किया गया। वहीं दूसरा स्वागत कृष्णा नगर कॉलोनी में समाजसेवी सुभाष कारीगर के परिवार की ओर से हुआ, जबकि तीसरा स्वागत गुरु नानक मार्ग पर राधेश्याम छाबड़ा के परिवार ने किया।

कार्यक्रम की सफलता में अनंत नंदन रस्तोगी, निखिल अरोड़ा, नानू अरोड़ा, डॉ. विनय कुमार दुआ, कमलेश रानी अरोड़ा, पूर्व सभासद राजीव छाबड़ा, अनमोल अरोड़ा, नैंसी अरोड़ा, पुलकित अरोड़ा, अनिल व पूनम सचदेवा, विजय व बाला शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु परिवारों का योगदान रहा।

# सरदार पटेल जयंती कार्यक्रम की तैयारी

## भाजपा पदाधिकारियों ने 150वीं जयंती अभियान की योजना बनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर तथा भारतीय जनता पार्टी के निर्देशन पर चलने वाली सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित 'एक भारत, आत्मनिर्भर भारत' 8 किलोमीटर लंबी पदयात्रा को सफल बनाने के उद्देश्य से भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक ब्लॉक प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चौहान ने की।

उन्होंने कहा कि सरदार पटेल जी का जीवन एकता, संगठन और राष्ट्रनिष्ठा की अद्भुत मिसाल है। प्रत्येक कार्यकर्ता को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज में एकता और विकास का संदेश फैलाना चाहिए। इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि यह पदयात्रा केवल आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्र को जोड़ने का अभियान है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सदैव समाज की सेवा और राष्ट्रहित में अग्रणी भूमिका निभाते आए हैं।

भाजपा के ऊर्जावान युवा नेता अमित कुमार वर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने जिस अखंड भारत का सपना देखा था, उसी भावना के साथ भाजपा कार्यकर्ता जन-जन को जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को इस पदयात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर इसे ऐतिहासिक बनाना चाहिए। अमित वर्मा ने युवाओं से भी अपील की कि वे देश की एकता और आत्मनिर्भरता के इस अभियान में अपनी भूमिका निभाएं।

बैठक में नीरज प्रताप (ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि), डॉ. दीप सौरभ, नीरज राणा (मंडल अध्यक्ष), डॉ. दिनेश (मंडल उपाध्यक्ष), जयपाल सिंह (मंडल महामंत्री), सुरेश तोमर (मंडल महामंत्री) सहित बड़ी संख्या में देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर सरदार पटेल जयंती पदयात्रा को ऐतिहासिक सफलता दिलाने के लिए पूरे उत्साह और निष्ठा से कार्य करेंगे।

# इंडियन डांस कंपटीशन में देहरादून का एनएसएल ग्रुप विजेता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** कस्बे में आयोजित इंडियन डांस कंपटीशन में देहरादून का एनएसएल ग्रुप विजेता रहा। इस दौरान देश भर से आए डांसर ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कस्बे के मिलेनियम पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ कफील मलिक, शाहनवाज खलील, अनुभव त्यागी, आदित्य वीर सिंह ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर देश भर से आए नर्तकों ने प्रस्तुति दी। एकल वर्ग में रुद्रपुर के अभय ने प्रथम, दिल्ली की मनीषा द्वितीय तथा हिमाचल के गुरप्रीत तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग में पानीपत की स्माइली ने प्रथम, अंबाला की नमामि गुप्ता ने द्वितीय, हिमाचल प्रदेश की एंजेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर वर्ग में रुद्रपुर के अफान प्रथम स्थान पर रहे। युगल नृत्य में रोहतक के योगी और हेमू की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। फैशन मॉडलिंग में नहटौर के समीर ने प्रथम, हरिद्वार के बंटी ने द्वितीय तथा नहटौर के सार्थक में तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में रामनगर की आलिया सिद्दीकी ने प्रथम, यमुनानगर की सृष्टि ने द्वितीय तथा रामनगर की माही सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन विशाल त्यागी, हिमांशु त्यागी तथा पुनीत त्यागी के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम में जज हिमांशु शर्मा, दीपिका सोनी, शिवम कर्णवाल तथा पुष्पा निकेतन रहे।

# विदेश भेजने के नाम पर दो युवकों से लाखों की ठगी



## आरोपी के विरुद्ध पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** मौहल्ला काजीजादगान निवासी सलमान पुत्र मौहम्मद अख्तर घोसी ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसे कस्बा बढ़ापुर थाना नबीना देहात निवासी रिजवान अहमद पुत्र नामालूम मिला और उसने उसे सलमान से अच्छी कम्पनी में नौकरी दिलाने का झांसा देकर विदेश भेजने के नाम पर उससे सवा लाख रूपए ठग लिए।

आरोप है कि इसी रिजवान अहमद ने मौहल्ले के ही दूसरे युवक नजम अहमद पुत्र असलम से भी सवा लाख रूपए की रकम नकद व पेटीएम के द्वारा प्राप्त कर उन्हें टूरिस्ट वीजा पर मलेशिया भेज दिया। वहां जाकर दोनों को जब उनका काम नहीं मिला तो उन्हे वहां की पुलिस ने पकड़ लिया और गलत वीजा पर उन्हे बंद कर उन्हे वापस भेज दिया। वापस आने पर जब पीड़ितों ने रिजवान से मिलकर कहा कि तुमने हमारे साथ धोखाधड़ी करके ढाई लाख रू. की रकम ऐंठ ली और टूरिष्ट वीजा पर विदेश भेज दिया तो उसने हमारी रकम देने से साफ इंकार कर दिया तथा कहा कि अगर रकम मांगी तो जान से हाथ धोने के धमकी दी।

पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर जांचोपरांत कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया

**धामपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस मार्ग स्थित मोगा भवन में सोमवार को नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज का 350वां शहीदी दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की नगर यात्रा के साथ हुआ, जिसे वाहेगुरु के जयकारों के बीच विराजमान कराया गया। गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह ने संगत को गुरुबाणी के अमोलक कीर्तन से लाभान्वित किया और गुरु तेग बहादुर जी के त्याग व बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। मोगा परिवार की ओर से सरदार तेजेंद्र सिंह मोगा, गुरप्रीत सिंह मोगा, सतमीत सिंह मोगा, राजू मोगा, सहज दीप कौर मोगा सहित अन्य परिवारजनों ने कार्यक्रम का संयोजन किया। कार्यक्रम में शरणागत सिंह खालसा, निर्मल कौर खालसा, देवेंद्र सिंह मोगा, परविंदर कौर मोगा, सरबजीत सिंह मोगा सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक अरदास व विशाल लंगर का आयोजन किया गया।

# गोपाष्टमी महोत्सव और पितृ दोष निवारण यज्ञ का शुभारंभ

## नगर में निकाली भव्य शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** राजपूत विहार कॉलोनी स्थित गौरी गौशाला आश्रम में तीन दिवसीय गोपाष्टमी महोत्सव एवं पितृ दोष निवारण यज्ञ सत्संग का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य गौसेवा, सनातन संस्कृति के संरक्षण और समाज में धर्म-संस्कार की भावना को सशक्त बनाना है।



महोत्सव के प्रथम दिन आश्रम प्रांगण से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मंदिर प्रांगण में पहुंचकर संपन्न हुई। नगरवासियों ने यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा और प्रसाद वितरण कर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह, हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व मंडल प्रभारी डॉ. एन.पी. सिंह, आचार्य डॉ. दिनेश चंद्र भारद्वाज, आदर्श सिंह, अनीता चौहान आदि ने नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर गौसेवक गौतम गिरी ने सभी अतिथियों का पटका पहनाकर सम्मान किया। आचार्य डॉ. दिनेशचंद्र भारद्वाज ने बताया कि कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को गोपाष्टमी पर्व के रूप में मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने गौचारण की शुरुआत की थी। देवराज इंद्र से गोवर्धन प्रसंग के बाद क्षमा याचना कर कामधेनु गाय के दूध से श्रीकृष्ण का अभिषेक किया गया था। तभी से यह दिन गौमाता और श्रीकृष्ण की आराधना का पर्व बन गया। गौसेवक गौतम गिरी ने जानकारी दी कि 28 अक्टूबर की प्रातः 10 बजे से मंगल गौसेवा प्रेरणा यात्रा नगर में निकाली जाएगी, जिसमें भक्तजन ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और जयघोषों के साथ गौसेवा का संदेश दे रहे हैं। 29 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक संगीतमय गौ कथा का आयोजन होगा, जिसमें कथाव्यास आचार्य डॉ. दिनेशचंद्र भारद्वाज गौमाता की महिमा और गोसेवा के आध्यात्मिक लाभों पर प्रवचन देंगे। 30 अक्टूबर को कार्यक्रम का समापन गौ एवं प्रसाद वितरण, हवन, गौसेवकों का सम्मान समारोह और पूजन कार्यक्रम के साथ किया जाएगा। आश्रम संचालक आचार्य डॉ. दिनेश. चंद्र भारद्वाज और कविता भारद्वाज ने बताया कि फिलहाल गौरी गौशाला में 10 से 12 बेसहारा गौवंशों की सेवा की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन अधिक से अधिक गौवंशों को आश्रय प्रदान करने और समाज में गोसंरक्षण की भावना को प्रोत्साहित करने का प्रयास है। उन्होंने नगरवासियों से परिवार सहित इस धार्मिक आयोजन में शामिल होने की अपील की। आचार्य भारद्वाज ने कहा गौसेवा ही सच्ची देवसेवा है। गोपाष्टमी पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, पितृदोष निवारण और सुख-समृद्धि का मार्ग है।

# बिना अनुमति चल रहा था अल्ट्रासाउंड सेंटर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटरों के खिलाफ प्रशासन की सख्ती जारी है। नगर मजिस्ट्रेट ने सेंटर पर छापा मारा। छापे में तीन महिलाएं मिली। जबकि मशीन संचालित थी। सेंटर बिना अनुमति के संचालित किया जा रहा था।

**○ नगर मजिस्ट्रेट को छापे में मिली तीन महिलाएं, एक पुरुष**

मंगलवार को नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी के नेतृत्व में टीम बस अडडे के सामने स्थित वीनस अल्ट्रासाउंड सेंटर बिना अनुमति संचालित किये जाने सूचना पर छापा मारा। छापे के दौरान सेंटर पर एक व्यक्ति और तीन महिलाएं मिलीं। पूछताछ में उन्होंने बताया कि सेंटर पिछले छह महीनों से बंद है, लेकिन टीम को मौके पर अल्ट्रासाउंड मशीनें चालू अवस्था में मिलीं। टीम को शक होते ही विस्तार से जांच की तो अल्ट्रासाउंड सेंटर का रजिस्ट्रेशन फरवरी 2025 में समाप्त हो चुका था, जबकि अनुमति सम्बंधी कोई वैध अभिलेख संचालक की ओर से दिखाया नहीं जा सका। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि सेंटर पर नियमों के गंभीर उल्लंघन पाए गए हैं। बिना पंजीकरण और मान्यता के अल्ट्रासाउंड जांच किया जाना कानूनन अपराध है। उन्होंने मौके पर ही वीनस अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील करने की कार्रवाई शुरू कर दी। अधिकारियों ने वहां से संबंधित रिकॉर्ड और अभिलेख जब्त कर आगे की जांच के निर्देश दिए। जबकि सूचना देकर नोडल अधिकारी मनोज चौधरी को मौके पर बुलाया। नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी ने कहा जिले में किसी भी बिना पंजीकरण या अवैध रूप से चल रहे अल्ट्रासाउंड सेंटर को बख्शा नहीं जाएगा। भ्रूण लिंग निर्धारण जैसे गंभीर अपराधों को रोकने के लिए प्रशासन पूरी सख्ती से कार्रवाई करेगा। यह कार्रवाई स्वास्थ्य विभाग की उस विशेष योजना का हिस्सा है, जिसके तहत सम्भल जनपद में अवैध मेडिकल प्रतिष्ठानों और जांच केंद्रों पर लगातार छापेमारी कर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में ऐसी और कार्रवाइयां होंगी।



सम्भल- रोडवेज बस अडडे के सामने मार्केट में अल्ट्रासाउंड सेंटर अभिलेखों की जांच करते नगर मजिस्ट्रेट

# ठेकेदार व सभासदों के बीच तनातनी सड़क पर आई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सड़क निर्माण को लेकर ठेकेदार और सभासदों के बीच खींचतान सड़क पर आ गयी है। सभासदों ने ठेकेदार पर अद्योमानक सामग्री का प्रयोग करने का आरोप लगाया जबकि ठेकेदार ने दस प्रतिशत कमीशन लेने का आरोप लगाकर शिकायत जिलाधिकारी से की जाना कहा है।

उप नगरी सराय तरीन के शहनाई पैलेस टंकी रोड़ पर नगर पालिका द्वारा सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। सड़क निर्माण में वार्ड 13 के सभासद मौहम्मद रेहान व वार्ड नं. 5 के सभासद अनिल गुप्ता टैंड में दी गई शर्तों के अनुरूप सड़क निर्माण में सामग्री प्रयोग नहीं करने का आरोप लगाया है। सभासदों ने निर्माण कार्य मं अद्योमानक सामग्री प्रयोग करने पर सवाल खड़े कर

**○सभासदों ने घटिया सामग्री का प्रयोग, ठेकेदार ने दस प्रतिशत कमीशन का लगाया आरोप**

दिए हैं। साथ ही नाली निर्माण में घटिया किस्म की ईंटे लगाने का भी आरोप लगाया है। जबकि ठेकेदार फाजिल चौधरी ने दस प्रतिशत कमीशन मांगने न देने पर घटिया सामग्री का प्रयोग करने का आरोप लगाया है। ठेकेदार ने दावा करते हुए कहा है कि सड़क निर्माण कार्य मे किसी तरह की भी कोई कमी नही बरती जा रही है। टैंडर में दी गई शर्तों के अनुसार ही सड़क निर्माण कार्य करना बताते हुए पालिका प्रशासन स्वयं बैठकर निर्माण कार्य कराने की मांग की है। ठेकेदार ने दावा किया है कि उसने जिलाधिकारी से भी दस प्रतिशत कमीशन की मांग करने की शिकायत कर दी है। बहरहाल कौन सच्च और कौन झूठा इसकी जांच किए बिना सच्चाई सामने नहीं आ सकेगी लेकिन यह सच है कि ठेकेदार और सभासदों के बीच खिंची तलवारें अब सार्वजनिक होकर सड़क पर आ गयी है।

## सभासद बोले ठेकेदार पर नहीं प्रूफ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** घटिया सामग्री और कमीशन मांगने के आरोप प्रत्योरोप पर सभासद रेहान ने ठेकेदार के आरोपों को नकारा है। उन्होने कहा के स्टीमेट के अनुसार कार्य कराने पर कोई आपत्ति नहीं है। जनता उनसे आकर शिकायत कर रही है।

# सूदखोरों ने ब्याज को दिया नफे का नाम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सफेद और क्लप लगे चमचमाते कुर्ते और पाजामा पहनकर दीन एवं धर्म की सीख देने वाले ब्याज खोर चेहरे सामने आते ही नया पैंतरा बदल लिया है। ब्याज लेने के लिए बदनामी न हो और समाज में छाछालेदर से बचने को ब्याज नहीं बल्कि नफा नाम दिया है।अब रकम लेने वाले चाहे नुक्सान हो, लेकिन ब्याजखोर को नफा हर हाल में चाहिये।

पैसा कमाने के लिए रोजगार करना या फिर किसी भी कारोबार मे मुनाफा पाने के लिए पैसा लगाना कोई बुराई नहीं हैं लेकिन नफे का बहाना बनाकर ब्याज पर पैसे देना और घर बैठकर एक के नो बनाना यह कहां तक सही है इसे अच्छी तरह समझा जा सकता है। कमज़ोर और आर्थिक रूप से परेशान लोगों को ब्याजखोर रकम देकर मोटा नफा वसूल रहे हैं।

**○ चमचमाते कुर्ते पाजामे पहन धर्म की सीख देने वाले भी शामिल**

दरअसल ब्याजखोरों के खून चूंसने और चंद रकम देकर मोटी वसूलने के काफी मामले उजागर हो चुके हैं, क्योंकि धर्म विशेष में ब्याज लेना धार्मिक दृष्टि से मना है लेकिन सूदखोरों ने अब पैंतरा बदल लिया है। चेहरा छिपाकर ब्याज की रकम लेने वालों ऐंसे नाम सामने आते हैं जो सफेद चमचमाता कलप लगा कुर्ता और पाजामा पहनकर धर्म की सीख देते हैं, लेकिन काम हराम का करते है। ऐंसे लोगों के नाम सामने आये तो उन्होने अपना पैंतरा ही बदल लिया। प्रोफेट के नाम भी ब्याज का नया रास्ता बनाया। जिसने गरीब आदमी की कमर ही तोड़कर रख दी है। कुछ कारोबार तो इसलिए ही बन्द होने के कागार पर पहुंच गये जहां ब्याज खोर प्रोफेट का बहाना बनाकर पैसा लगाये हुए हैं। कहावत है हल्दी लगी न फिटकरी रंग चौका चौखा ही चौखा ऐसा ही कुछ नफे के नाम पर देखने को मिल रहा है। ब्याज खोरी का धब्बा लगने के बाद अब ब्याज खोर इसको फायदे पर पैसे लगाने की बात कहकर अपना पीछा छुड़ा रहे हैं। पोल पट्टी खुलने और समाज मे जलालत उठाने के बाद ब्याज खोरो ने अपने पैसे को नफा कमाने के लिए कारोबार मे पैसा लगाना होना बताना शुरू कर दिया है। जबकि जो लोग वास्तव मे नफा कमाने लिए कारोबार मे अपना पैसा लगाये हुए हैं उनके कारोबार न किसी से छुपे हें और न ढके हैं, वह खुले आम अपने पैसों का कारोबार बताने मे न पीछे हट रहे हैं और न जरा भी उनके माथे पर बल है।

## एक नज़र इधर भी

### दुष्कर्म के दो आरोपी किए गए गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव में किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया। अदालत ने उन्हे जेल भेज दिया।

थाना क्षेत्र के गांव निवासी किशोरी गांव में ही बीते 18 अक्टूबर को दोपहर के समय दुकान से आटा लेने गई थी उसी समय रास्ते में गांव की ही महिला ने घर बुलाकर कमरे में बंद कर दिया था। जहां कमरे में पहले ही गांव का ही एक युवक मौजूद था, जिसने किशोरी के साथ छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर महिला ने गेट खोला, उसके बाद किशोरी अपने घर आ गई थी। उसी दिन शाम के समय किशोरी जंगल में शौच के लिए गई थी। वहां जंगल में गांव के ही शिवम और उसके साथी सुमित ने किशोरी को खींचकर नीचे गिराकर उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी ने उसकी जानकारी घर जाकर दी तो उसके पिता ने थाने में जाकर तहरीर दी। जहां तहरीर के आधार पर पुलिस ने शिवम पुत्र रामपाल तथा सुमित पुत्र रिशिपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर चालान कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि अदालत ने आरोपियों को जेल भेज दिया।

### अभियान में आधा दर्जन वारंटी दबोचे

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** कैलादेवी थाना पुलिस ने मंगलवार को 6 वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया।

कैला देवी थाना प्रभारी सौरभ त्यागी के नेतृत्व में गठित की गई टीम नया अभियान के दौरान थाना क्षेत्र के चंदन कटी गांव निवासी विजेंद्र पुत्र रामकिशोर, रामकिशोर पुत्र विजय तथा क्षेत्र के ही बमनपुरी कला गांव निवासी महीपाल पुत्र भूरे सिंह, अमरीश पुत्र भूरे, क्षेत्र के ही शाकिन गांव निवासी भूरे पुत्र उदयाराम और कैलमुंडी गांव निवासी राजेंद्र पुत्र अनोखे को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया।सभी को अदालत भेज दिया।

### चेयरमैन के कैम्प कार्यालय पर होगी बोर्ड बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक का आयोजन 30 अक्टूबर को एक बजे किया जायेगा। इस बार बोर्ड की बैठक नगर पालिका के सभागार में नहीं होगी बल्कि चैयरमेन के कैम्प कार्यालय स्थित सभागार में किया जायेगा। पालिका के अधिशासी अधिकारी की ओर से एजेंडा जारी कर दिया गया है जबकि बोर्ड के पदेशन सदस्यों को भी बैठक में भाग लेने को एजेंडा भेजा गया है। फिलहाल बोर्ड बैठक के आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जबकि बोर्ड बैठक में अहम मामले रखे जा सकते हैं।

### मानसिक तनाव में फांसी के फंदे पर झूला अधेड़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।**मानसिक तनाव में युवक फांसी का फंदा लगाकर उस पर झूल गया। युवक की मौत हो गयी। आत्म हत्या पर परिजनों में कोहराम मच गया।

कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव खानुपुरा निवासी 40 वर्षीय ग्रामीण अवधेश ने मानसिक तनाव के चलते घर के कमरे में ही फांसी का फंदा डालकर मौत को गले लगा लिया। जैसे ही परिजनों ने देखा तो उनकी चीख निकल गई। ग्रामीण की मौत पर परिवार में कोहराम मच गया। बता दें कि कुछ वर्ष पहले पत्नी ने भी फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी।





सम्भल- मंडी किशनदास सराय/शेरखां सराय स्थित टीले वाली ज्यारत पर लगे बैरक मेले में उमड़ी भीड़ एवं ह. निजामुद्दीन सब्जवारी व जंदा शाह मदार के चिल्ले पर दुआ मांगते अकीदतमंद।

# परम्परागत बैरक मेले में उमड़े अकीदतमंद

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** सय्यद बदीउद्दीन जिन्दा शाह मदार के चिल्ला मुबारक एवं हजरत निजामउद्दीन सब्ज़वारी रहमतुल्ला अलेह के मजारे मुबारक टीले वाली दरगाह पर बैरक मेले का परम्परागत तरीके से आयोजन किया गया। कुल शरीफ मे अमन शांति और भाईचारे को दुआ की गई।

क्षेत्र के शेर खां सराय मण्डी किशन दास सराय स्थित टीले वाली दरगाह पर सय्यद बदीउद्दीन जिन्दा शाह मदार के चिल्ला मुबारक एवं

**○टीले वाली ह.निजामुद्दीन सब्ज़वारी की दरगाह व जिंदा शाह मदार के चिल्ला मुबारक पर अकीदमंदों ने मांगी दुआएं ○ कुल शरीफ की रस्म में मांगी अमन और तरक्की की दुआएं ○ मेले में महिलाओं ने खरीदा सौन्दर्य प्रसाधन का सामान ○ बच्चों की खेल खिलौनों की दुकानों पर रही भीड़**

हजरत निजामउद्दीन सब्जवारी रहमतुल्ला अलेह के बैरक मेले का परम्परागत तरीके से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजन किया गया। दम मदार बेड़ा पार के नारो से माहौल गूंज उठा। दरगाह पर आने वाले अकीदतमन्दो ने चादर पोशी करते हुए दुआ की। जबकि दरगाह परिसर और आसपास लगे मेले व लजीज पकवाने की दुआनो एवं झूलों को महिलाओं और बच्चो ने भरपूर आनन्द लिया। बच्चों ने खूब खेल खिलौने खरीदे। दूर दराज से विभिन्न समुदाय के लोगो ने हाजिरी दी। इंतेजामियां कमेटी की ओर से दरगाह पर कुल शरीफ और लंगर का आयोजन किया गया। मुल्क व शहर मे अमन शांति एवं भाईचारे के लिए दुआ की गई। इस मौके पर सैयद मुशर्रफ हुसैन, सैयद असद हुसैन, सैयद सौहराब अली, सैयद अरशद हुसैन, कासिम खां, नफीस अहमद, बब्बन, मौहम्मद फैजान वारसी, अली अहमद वारसी आदि रहे।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबकर युवक की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** ट्रैक्टर ट्राली पलटने से उसके नीचे दबकर घायल हुए युवक की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी अजय पाल पुत्र श्योराज ट्रैक्टर ट्राली को ढलान पर नीचे उतार रहा था। तभी वह पलट गई। जिसमें दबकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को परिजन ट्राली के नीचे से निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया

# पुलिस स्मृति दिवस पर प्रदर्शनी से किया जागरूक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** पुलिस स्मृति दिवस सप्ताह के अंतर्गत प्रर्दशनी का आयोजन किया गया। प्रर्दशनी में शस्त्रों और उपकरणों को प्रर्दशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक के के विशनोई के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार व क्षेत्राधिकारी यातायात दीपक कुमार की अध्यक्षता में पुलिस लाइन बहजोई स्थित सभागार में प्रर्दशनी लगायी गयी। जिसमें रेडियो विभाग, यातायात विभाग, आर्मरी, मिशन शक्ति की टीम द्वारा प्रर्दशनी लगाकर हीरा देवी तोताराम इंटर कॉलेज व वार्ष्णेय इंटर कालेज व अन्य स्कूलों के बच्चों को यातायात के नियमों व संकेत यातायात उपकरणों, यातायात

**○शस्त्रों और अन्य उपकरणों को प्रदर्शित कर दी जानकारी**

नियमों, पुलिस विभाग में प्रयोग होने वाले विभिन्न प्रकार के शास्त्रों, रेडियो विभाग में उपयोग होने वाले उपकरणों आदि की जानकारी दी गई। इसके साथ ही जनपद सम्भल की मिशन शक्ति टीम द्वारा प्रर्दशनी में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षा के स्वावलंबन हेतु चलाई जा रहे मिशन शक्ति अभियान की बारे में स्कूली छात्रओं/बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर व सरकार द्वारा चलाए जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

## स्वदेशी अपनाने का लिया गया संकल्प

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल अध्यक्ष उमेश चन्द्र शर्मा ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत विधान सभा क्षेत्र गुन्नौर के बहट गाँव में अमित शर्मा, चंद्रकांत पाठक, चंद्रशेखर शर्मा, रविकेश यादव, अनुभव दीक्षित, प्रेमशंकर गौतम, छोटेलाल गौतम एवं अन्य किसान बंधुओं से स्वदेशी संकल्प पत्र भरवाकर अभियान की शुरूआत की। जबकि हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी अभियान के तहत स्वदेशी संकल्प पत्र भरकर सभी ने अपने दैनिक जीवन में अधिकतम भारतीय उत्पादों का उपयोग करने और स्थानीय कारीगरों, किसानों और उद्यमियों के उत्पादों को प्राथमिकता देने व युवाओं और बच्चों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित करने, पर्यावरण के अनुकूल स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

# गुन्नौर विधायक ने परिवार समेत घाट पर की छठ पूजा

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** गंगाघाट राजघाट के बबराला घाट पर गुन्नौर विधायक रामखिलाड़ी सिंह ने सपत्नीक छठ पूजा की। घाट पर पूजा करने वालों की भीड़ रही।

मंगलवार को गुन्नौर विधायक रामखिलाड़ी सिंह यादव अपनी पत्नी पानवती,उनके पुत्र अखिलेश यादव अपनी पत्नी प्रीति यादव, पीएनबी बैंक बबराला मैनेजर उदय प्रताप सिंह अपनी पत्नी व परिजनों के साथ घाट पर पहुँचकर पूजा अर्चना की। उनके अलावा क्षेत्र के काफी लोगों ने राजघाट पहुँचकर स्नान कर सूर्य भगवान को अर्ध्य दिया। वैसे सनतान परंपरा में छठ महापर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन दर्शन, आत्मशुद्धि और सामाजिक सामंजस्य का महोत्सव है। छठ व्रत सूर्योपासना और षष्ठी देवी की आराधना का अद्वितीय संगम है। छठ पूजा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि प्राकृतिक आराधना व मूर्तिपूजा नहीं बल्कि सूर्य और जल की उपासना है। कठोर व्रत नियम एवं चार दिन का तप, ब्रह्मचर्य, निराहार और संयम से जुड़े इस महापर्व में भगवान सूर्य की पूजा का क्या महत्व है।पण्डित सत्यम मिश्रा ने बताया कि सूर्य पूजा का धार्मिक पक्ष हिंदू मान्यता के अनुसार सूर्यदेव की आराधना से कर्ण का जन्म हुआ। द्रौपदी ने सूर्यदेव से अक्षयपात्र प्राप्त किया। इससे सूर्यदेव के 'अन्नदाता' और 'पालनकर्ता' स्वरूप की पुष्टि होती है। पुराणों में षष्ठी देवी और स्कन्दपुराण में कार्तिक शुक्ल षष्ठी पर सूर्यपूजन से पाप नाश होता है। पद्मपुराण में कार्तिक मास में स्नान करने के बाद तन-मन से शुद्ध होकर सूर्य को अर्ध्य देने का विधान है।



सम्भल- राजघाट गंगाघाट पर परिवार समेत छठ पूजा करते विधायक गुन्नौर।

# निजी बसों के परमिटों की संख्या बढ़ाई जाए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** वन ट्रिलियन डॉलर योजना को लेकर द्वितीय ट्रेमास प्रगति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार ने त्रैमासिक प्रगति की जिलाधिकारी को जानकारी दी।बैठक में जिलाधिकारी ने उत्पादन, उत्पादक, अनाज, दलहन, मक्का, बाजार इत्यादि की प्रगति की विस्तार पूर्वक जानकारीलेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया एवं जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ओटीडी कि आगामी बैठक में औद्यानिक फसलों का जीडीपी में योगदान बढ़ाने संबंधी कार्य योजना को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उद्यमिता को लेकर भी जिलाधिकारी ने कहा कि उद्यमियों को बढ़ावा दिया जाए एवं निर्माण क्षेत्र में अच्छा कार्य किया जाए। जीएमडीआईसी को निर्देश दिए गए कि आगामी समीक्षा बैठक में उद्योगों से संबंधित भूमि अधिग्रहण में आ रही चुनौतियों के बारे में प्रस्तुतीकरण देना सुनिश्चित करें। जीएसटी को लेकर भी जिलाधिकारी ने जानकारी लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए पर्यटन को लेकर भी जिलाधिकारी ने कहा कि अधिक से अधिक

**○जिलाधिकारी ने वन ट्रिलियन डॉलर योजना की प्रगति समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

रजिस्ट्रेशन किए जाएं जीएसटी को निर्देशित करते हुए कहा कि छोटे होटलों का सर्वे करते हुए उनका सराय एक्ट के अंतर्गत पंजीकरण करते हुए इस प्रोफार्मा में आंकड़े भरते हुए जीएसटी की आगामी समीक्षा बैठक में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। परिवहन विभाग को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए उन्होंने कहा कि के शासन के दिशा निर्देशों के अंतर्गत निजी बसों को जारी होने वाले परमिटों की संख्या बढ़ाने पर कार्य किया जाए एवं वाणिज्यिक वाहनों का अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नेतृत्व में निवेश मित्र एवं आत्मनिर्भर भारत,आध्यात्मिक भारत, आधुनिक भारत बनाना है। जबकि जनपद को औद्योगिक के क्षेत्र में बढ़ावा देने एवं हॉर्न एंड बोर्न तथा प्लेज पार्क को लेकर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की। इसके अलावा सम्भल को विकास की ओर अग्रसर होने को भी लेकर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देशित किया। इस अवसर पर एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्र निर्माण में पुलिस की भूमिका पर छात्राओं ने लिखे अपने विचार



सम्भल- बाबा रतनगिरि इंटर कॉलेज में निंबध प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती छात्राएं।

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** कैला देवी स्थित बाबा रतनगिरी आदर्श इंटर कॉलेज में राष्ट्र निर्माण में पुलिस की भूमिका पर कैला देवी थाना पुलिस ने छात्रओं से उनके विचार लिए और निबंध प्रतियोगिता के आयोजन के तहत अन्य प्रतियोगिताओं का भी आयोजन कराया। विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं के साथ मिशन शक्ति अभियान के तहत भी जानकारी दी गई।

कैला देवी के बाबा रतन गिरि आदर्श इंटर कॉलेज में कैलादेवी थाना पुलिस से मिशन शक्ति प्रभारी आंचल सिद्धू के नेतृत्व में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया। जिसमें निबंध प्रतियोगिता वाद विवाद प्रतियोगिता के साथ-साथ मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण की जानकारी दी गई तथा साइबर हेल्पलाइन और विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। राष्ट्र निर्माण में पुलिस की भूमिका पर छात्राओं द्वारा निबंध प्रतियोगिता के दौरान अपने विचार प्रस्तुत किए गए। जिसमें छात्राओं ने पुलिस की सक्रिय भूमिका और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को लेकर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान आंचल सिद्धू, पूजा ,ममता तथा राजा चौ. ,अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

# पूर्व चेयरमैन ने किया जिम्मी खान का सम्मान



शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** अनेको मूवी बनाकर छोटे परदे पर छाकर मुम्बई नगरी तक पहुंचकर शहर और जिले का नाम रोशन करने वाले एक्टर एवं डसयरेक्टर जिम्मी खान को अखण्ड भारत अवार्ड दिये जाने पर हष का माहौल है। नगर पालिका परिषद के पूर्व चैयरमेन ने अपने प्रतिष्ठान पर कार्यक्रम का आयोजन कर सम्मानित किया।

नगर निवासी जिम्मी खान छोटे पर्दे पर फिल्में व मूवी आदि बनाकर आगे बढ़ने के लिए प्रयास करते रहते है। उनके यह प्रयास रंग लाये और वह मुबई में बनने वाली बड़े पर्दो की फिल्मों तक पहुंच बना ली। अपने अथक प्रयासों ने नाम रौशन करने वाले जिम्मीखान को मुम्बई में अखंड भारत सम्मान से सम्मानित किया गया। उनको मुम्बई में सम्मान मिलने पर नगर पालिका परिषद के पूर्व चैयरमेन एवं भारतीय सदभावना मंच गो प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक हाजी नुसरत इलाही ने खुशी का इजहार करते हुए सम्मानित कर जिम्मी खान का हौंसला बढ़ाया। सिरसी रेलवे क्रॉसिंग स्थित कोल्ड स्टोर के गेस्ट हाउस मे प्रेस वार्ता का आयोजन कर नुसरत इलाही ने कहा कि जिम्मी खान ने सम्भल ही नहीं बल्कि जनपद और मुरादाबाद मण्डल का नाम रौशन किया है। जिम्मी खान लोगों के मनोरंजन के लिए और समाज को जागरूक करने के लिए अनेक मूवि बनाकर बड़े पर्दो पर छा चुके हैं। जिम्मी खान ने कहा कि यह उनकी खुश नसीबी है कि उनको अखण्ड भारत अवार्ड मिला।

# सड़क हादसे में घायल हुए युवक की मौत परिजनों का अस्पताल में जमकर हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादाबाद।** जनपद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र कांठ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में उस समय हंगामा मच गया, जब सड़क हादसे में घायल हुए एक युवक की मौत हो गई। परिवार के लोगों ने अस्पताल स्टाफ पर आरोप लगाया कि शव देने के एवज में उनसे 1 लाख 70 हजार रुपए की मांग की गई है। युवक के इलाज में भी वह अब तक 7 लाख रुपए दे चुके हैं।अस्पताल में हंगामें की सूचना लगते ही सिविल लाइंस थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मामले की छानबीन करने के साथ भी हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराया। बताया जा रहा है कि सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के आदर्श कॉलोनी का रहने वाला शिवा पुत्र नानक अपने दोस्त अमन पुत्र संजय सिंह के साथ एक सप्ताह पूर्व सिविल लाइन क्षेत्र मॉडर्न पब्लिक स्कूल के पास से बाइक से घर लौट रहा था कि रास्ते में एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में शिवा और उसका दोस्त अमन गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें परिवार के लोगों ने उपचार के लिए कांठ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था।हादसे के एक सप्ताह बाद शिवा ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक के परिजनों का आरोप है कि वह उसके इलाज में अब तक 7 लाख रुपए अस्पताल वालों को दे चुके हैं। अब शिवा का शव देने के नाम पर भी अस्पताल स्टाफ के द्वारा 1लाख 70 हजार रुपए की मांग की जा रही है, जिससे गुस्साए परिवार के लोगों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। हंगामे की सूचना लगते ही सिविल लाइंस थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मामले की छानबीन शुरू करने के साथ ही हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराया। मृतक शिवा के परिवार में पत्नी गुंजा और 8 दिन की एक बच्ची है। वहीं हादसे में घायल हुआ उसके साथी अमन का उपचार अभी अस्पताल में चल रहा है।



# सिरप से हुई मौतों के बाद पड़ गया खांसी के सिरप की बिक्री पर असर

**कांठ( शाह टाइम्स )** मध्य प्रदेश व राजस्थान में बच्चों की मौतों के बाद कफ सिरप की बिक्री पर असर पड़ा है। बच्चों को खांसी होने पर डॉक्टर नेबुलाइजर की सलाह दे रहे हैं। लोग भी घरेलू उपायों से खांसी से राहत पाने का प्रयास कर रहे हैं। केमिस्ट संगठन के आंकड़े के मुताबिक मुरादाबाद जनपद में पिछले कुछ दिनों की बिक्री में काफी कमी आई है। जिले में करीब 4000 पंजीकृत थोक व रीटेल दवा विक्रेता हैं। मार्केट में करीब 100 कंपनियों के कफ सिरप उपलब्ध हैं।बच्चों के कफ सिरप की कीमत 70 रुपये से 200 रुपये तक है। सूखी खांसी, एलर्जिक इनफेक्शन, सांस की नली में सूजन के लिए सिरप भी अलग- अलग हैं।इन दिनों डॉक्टर खांसी का सिरप लिखने से बच रहे हैं। सूखी खांसी में भी सिर्फ ग्लिसरॉल वाले सिरप लिखे जा रहे हैं। जिला अस्पताल में भी सिरप की खपत कम हो गई है। पहले जहां हर दिन करीब 50 सिरप खत्म हो रहे थे, अब यह संख्या घटकर 20 रह गई है। डॉक्टरों का कहना है कि जिस कंपनी के कफ सिरप से दूसरे प्रदेशों में बच्चों की मौत हुई। उस कंपनी की सप्लाई यूपी के मार्केट में कहीं नहीं है।ड्रगिस्ट एंड केमिस्ट एसोसिएशन ने भी इस बात पर मुहर लगाई है।

इसके बावजूद लोग एहतियात बरतते हुए कफ सिरप नहीं ले रहे हैं। डा. भी नेबुलाइजर का इस्तेमाल करने व गुनगुना पानी पिलाने की सलाह दे रहे हैं।

## एक नजर

### सिगरेट माचिस मांगने पर ढाबा स्वामी ने की साले बहनोई के साथ मारपीट

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** थाना छजलैट के गांव भीकनपुर निवासी निशान्त का कहना था कि 22 अक्टूबर की रात के 11 बजे मेरा बडा भाई प्रशान्त कुमार पुत्र नरेन्द्र कुमार व जीजा रक्षित पुत्र स्व० सत्यपाल सिंह निवासी मेरठ सिगरेठ व माचिस लेने के लिए कैंच की पुलिया स्थित शंकर ढाबा पर पहुँचे जहाँ उन्होने ढाबा के मालिक से सिगरेट व माचिस मांगी लेकिन ढाबा स्वामी ने माचिस देने से मना कर दिया और अभद्रता करने लगा। इसका विरोध किया तो ढाबा मालिक बदतमीजी करते हुए गाली-गलौच करने लगा। गाली देने को मना किया तो ढाबा मालिक नौसिंह पुत्र गंगाराम, पवन पुत्र नौसिंह, संजू उर्फ विक्की पुत्र वेदराम व कुछ अज्ञात व्यक्तियो ने भाई व जीजा के साथ लाठी डंडो से मारपीट की और गाली गलौच की। लडाई के दौरान प्रशान्त के सर, छाती, कमर मे काफी चोट आयी। दोनो जाने लगे तो उक्त सभी ने आइन्दा आने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने गाली गलौज मारपीट करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष को जन समस्याओं से अवगत कराया, समाधान के लिए दिया आश्वासन

**बिलारी।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता धर्मेंद्र गांधी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर से मिला और समस्याओं से संबंधित पत्र सोपा और समस्याओं पर चर्चा की समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया गया है कि बिलारी विधानसभा क्षेत्र में अनेकों समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है जिसमें मुख्य रूप से किसानों से संबंधित समस्याएं गांव में पानी से संबंधित समस्याएं स्थानीय स्तर पर राशन कार्ड की समस्याएं प्रबल चल रही हैं अधिकारियों से मिलने पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती जल जीवन मिशन योजना के बारे में बताते हुए अवगत कराया कि सालों से ओवर हेड टैंक बनने को अधूरे पड़े हैं जिससे केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना को पलीता लग रहा है।

बिना जानकारी के लोगों के राशन कार्ड काटे जा रहे हैं साथ ही गन्ना के किसानों की समस्याओं से अवगत कराते हुये कहा कि जनहित में किसानों के गन्ना की उपज की कीमत को बढ़ाया जाए प्रदेश उपाध्यक्ष ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया है कि जल्द ही संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए उच्च स्तर पर कार्रवाई कराई जाएगी। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता धर्मेंद्र गांधी के साथ मिलने वालों में प्रेम कुमार गुप्ता शेखर नीरज सिंह आशुतोष मोहम्मद जुबेर पंकज सिंह आदि लोग साथ रहे।

### ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन: सत्यवीर सिंह

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्य ब्यूरो )।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सत्यवीर सिंह ने बताया कि उ0 प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना (MMGRY) का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उक्त योजना के अन्तर्गत (सेवा एवं उत्पादन सेक्टर हेतु) उद्यम की स्थापना के लिए रु0. 10.00 लाख तक का ऋण बैंको के माध्यम से वित्त पोषण का प्राविधान है। जिसमें परम्परागत एवं तकनीकी रुप से योग्य कारीगरो को प्राथमिकता दी जायेगी। पात्र उद्यमी 18 वर्ष से 50 वर्ष के पुरुष एवं महिला आनलाईन आवेदन कर सकते है। अधिकतम रु0 10.00 लाख तक प्रोजेक्ट पर सामान्य श्रेणी/वर्ग के उद्यमियो को 4 प्रतिशत ब्याज उद्यमी स्वयं वहन करेगें उससे ऊपर का ब्याज, ब्याज उपादान के रुप में शासन/विभाग से टर्मलोन (पूंजीगत ऋण) पर नियमानुसार दिया जायेगा एवं आरक्षित वर्ग के ब्याज की धनराशि उपादान के रुप में शासन/विभाग से टर्मलोन (पूंजीगत ऋण) पर ही अनुमन्य है। उद्यम की स्थापना केवल ग्रामीण क्षेत्र में ही अनुमन्य है। योजनान्तर्गत 100 से भी अधिक उद्योग स्थापित किये जा सकते है। उक्त योजना के अन्तर्गत आनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है। तथा योजना के अन्तर्गत स्वरोजगार हेतु ग्रामीण क्षेत्र में उत्पादन/सेवा इकाई स्थापित करने हेतु इच्छुक बेरोजगार अपना आनलाईन आवेदन (नचाअपइण्पद) कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग कार्यालय मुरादाबाद से सम्पर्क कर जानकारी भी प्राप्त कर सकते है।

### जर्जर विद्युत तार बने जानलेवा, एक की मौत, ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

**ठाकुरद्वारा।** ग्राम गढ़ूवाला में खेतों के ऊपर से गुजरी 11000 के.वी. की विद्युत लाइन ग्रामीणों के लिए जान का खतरा बन चुकी है। जर्जर व नीचे लटके तारों के कारण अब तक कई हादसे हो चुके हैं। हाल ही में 26 अक्टूबर को तार टूटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि इससे पहले भी कई बार जानवर और इंसान करंट की चपेट में आ चुके हैं। ग्राम प्रतापपुर, गढ़वाला निवासी रमेश चन्द्र शर्मा पुत्र श्री खुशीराम शर्मा ने बताया कि उनके खेत से होकर यह हाई वोल्टेज लाइन निकाली गई है, जिसकी स्थिति अत्यंत खराब है।

तार इतने नीचे लटक रहे हैं कि खेती करना भी मुश्किल हो गया है और गन्ने की फसल उगाना संभव नहीं रह गया है। ग्रामीणों ने कई बार विद्युत विभाग को शिकायतें कीं, लेकिन विभाग की ओर से केवल आश्वासन ही मिला।रमेश शर्मा ने बताया कि विभाग बिना पूर्व सूचना के ही उनके खेत से यह लाइन निकाल चुका है, जबकि खेत के दोनों ओर सड़कें हैं जहां सुरक्षित तरीके से खंभे लगाकर लाइन को स्थानांतरित किया जा सकता है। लगातार हो रहे हादसों से परेशान ग्रामीण ने अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रार्थना पत्र भेजकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने चेताया है कि यदि लाइन को शीघ्र ठीक या शिफ्ट नहीं किया गया तो किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।

# मंडलीय उद्योग बंधु समिति की हुई बैठक



**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंडलीय उद्योग बंधु समिति की कमिश्नरी सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में मंडल के उद्यमियों द्वारा उठाए गए मुद्दों की एजेंडावार विस्तृत समीक्षा की गई। सेतु निगम के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 24, किलोमीटर 164 पर प्रेम वंडरलैंड के समीप स्थित संपार संख्या 413ए पर दूसरे चरण में अतिरिक्त दो लेन उपरिगामी सेतु (फ्लाईओवर) के निर्माण का कार्य वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना में सम्मिलित कर लिया गया है। इस परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र के यातायात प्रबंधन एवं औद्योगिक परिवहन में सुगमता आएगी। वन विभाग द्वारा बताया गया कि डियर पार्क के सौंदर्यीकरण हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा चुकी है, जिसमें जैव विविधता संरक्षण एवं पारिस्थितिक संतुलन पर विशेष ध्यान दिया गया है। मण्डलायुक्त ने नगर निगम को निर्देशित किया कि शहर में ई-वेस्ट कलेक्शन एवं डिस्पोजल व्यवस्था को वार्डवार सुदृढ़ करते हुए प्रत्येक सप्ताह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही गांगन नदी के किनारे-किनारे फैले कूड़ा-कचरा एवं अवैध भट्ठियों के विरुद्ध संयुक्त रूप से कार्यवाही करने हेतु सिंचाई, प्रदूषण नियंत्रण एवं नगर निगम को स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान किए। ब्ठ 5 कार्ययोजना प्रस्तावित है, जिसके संबंध में सभी विभागों से उनके प्रस्ताव मांगे जा रहे हैं। इस संबंध में प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। बैठक में मंडलीय स्तर के अधिकारीगण, विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं उद्यमीगण उपस्थित रहे।

# पुनरीक्षण के संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों की छुट्टी पर रोक, जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस. आई. आर.) के संबंध में जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बैठक करके भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में निर्धारित समय सारणी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। राजनी. तिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक राजनीतिक दल अपने बूथ लेवल एजेंट नामित कर दें साथ ही प्रत्येक विधानसभा वार भी राजनीतिक दल अपने प्रतिनिधि नामित करते हुए संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को सूचना भेज दें ताकि आयोग द्वारा समय समय पर दिए जाने वाले निर्देशों के बारे में प्रत्येक स्तर पर जानकारी साझा की जा सके। उन्होंने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित तैयारी, प्रशिक्षण एवं गणना प्रपत्रों के मुद्रण का कार्य 28 अक्टूबर 2025 से 3 नवंबर 2025 के मध्य पूर्ण किया जाएगा। 4 नवंबर 2025 से 4 दिसंबर 2025 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र उपलब्ध कराए जाएंगे और गणना प्रपत्र से संबंधित व्यक्तियों से निर्धारित प्रविष्टियां भरवाकर इन प्रपत्रों को प्राप्त किया जाएगा।तत्पश्चात 9 दिसंबर 2025 को निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन होगा। आलेख्य प्रकाशन के उपरांत 9 दिसंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 के मध्य दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएगी तथा 9 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक नोटिस जारी करने, सुनवाई एवं सत्यापन व दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण एवं गणना प्रपत्रों पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्णय लिया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के उपरांत 7 फरवरी 2026 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। जनपद के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया कि इस पूरी प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारियों को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य पूर्ण होने तक छुट्टी पर जाने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत प्रत्येक कार्य को समयबद्ध तरीके से प्रभावी बनाना है इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश नहीं है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गुलाबचंद्र, एसडीएम सदर श्री राम मोहन मीणा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आदित्य श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी और विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि गण मौजूद रहे।



# सपा कार्यालय नहीं होगा खाली, सपाइयों में हर्ष की लहर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नगर निगम एवं प्रशासन और समाजवादी पार्टी के गहमागमी और रस्साकसी के बीच सपाईयों की जीत हुई हाईकोर्ट ने जिला प्रशासन के फैसले को रद्द किया।

जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव की अथकपूर्ण मेहनत रंग लाई और सपाइयों के चेहरे पर रौनक लौट आई जिलाध्यक्ष ने कहा हमें कानून पर पुरा भरोसा था न्याय की जीत हुई भाजपा की हार तानाशाही के बलबूते भाजपा विपक्ष को खत्म करना चाहती है लेकिन वह भूल रही हैं की हिटलर की तानाशाही भी ज्यादा दिन चली थी जनता इसका जबाब 2027 के चुनाव मे देगी हम माननीय सर्वोच्च न्यायलय के फैसले का स्वागत करते उम्मीद करते हैं कानून का राज जारी रहेगा। उन्होंने बताया आज जस्टिस अरिदमन सिंह और जस्टिस सत्यवीर सिंह की डबल बेंच ने मामले की सुनवाई की जिला प्रशासन की दलील की कोठी का इस्तमाल राजनितिक कार्य के लिए किया जा रहा है हमारे सपा के वकील ने कहा सब कुछ कानूनी रूप से किया जा रहा है. इसलिए कार्यवाही देश्वपूर्ण है। इसके बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया। हर्ष जताने बालों मे जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, जिला महासचिव फुरकान अली, वेदप्रकाश सैनी, वसीम कुरैशी, विकास चौधरी,जिला प्रवक्ता धर्मेंद्र यादव,प्रदीप यादव, अमित प्रजापति शंकर लाल सैनी, सुरेंद्र शर्मा प्रेमबा. बू बाल्मीकि, सरदार सिंह पाल, मौ तकी, योगेन्द्र यादव, जिगरी मलिक, अताउरहमान, सुनीता सिंह राजेश्वरी यादव, जाहिद सैफी आदि मौजूद थे।




# महिला जन प्रतिनिधि करेंगी बदलाव का नेतृत्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापाडे।** मिशन शक्ति अभियान के क्रम में जनपद मुरादाबाद के प्रत्येक विकास खण्ड से 06-06 महिला ग्राम प्रधानों को सशक्त पंचायत नेत्री अभियान के अन्तर्गत विकास खण्ड मूढॉपाण्डे जनपद मुरादाबाद के सभागार में तीन दिवसीय प्रषिक्षण का शुभारम्भ खण्ड विकास अधिकारी मूढॉपाण्डे,अशोक कुमार,डी.पी.आर.सी. जनपद सम्भल के सीनियर फैकल्टी डॉ0 नवनीत शेखर सिंह, देवेश कन्हैया सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) मूढॉपाण्डे एवं महिला ग्राम प्रधान के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए डी.पी.आर.सी. जनपद सम्भल के सीनियर फैकल्टी डॉ0 नवनीत षेखर सिंह ने बातया कि महिला जन प्रतिनिधियों के नेतृत्व क्षमता को सशक्त करना, पंचायती राज व्यवस्था में उनकी सक्रिय भूमिका को और मजबूत बनाना तथा ग्राम स्तर पर महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा भागीदारी को सुनिश्चित करते हुए सुशासन को बढ़ावा देना है। सीनियर फैकल्टी ने महिला ग्राम प्रधानों को सम्बोधित करते हुए बताया कि सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए निरन्तर प्रयासरत है। महिला ग्राम प्रधान अपने अधिकारों को जानते हुए इसका पूर्ण सदुपयोग अपने ग्राम पंचायत के संर्वागीण विकास में करें। महिला ग्राम प्रधान ग्राम सभा की बैठक में भाग लेने के साथ-साथ ग्राम पंचायत में हो रहे निर्माण कार्यो की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए पंचायत की महिलाओं के साथ बैठक कर उन्हें उनके अधिकारों के बारे में बताएं।



प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक शहनाज सिद्दकी ने बताया कि लैंगिक आधार पर अगर ग्रामीण महिलाओं के कार्यो का विभाजन किया जाए तो महिलाएं सबसे ज्यादा घरों में काम करती हैं, लेकिन उनके कार्यो का मूल्यांकन बहुत ही कम आंका जाता है। प्रषिक्षक शहनाज सिद्दकी एंव षिवानी ने संयुक्त रूप से जेंडर, लिंग, पितृसभा पर वैचारिक समझ आदि पर महिला ग्राम प्रधानों को जानकारी दी तथा पॉवर वॉक एवं प्ले कॉर्ड आदि के माध्यम से विभिन्न गति. विधियों के अन्तर्गत महिला ग्राम प्रधानों में नेतृत्व क्षमता के विकास की प्रक्रिया को समझाया।

प्रशिक्षण के दौरान अवनीश कुमार खण्ड प्रेरक एंव राजेश कुमार खण्ड प्रेरक विकास खण्ड मूढॉपाण्डे तथा विकास खण्ड डिलारी से सत्यवीर सिंह खण्ड प्रेरक द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया।

## नाम परिवर्तन सूचना

मेरा नाम पासपोर्ट में JUBER KHAN और मेरे पिता का नाम AYOOB KHAN है जो गलत है, वास्तव में मेरा नाम अन्य दस्तावेजों ZUBER KHAN और मेरे पिता का नाम AYYUB KHAN है जो सही है और पासपोर्ट में मेरी जन्मतिथि 17.02.1991 अंकित है जो गलत है। मेरे अन्य दस्तावेजों में मेरी जन्मतिथि 12.05.1994 है जो सही है। भविष्य में मुझे इसी नाम और इसी जन्मतिथि से जाना व पहचाना जाए। **जुबेर खान पुत्र अय्यूव खान निवासी ग्राम रहटामाफी तहसील ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।**

हेतु संर्दिशत करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू०डि०) महोदय मुरादाबाद।**
विविध वाद सं0: 168/2023
**तारीख पेशी:** 13.11.2025
**राम मोहन बनाम श्रीमती बृजवाला आदि**
राम मोहन आयु 78 वर्ष पुत्र स्व. श्री दौलत सिंह दुकानदार दुकान स्थित पट-पट सराय बाजार गंज तहसील व जिला मुरादाबाद-**वादी।**
**बनाम**
1. श्रीमती बृजवाला देवी आयु 55 वर्ष पत्नी स्व. मुकेश कुमार सक्सैना, 2. पवन सक्सैना आयु 28 वर्ष पुत्र स्व. मुकेश कुमार सक्सैना निवासीगण गली नं. 6 बैंक कालोनी निकट सरदार की चक्की, काशीराम नगर तहसील व जिला मुरादाबाद, 3. अनिल सक्सैना आयु 67 वर्ष, 4. श्री वीरेन्द्र सक्सैना आयु 57 वर्ष पुत्रगण स्व. शिवचरण लाल निवासीगण मं.नं. 2/660 बुद्धि विहार, दिल्ली रोड तह. व जिला मुरादाबाद, 5. शैलेन्द्र कुमार सक्सैना, 6. सुशील कुमार सक्सैना, 7. श्रीमती कामिनी सक्सैना पत्नी स्व. महेन्द्र कुमार सक्सैना, 8. कुमारी मोनिका सक्सैना पुत्री स्व. महेन्द्र कुमार सक्सैना निवासीगण मकान नं. ई-11, शास्त्री नगर, पोस्ट इज्जतनगर तहसील व जिला बरेली-**प्रतिवादी गण।** चूंकि उपर्रिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के माह 11 के दिवस 13 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवे. दन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 10 के दिवस 09 को निकाली गयी है।
**मुन्सरिम**
**न्यायालय सिविल जज**
**(जू०डि०), मुरादाबाद।**

# जर्जर विद्युत तार दे रहे हादसों को दावत

**बिलारी।** क्षेत्र में अनेक स्थानों पर ढीले विद्युत तार खतरा बने हुए हैं, शिकायतों के बावजूद महकमा सुधार करने को तैयार नहीं है उल्टे शिकायतकर्ता पर ही खर्चा डालने को कहता है। नगर में सीचसी मार्ग पर सड़क में हाई टेंशन विद्युत खंभा लगा हुआ है जो हर समय राहगीरों के लिए खतरा है इसकी शिकायत जनहित में व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन ने की थी तो बिजली महकमा कहता है कि इसको शिफ्ट करने का खर्चा आपको ही जमा करना होगा हमारे विभाग का नियम है कि शिकायतकर्ता से ही खर्च जमा कराया जाए। अबूपुरा खुर्द के कृषक दुष्यंत चौहान का कहना है ढीले विद्युत तारों की चिंगारी से दो साल से उनकी फसल जल रही है तमाम प्रार्थना पत्र उन्होंने अधिकारियों को दिए परंतु सुनने को तैयार नहीं है। तेरह अक्टूबर को अबूपुरा खुर्द गांव के कृषक हर ज्ञान सिंह हाई टेंशन करंट लगने से झुलस गये थे उन्हें सीएचसी लाया गया था इलाज के बाद उसकी जान बच पाई अभी पूरी तरह से स्वस्थ नहीं हैं। दुष्यंत चौहान का कहना है दो साल से लगातार उनके गन्ने की फसल में इन ढीले विद्युत तारों के कारण आग लग रही है शिकायतों का अधिकारी संज्ञान नहीं लेते ऐसे में निरंतर उन्हें नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया जेई का कहना है कि इसमें सुधार कार्य का खर्चा आपको देना होगा। इनका कहना है कि स्थानीय स्तर पर समाधान नहीं होने पर अब मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत भेजी है। इधर मुरादाबाद के मंडी समिति निवासी विपिन सिंह की ढीले विद्युत तारों की चिंगारी से मनकुला गांव में पांच बीघा गन्ने का खेत भी सोमवार को जल गया था।



# टीएमयू कैंपस में प्रज्ञानंद मुनि महाराज समेत पांच जैन संतों का मंगल प्रवेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में प्रज्ञाश्रवण उपाध्याय श्री 108 प्रज्ञानंद मुनि महाराज जी, मुनि श्री सभ्यानंद जी मुनिराज, कर्मयोगी क्षुल्लकरत्न गिरनार पीठाधीश श्री 105 समर्पण सागर जी महाराज, क्षुल्लक श्री 105 दिव्यानंद जी महाराज, क्षुल्लक श्री 105 प्रबुद्धानंद जी महाराज सरीखे जैन संतों का मंगलवार को टीएमयू कैंपस में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इन संतों का यूनिवर्सिटी के मुख्य द्वार पर कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन, श्रीमती ऋचा जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन, श्रीमती जहान्वी जैन समेत जिनालय परिवार ने आस्थामय स्वागत किया। यहां से ये संत जयकारों के बीच जिनालय पहुंचे, जहां कुलाधिपति परिवार ने प्रज्ञाश्रवण उपाध्याय श्री 108 प्रज्ञानंद मुनि महाराज जी का पाद प्राक्षालन करके आरती की। तुरंत बाद प्रज्ञाश्रवण श्री के सानिध्य में विधि-विधान से जिनालय में हस्तिनापुर से आए 1008 श्री आदिनाथ भगवान की चार प्रतिमाओं का अभिषेक करके शांतिधारा की। इससे पूर्व जयकारों के बीच हस्तिनापुर के जम्बूद्वीप से आई प्रतिमाओं को जिनालय में वेदी पर विराजमान कर दिया गया। उल्लेखनीय है, ये प्रतिमाएं श्री मज्जिनेन्द्र कल्पद्रुम महामण्डल विधान एवम् विश्व शांति महायज्ञ में समोशरण की साक्षी बनेंगी। खास बात यह है, ये प्रतिमाएं गणिनी प्रमुख ज्ञानमती माताजी के आशीर्वाद से मंगलवार की सुबह ही जिनालय पहुंची हैं। जिनालय से ये संत भवन को रवाना हो गए। तय कार्यक्रम के अनुसार कल्पद्रुम महामण्डल विधान 30 अक्टूबर को प्रारम्भ होगा, जिसमें इन संतों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। श्री मज्जिनेन्द्र कल्पद्रुम महामण्डल विधान एवम् विश्व शांति महायज्ञ 07 नवंबर तक चलेगा। विधान में प्रातः 06 बजे अभिषेक और शांतिधारा, साढे आठ बजे प्रवचन/विधान प्रारम्भ, जबकि सांय 07 बजे आरती, 07:30 बजे शास्त्र प्रवचन, रात्रि 08: 00 बजे सांस्कृतिक/ धार्मिक कार्यक्रम होंगे। साथ ही 30 अक्टूबर को प्रातः 06 बजे देव आज्ञा, घट यात्रा, ध्वजारोहण, 03 नवंबर को रात्रि 08:30 बजे सौधर्मसभा, 04 नवंबर को रात्रि 08:30 बजे चक्रवर्ती दरबार, 05 नवंबर को प्रातः 08:30 बजे दिग्विजय यात्रा, रात्रि 08:30 बजे बाहुबली दरबार, 06 नवंबर को रात्रि 08:30 बजे अहिंसक युद्ध, 07 नवंबर को विश्वशांति महायज्ञ का विशेष आयोजन होगा। इस मौके पर मुरादाबाद जैन समाज के अध्यक्ष श्री अनिल जैन, वीसी प्रो. वीके जैन, डॉ. कल्पना जैन, प्रो. रवि जैन, प्रो. विपिन जैन, डॉ. विनीता जैन, डॉ. नीलिमा जैन, डॉ. अर्चना जैन के अलावा श्री प्रयास जैन, श्री धार्मिक जैन, श्री सर्वज्ञ जैन, श्री श्रीष जैन, श्री अभिषेक जैन, श्रीमती अहिंसा जैन, श्रीमती स्वाति जैन, श्री सौम्य जैन, श्रीमती विनीता जैन, श्री पारस जैन, श्री चिराग जैन, श्री अंकित जैन आदि मौजूद रहे।



हेतु संर्दिशत करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू०डि०) महोदय मुरादाबाद।**
उत्तराधिकार वाद सं0: 124/2024
**तारीख पेशी:** 01.11.2025
सोनू पाल **बनाम** अजीत पाल आदि
सोनू पाल उम्र 42 वर्ष पुत्र स्व. श्री जुगल किशोर निवासी 45-ए, सांई धाम कालोनी दीनदयाल नगर फेज-2 टयूबवैल पार्क एमडीए मुरादाबाद
**बनाम**
**जनता आम** निवासी तहसील व जिला मुरादाबाद-**प्रतिवादी।**
चूंकि उपर्रिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के माह 11 के दिवस 01 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 10 के दिवस 09 को निकाली गयी है।
**मुन्सरिम**
**न्यायालय सिविल जज**
**(जू०डि०), मुरादाबाद।**

# गौशाला रोड पर पहुंचा पालिका प्रशासन

## मजार के पास निर्माण की सूचना पर प्रशासन की कार्रवाई, जांच में निकली सच्चाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** गौशाला रोड स्थित एक निर्माण कार्य को लेकर प्रशासन को भ्रामक सूचना मिलने से हड़कंप मच गया। किसी व्यक्ति ने उपजिलाधिकारी चन्दौसी को फोन पर सूचित किया कि गौशाला रोड पर रोड से हटकर मजार-मस्जिद के पास बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जा रहा है। सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी, ईओ धर्मराज राम, इंस्पेक्टर मोहित बालियान, एसएफसी सुनील कुमार तथा नगरपालिका दल के साथ मौके पर पहुंचे जहाँ निर्माण कार्य को तत्काल रोक दिया गया। स्थानीय लोगों ने अधिकारियों को बताया कि यह प्लॉट गाटा संख्या 202 पर स्थित है, जिसके पीछे मस्जिद और बराबर में एक मजार बनी हुई है। मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार, ईओ धर्मराज राम और हल्का लेखपाल द्वारा तत्काल पैमाइश कराई गई। जांच में सामने आया कि जिस प्लॉट के पास मजार है, उसका बैनामा विधि अनुसार सही नहीं किया गया था। उक्त भूमि का बैनामा चंद्रप्रकाश मखीजा निवासी



गणेश कॉलोनी चन्दौसी के नाम बताया गया। इस भूभाग में अन्य लोगों के नाम पर भी प्लॉट लिए गए थे, जिनमें मालती यादव का नाम भी शामिल है। भूमि के स्वामित्व की जांच में स्पष्ट हुआ कि मूल रूप से यह जमीन दो मुस्लिम भाइयों के नाम पर थी।

दूसरी पीढ़ी में एक भाई के छह बेटे और दूसरे की एक बेटी थी। बाद में दोनों परिवारों के बीच रिश्तेदारी (शादी) होने के उपरांत आपसी समझौते से बंटवारा हुआ। मस्जिद वाले हिस्से को धार्मिक स्थल होने के कारण बिक्री योग्य नहीं माना गया और उसे अधिक भाग दिया गया। दोनों पक्षों के बीच सात अनुपात एक का बंटवारा न्यायालय में हुआ था। प्रशासन ने पाया कि सूचना भ्रामक थी, जिसके बाद जेसीबी की सहायता से खुदाई गई मिट्टी को पुन: भरवा दिया गया।

मौके पर नायब तहसीलदार, ईओ धर्मराज राम, सफाई निरीक्षक सुनील कुमार, लेखपाल वरुण कुमार, इंस्पेक्टर मोहित बालियान, एसआई आवास विकास इंचार्ज एवं पुलिस बल मौजूद रहा।

## नगरपालिका की भूमि पर बने 34 मकानों का ध्वस्तीकरण होना रुका, मामले की होगी समीक्षा

**चन्दौसी (शाह टाइम्स संवाददाता)।** नगरपालिका की भूमि पर अनधिकृत रूप से बनाए गए मकानों के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही फिलहाल रोक दी गई है। न्यायालय द्वारा इन अवैध निर्माणों को हटाने का आदेश दिया गया था और यह कार्रवाई 27 अक्टूबर को प्रस्तावित थी। मामले की शुरुआत वर्ष 2025 के मार्च माह में हुई थी, जब जिलाधिकारी सम्भल डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने विवादित भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया था। इस दौरान तहसीलदार धीरेन्द्र सिंह सहित राजस्व विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद रही। पैमाइश के दौरान लगभग साढ़े छह बीघा नगरपालिका भूमि पर एक मस्जिद और 34 मकान पाए गए थे। जांच के क्रम में सभी मकान स्वामियों से बैनामा और स्वामित्व संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया। नोटिस जारी होने के बाद अधिकांश मकान मालिकों ने अपने दस्तावेज तहसील में जमा किए। प्रशासनिक आदेश के तहत रजा-ए-मुस्तफा मस्जिद को ध्वस्त किया गया, जिसके बाद शेष 34 मकान स्वामियों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर दी। उच्च न्यायालय ने सुनवाई के दौरान मंडलायुक्त को छह माह के भीतर जांच पूरी करने का निर्देश दिया था। जांच पूर्ण होने के बाद मंडलायुक्त ने संबंधित सभी मकानों को ध्वस्त करने की अनुशंसा की। हालांकि अब नगरपालिका ने उच्च न्यायालय के आदेश की समीक्षा का हवाला देते हुए फिलहाल ध्वस्तीकरण की कार्यवाही पर अस्थायी रोक लगा दी है। नगरपालिका के ईओ धर्मराज राम ने बताया कि समीक्षा रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# उगते हुए सूर्य को अर्ध्य देकर महिलाओं ने छठ पूजा का किया समापन, सुख समृद्धि की मनोकामना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** पूर्वांचल में धूमधाम से मनाए जाने वाला छठ पूजा नगर के रामलीला मैदान में धूमधाम से छठ के चौथे दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ देकर व्रती महिलाओं ने छठ व्रत का पूर्ण किया।

बता दे की छठ पूजा का यह पर्व पूर्वांचल में पहले मनाया जाता था मगर आज के समय में लोक आस्था का पर्व छठ पूजा देश में भी मनाया जाता है इस दिन महिलाएं 36 घंटे का निर्जल व्रत रख अपने परिवार की सुख समृद्धि व पुत्र प्राप्ति के लिए यहां व्रत किया जाता है यह व्रत शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है छठ पूजा के दौरान पुलिस विभाग का भी बहुत योगदान रहा बता दे की पहली बार छठ पूजा के मैदान में क्षेत्र अधिकारी और कोतवाली प्रभारी पहुंचे और नगर दरोगा और कांस्टेबल ने छठ पूजा की सुरक्षा व्यवस्था के को लेकर कड़ी निगरानी रखी। जिससे लोगों में पुलिस के प्रति भी खुशी जाहिर हुई। मनाने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद तीसरे दिन व्रती महिलाओं ने अस्त होते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया है।

यह दिन भक्ति आस्था और समर्पण का प्रतीक है। इस दिन प्रति महिलाएं पूरे दिन निर्जला व्रत रखती



हैं और सुबह में उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर सूर्य देव और छठी मैया से आशीर्वाद मांगती है। घाट पर पहुंचकर व्रती महिलाएं मिट्टी के चूल्हे पर बने प्रसाद ठेकुआ, गुड़ की खीर, चावल ,फल और गन्ना शामिल करती हैं, और यह प्रसाद के रूप में बांस के सूप में सजाती हैं और सूर्य देव को अर्घ्य देने के लिए कृत्रिम रूप से बने तालाब में खड़ी होकर उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देती है। इस दिन महिलाएं छठ मैया की गुणगान करती हैं। लोक आस्था का प्रतीक छठ पर्व आज पूरी दुनिया में प्रसिद्ध होता जा रहा है। और लोग इसे अपनी आस्था के अनुसार मना रहे हैं। रामलीला मैदान में बने कृत्रिम तालाब में व्रती महिलाओं ने उगते हुए सूर्य की प्रतीक्षा कर सूर्य के उगने के बाद अर्घ्य दिया।

वर्ग देने के पश्चात प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस दौरान पूजा में जितेंद्र प्रसाद, सुगन यादव, जयराम यादव, मुन्ना लाल चोरसिया, आकाश मिश्रा, ओमप्रकाश दुबे, रास बिहारी ओझा, संतोष दुबे, मनोज पांडे, संजय दुबे, लाल बाबू यादव , सुशांति देवी, राज कुमारी, शिव कुमारी, नीतू देवी, गुड़िया देवी, कुंती देवी आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# गन्ना किसानों की मांगों पर हुआ समझौता, घटतौली पर लगेगी रोक , भाकियू (टिकैत) ने जताई संतुष्टि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला अध्यक्ष घनेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में गन्ना किसानों की समस्याओं को लेकर प्रशासन एवं मिल प्रबंधन के साथ वार्ता हुई, । जिसमें किसानों की प्रमुख मांगों पर सहमति बनी।

समझौते के अनुसार अब किसी भी गन्ना खरीद केंद्र या मिल गेट पर गन्ने की घटतौली नहीं की जाएगी। फैक्ट्री द्वारा दी जाने वाली गन्ने की वैरायटी को उसी दर पर उपलब्ध कराया जाएगा, जिस दर पर बीज फैक्ट्री से किसानों को दिया जाता है। साथ ही साफ-सुथरा व गुणवत्ता युक्त बीज किसानों को प्रदान किया जाएगा। बैठक में गन्ना केवल ट्रैक के माध्यम से ही ढुलवाया जाएगा। इसके अतिरिक्त मैल्ली (शुगर वेस्ट) किसानों को ही प्राथमिकता के आधार पर दी जाएगी। किसानों को गन्ने में कीट नियंत्रण के लिए अनुदानयुक्त असली दवा व एन.पी.के. सहित अन्य खाद उपलब्ध कराने पर भी सहमति बनी। किसान जिला अध्यक्ष घनेन्द्र शर्मा ने बताया कि यदि भविष्य में किसी केंद्र पर घटतौली या किसानों के साथ भेदभाव किया गया तो भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी। इस अवसर पर चौधरी राजेंद्र सिंह, शिवराज सिंह, सोमबीर, सुमित चौहान, नारायन सिंह, अय्यूब अली, नेकपाल सिंह,, उदयपाल सिंह, सोमवीर सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पॉक्सो एक्ट के दोषी को 5 वर्ष का कारावास 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** महिला सम्बन्धी अपराधों के मामलों में न्यायालय ने सख्ती का रुख अखिृयार कर रखा है। पिछले छह माह से लगातार न्यायालय का 'न्याय का हंटर' अविरल रूप से चल रहा है। महिला सम्बन्धी अपराध करने वाले अपराधियों में भय का माहौल है। इसी क्रम में मंगलवार को जनपद न्यायालय सम्भल स्थित चन्दौसी में अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह की अदालत ने एक नाबालिग बच्ची से छेड़छाड़ के मामले में आरोपी को सजा सुनाई। मामला थाना रजपुरा क्षेत्र के ग्राम कमालपुर का है। अभियुक्त राजू पुत्र रमेश निवासी कमालपुर थाना रजपुरा जनपद सम्भल के विरुद्ध वादी योगेन्द्र द्वारा अपराध संख्या 158/2018 दर्ज कराया गया था। इस प्रकरण में आरोपी पर धारा 354क भा.दं.सं. तथा पॉक्सो एक्ट के तहत आरोप लगाए गए थे। न्यायालय ने अभियोजन पक्ष द्वारा



प्रस्तुत साक्ष्यों को पर्याप्त मानते हुए राजू को दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने दोषी को 05 वर्ष के कारावास तथा 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। साथ ही न्यायालय ने आदेश दिया कि अभियुक्त द्वारा जेल में बिताई गई अवधि को इसी सजा में समायोजित किया जाए। आदेश के अनुपालन में दोषी राजू को न्यायालय द्वारा कारागार भेज दिया गया।

## अवैध शस्त्र के मामले में आरोपी दंडित

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन कन्विक्शन' अभियान के अंतर्गत संभल पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस की प्रभावी पैरवी और गुणवत्तापूर्ण विवेचना के चलते अवैध शस्त्र मामले के आरा. पी गुलफाम उपरोक्त निवासी करहल्ली थाना हयातनगर जनपद संभल को न्यायालय ने दोषी पाते हुए जेल में बिताई अवधि (03 दिन) के कारावास एवं 500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। यह मामला मुकदमा संख्या 151/1996 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना हयातनगर से संबंधित था। इस निर्णय में एपीओ संतोष कुमार यादव, कोर्ट पैरोकार कां. विजय सिंह थाना हयातनगर तथा कां. नफीस अहमद कोर्ट नोहरिया का सराहनीय योगदान रहा।

# स्वच्छता के प्रति बच्चों को किया जागरुक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में बच्चों को स्वच्छ भारत अभियान से अंतर्गत स्वच्छता से संबंधित जानकारी दी गई जिससे बच्चो में स्वच्छता के प्रति जागरुकता बढ़ सके और बच्चे लोगों को जागरूक कर सकें। विद्यालय की संचालिका संगीता भार्गव ने बताया कि विद्यालय में सामाजिक कार्यकर्ता नौमान और उनकी टीम बबलू, प्रियंका, अनीता, रामपाल आदि आईटीसी संस्था द्वारा बच्चों को स्वच्छता के बारे में बताया गया जिसमें उन्होंने बताया कि हमारे देश में प्रदूषण बढ़ता ही जा रहा है और आप सभी बच्चे इस देश के भविष्य हो और भविष्य होने के नाते इस देश के लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने बच्चो को बताया कि वो घर में जाकर अपने अभिभावक को बताए कि घर में सूखा कूड़ा और गीला कूड़ा अलग-अलग रखना चाहिए।

कचरा फेंकने के लिए हमेशा कूड़ेदान का उपयोग करें और कचरा सार्वजनिक स्थानों पर न फैलाएं। इस दौरान काजल, प्रिया, शालू, निशा, इशिता, सरिता, रूपाली, सोनल, सिल्की, लक्षिता, आदि अध्यापिकाएं मौजूद रहीं।

## कार्यालय सहायक निबंधक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मौहम्मद शकील द्वारा संस्था कादरी मस्जिद इन्तेजामिया कमेटी, मौहल्ला फतेहपुरी कस्बा भोजपुर तहसील व जिला मुरादाबाद का चेयरमैन दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री. 1. मौहम्मद शकील-चेयरमैन, 2. मौहम्मद मुस्लिम वाईस प्रेसीडेन्ट, 3. मौ० सईद मैनेजर, 4. मैराजद्दीन-डिप्टी मैनेजर, 5. मौ० अनीस ट्रेजरार, 6. जाकिर सेक्रेट्री, 7. मौ० यूनुस डिप्टी सेक्रेट्री दर्शाये गये है। अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जाएगा। विदित हो कि उक्त नोटिस सो०रजि०एक्ट 1860 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से- (आनन्द विक्रम सिंह)**
**सहायक निबंधक**


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।


## शिक्षकों के स्थानांतरण की सूची जारी न होने से रोष

**चन्दौसी।** स्थानांतरण सूची जारी न होने से माध्यमिक शिक्षकों में रोष है। माध्यमिक शिक्षकों द्वारा गैर जनपदीय जिलों में स्थानांतरण सूची जारी न होने पर माध्यमिक शिक्षामंत्री के आवास बाद में गांधी पार्क में धरना दिया था। शिक्षकों को आश्वासन दिया गया कि दीपावली से पूर्ण स्थानांतरण सूची जारी हो जायेगी पर आश्वासन के बाद दीपावली त्यौहार बीत जाने के बाद शासन से सारी औपचारिकताएं पूर्ण होने के उपरांत स्थानांतरण सूची जारी नहीं हुई है। बताया कि अभी तक स्थानांतरण सूची एनओसी के उपरांत जारी नहीं की गई है जिससे प्रदेश के 1700 शिक्षकों में रोष व्याप्त है।

हेतु संर्दिशत करने की सूचना
(साधारण प्रारू)
**न्यायालय श्रीमान लघुवाद न्यायाधीश महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**विविध वाद सं०** 69 सन् 2025
**तारीख पेशी:** 13.11.2025
**सीता राम रस्तौगी प्रति अविनाश चन्द्र अग्रवाल**

**बनाम:**-श्री अविनाश चन्द्र अग्रवाल आयु लगभग 72 वर्ष पुत्र नमालूम दुकानदार दुकान स्थित गाँधी नगर बी-14 शहर व जिला मुरादाबाद एंव दुकानदार दुकान अजनाम ए०आर० कटलरी वर्क्स मौहल्ला लोहागढ़ जैन मन्दिर वाली गली के सामने शहर व जिला मुरादाबाद।

चूंकि उपर्रिनामांकित प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि प्रार्थना पत्र अर्न्तगत धारा 5 सीमा अवधि अधिनियम व्य० प्र० संहिता प्रस्तुत करने में उत्पन्न विलम्ब को क्षमा कर दिया जावे अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये 2025 के 11 वे 13 वे दिवस अर्थात दिनाँक 13.11.2025 को दिन के 11:00 बजे पूर्वान्ह अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनाँक 28.10. 2025 को जारी किया गया।

**प्रबंधक**
**न्यायालय लघुवाद न्यायाधीश जनपद-मुरादाबाद।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत बुढ़ानपुर विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद)।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 28.10.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बुढ़ानपुर विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनार्न्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 07.11.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 07.11.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत (रू. लाख में) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विक्की के घर से तेजपाल के घर तक नाली/सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | ईट, सीमेंट, रोड़ा, टाईल्स आदि। | 60 मी0 | 196849/- | 500 | 2% | 6 माह |
| 2. | रोहताश के घर से यादराम के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 45 मी0 | 208349//- | 500 | 2% | 6 माह |
| 3. | रोड़ से नजाकत के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 46 मी0 | 169132/- | 500 | 2% | 6 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें**:-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत बुढ़ानपुर**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

## कार्यालय ग्राम पंचायत वाजिदपुर तिगरी विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद)।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 28.10.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत वाजिदपुर तिगरी विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनार्न्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 12.11.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 12.11.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत (रू. लाख में) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैन रोड से लड्डन के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ईट, सीमेंट, रोड़ा, टाईल्स आदि। | 30 मी0 | 125392/- | 500 | 2% | 6 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें**:-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत वाजिदपुर तिगरी**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

## अवैध तमंचे के साथ एक युवक गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



कोतवाली क्षेत्र में उपनिरीक्षक किरण पंवार शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र में गश्त कर रहै थे। इस दौरान जब पुलिस टीम पीलकपुर गुमानी मार्ग पर पहुंची तो एक युवक पर शक होने पर उसे रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवक के पास से 12 बोर का एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम साजेब पुत्र कदीर निवासी ग्राम फरीदनगर बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर चालान करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया, जहाँ से अभियुक्त को जेल भेज दिया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक मनीष कुमार कांस्टेबल राजू सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# बाइक से गिरकर घायल हुई महिला की उपचार के दौरान मौत

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** थाना कुढफतेहगढ क्षेत्र में बाइक से गिरकर घायल हुई महिला अनीता (45) पत्नी रमचन्दी निवासी रीठ की मंगलवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। सोमवार को महिला अपने पुत्र अमित के साथ बाइक से बिचौटा चौराहे की ओर से गांव लौट रहे थी। तभी जहांगीरपुर और रीठ के बीच अचानक चलती बाइक से गिरकर घायल हो गई। परिजन घायल महिला अनीता को चन्दौसी ले गए जहां से मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। मंगलवार की दोपहर उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में को.



हराम मच गया। चार वर्ष पहले महिला के पति रमचन्दी की मौत हो चुकी है। महिला की बड़ी बेटी रजनी शादीशुदा हैं तथा दो बेटे अमित व मोहित एवं एक छोटी पुत्री प्रियंका अभी अविवाहित हैं।

## पुलिस ने पशु चोर को किया गिरफ्तार

**भोजपुर।** उप निरीक्षक विपिन कुमार ने गांव लालूवाला मिलक निवासी पशु चोर रिजवान पुत्र मेहंदी हसन उर्फ भूरे को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने 21अक्टूबर को गांव सरदार नगर निवासी किसान भूरा के घर के आंगन में बंधी भैंस चोरी करने की बात कबूली है। पुलिस आरोपी का चिकित्सीय परीक्षण कराकर चालान कर दिया। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया।

## खोया-पाया सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2024, अनुक्रमांक 124068 4993 का अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।
**प्रिंस कुमार पुत्र खूब सिंह निवासी ढक्का करमचंद, धामपुर बिजनौर।**

# वृद्धाश्रम में फल व समोसे वितरित कर दिया सेवा भावना का परिचय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** रामबाग रोड स्थित वृद्धाश्रम में बड़ी संख्या में वृद्ध महिलाएं एवं पुरुष निवास करते हैं, जिन्हें संचालित संस्था द्वारा भोजन, स्वास्थ्य एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।

मंगलवार को मौलागढ़ निवासी अरविन्द पाल ने वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां रह रहे बुजुर्गों को फल एवं समोसे वितरित किए। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और सभी को सम्मानपूर्वक सेवा का संदेश दिया।

## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / चर्तुथ द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशी का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल **IREPS** पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नही होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या | 214-DRM-MB-25-26 Date : 13.10.2025 | 220-DRM-MB-25-26 Date : 23.10.2025 | 221-DRM-MB-25-26 Date : 17.10.2025 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Up gradation/Modernization of Infrastructure at Dhampur goods shed. | Heavy repair to leaky roofs and misc. civil works at various service buildings in the section of SSE/W/HPU under ADEN/HPU. | Heavy repair to worn-out doors, windows, floor, plaster, leaky roof etc, in the staff qtrs., at GMS, SMBL, QXR, BBO & DS under ADEN/HPU. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 20.11.2025 | 20.11.2025 | 20.11.2025 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 | 16:00 | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 4,20,89,234.32 | 73,99,970.23 | 1,17,28,521.61 |
| धरोहर राशि | 3,60,500.00 | 1,48,000.00 | 2,08,700.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 10 माह | 06 माह | 06 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 06.11.2025 | 06.11.2025 | 06.11.2025 |

टेन्डर नं. Sr.DEN-IV/Publication/25-26 दिनांक : 27.10.2025 3343/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




# नबंर-1 पर बरकरार मंधाना

## आईसीसी महिला वनडे बल्लेबाजी में स्मृति मंधाना ने 828 अंकों के साथ अपना दबदबा और मजबूत कर लिया

**दुबई, वार्ता।** भारत की स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने आईसीसी महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपना दबदबा और मजबूत कर लिया है। मौजूदा आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद उन्होंने 828 अंकों के साथ करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार, मंधाना ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 109 और बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 34 रनों की पारी की बदौलत महिला वनडे क्रिकेट में नंबर 1 बल्लेबाज के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद शतक की बदौलत छह पायदान चढ़कर दूसरे (731) स्थान पर पहुंच गईं, जबकि दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ट 90 और 31 रनों की पारी की बदौलत दो पायदान की छलांग के साथ शीर्ष तीन में पहुंच गईं। यह भारतीय सलामी बल्लेबाज के लिए एक शानदार प्रदर्शन है, जिन्हें विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में उनके प्रदर्शन के लिए सितम्बर 2025 के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया था। इस बीच, इंग्लैंड की एमी जोन्स चार पायदान चढ़कर नौवें (656) स्थान पर पहुंचकर शीर्ष 10 में शामिल हो गईं, जबकि एनाबेल सदरलैंड ने शीर्ष 40 में सबसे बड़ी छलांग लगाते हुए 16 पायदान चढ़कर 16वें (613) स्थान पर पहुंच गईं। चोट के कारण टूर्नामेंट के बाकी मैचों में नहीं खेल पाएंगी प्रतीका रावल, 564 की रेटिग के साथ शीर्ष 30 (27वें स्थान) पर पहुंच गई हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में, इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन महिला वनडे गेंदबाजी रैंकिंग (747) में शीर्ष पर बनी हुई हैं, हालांकि लेग स्पिनर अलाना किंग के रूप में एक नई प्रतिद्वंद्वी दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सात विकेट लिए हैं। किंग अपने करियर की सर्वोच्च रेटिंग 698 के साथ पांच स्थान ऊपर पहुंच गई हैं, और टीम की साथी एश्ले गार्डनर को एक स्थान नीचे तीसरे (689) पर खिसकना पड़ा है। पाकिस्तान की नशरा संधू ने बाएं हाथ की ऑर्थोडॉक्स स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा (610) के साथ शीर्ष 10 में प्रवेश किया, जबकि तेज गेंदबाज मारिज़ैन काप और एनाबेल सदरलैंड भी एक स्थान की छलांग लगाकर क्रमशः चौथे और सातवें स्थान पर पहुंच गईं। लेफ्ट आर्म ऑर्थोडॉक्स की एक और प्रतिपादक, लिसे स्मिथ इस हफ्ते सबसे ज़्यादा आगे बढ़ीं और 24 स्थान ऊपर चढ़कर 36वें (444) स्थान पर पहुंच गईं। ऑलराउंडर रैंकिंग में, गार्डनर ने शीर्ष स्थान (रेटिंग 503) पर अपनी पकड़ बनाए रखी, जबकि कैप 422 रेटिंग के साथ वेस्टइंडीज की हेली को पछाड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गईं।

# 18 नवम्बर से शुरू होगा अबू धाबी टी-10




**नई दिल्ली, वार्ता।** अबू धाबी टी-10 18 नवम्बर से शुरू होकर 30 नवम्बर, 2025 तक चलेगा। इस तेज-तर्रार क्रिकेट टूर्नामेंट में लगभग दो हफ्ते तक रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे, जिसमें खेल के कुछ सबसे बड़े नाम शामिल होंगे।

सीजन के शुरुआती मैच में क्वेटा क्वालीफायर का सामना नॉर्दर्न वॉरियर्स से होगा, जिसके बाद गत विजेता डेक्कन ग्लेडिएटर्स और दिल्ली बुल्स के बीच एक रोमांचक मुकाबला होगा। यह टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला जाएगा, जहां प्रत्येक टीम लीग चरण के दौरान प्रत्येक टीम से भिड़ेगी।

ग्रुप मैचों के बाद, अंक तालिका में शीर्ष चार टीमें प्लेऑफ में पहुंच जाएंगी। प्लेऑफ चरण 29 नवम्बर, 2025 को क्वालिफायर 1 के साथ शुरू होगा, जिसमें लीग चरण की शीर्ष दो टीमें हिस्सा लेंगी।

इस मैच का विजेता फाइनल के लिए जगह बनाएगा, जबकि हारने वाली टीम को क्वालिफायर 2 में एक और मौका मिलेगा। उसी दिन, तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें एलिमिनेटर में भिड़ेंगी। इस मैच का विजेता क्वालिफायर 2 में जाएगा, जबकि हारने वाली टीम प्रतियोगिता से बाहर हो जाएगी। क्वालिफायर 2, जो 30 नवम्बर, 2025 को निर्धारित है।

खेल विशेष

# अगर आप देश के लिए खेलना चाहते हो, तो इसमें गलत क्या है: शमी

**कोलकाता, वार्ता।** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने रणजी ट्रॉफी में गुजरात के खिलाफ धाकड़ प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर से भारतीय टीम का दरवाज़ा खटखटाया है। शमी ने गुजरात के खिलाफ बंगाल की शानदार जीत में अहम भूमिका निभाते हुए पहली पारी में तीन और दूसरी पारी में पांच विकेट लिए हैं। अब शमी के इस सीजन में दो रणजी मैचों में 15 विकेट हो गए हैं। बंगाल ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी का यह मुकाबला 141 रन से जीता। मैच के बाद जब शमी से एक बार फिर भारतीय टीम में उनके चयन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि यह मेरा कमबैक मैच था। मैं अच्छी लय में हूं और लगातार अच्छा प्रदर्शन करने का प्रयास कर रहा हूं। फिर जैसे ही शमी से भारतीय टीम के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने हंसते हुए कहा, ष्यह सवाल तो आना ही था। शमी ने कहा कि अगर आप अपने देश की सेवा करना चाह रहे हों तो इसमें क्या ग़लती है। जब इंजरी के बाद वापसी की सोचते हैं तो खुद को प्रूव करने की कोशिश करते हैं। उसके लिए आपको अच्छा प्रदर्शन करना पड़ता है और अच्छी लय में होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि वैसे ही (चयन के बारे में दिए गए बयान को लेकर) मैं हमेशा कंट्रोवर्सी में रहता हूं। मुझे विलेन बना दिया गया है। (हंसते हुए) आज के जमाने में सोशल मीडिया ऐसी है कि बात का मतलब कहां से कहां पहुंच जाता है। लेकिन अच्छा प्रदर्शन करना ही मेरा काम है। जहां मौक़ा मिलेगा, अच्छा करने की कोशिश करूंगा। बाक़ी ऊपर वाले की मर्ज़ी है। बंगाल मेरा घर है। जितने मैच खेल सकूंगा, वो मेरे लिए एक अच्छी याद की तरह होंगे। यह मेरा किसी भी तरह से कोई कमबैक मैच नहीं था। अगर आप यह पिछले साल बोलते तो मुझे समझ में आता।

# रणजी ट्रॉफी के तीसरे राउंड में मुंबई के लिए खेलेंगे जायसवाल

- **यशस्वी जायसवाल ने अपनी उपलब्धता मुंबई चयन समिति के अध्यक्ष संजय पाटिल को बता दी**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल 1 नवम्बर से शुरू हो रहे अगले दौर के रणजी ट्रॉफी 2025-26 मैच में खेलने के लिए तैयार हैं। मुंबई की टीम इस दौर में जयपुर में राजस्थान के खिलाफ एलीट ग्रुप डी मुकाबला खेलेगी।

ऑस्ट्रेलिया दौरे से लौटने के बाद जायसवाल ने द. अफ्रीका के खिलाफ 14 नवम्बर से कोलकाता में शुरू होने वाली घरेलू टेस्ट सीरीज से पहले खुद को मैच फिट रखने की इच्छा जताई है। यह बीसीसीआई के उस निर्देश के अनुरूप है जिसमें सभी अनुबंधित खिलाड़ियों को उपलब्ध होने पर घरेलू प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने को कहा गया है। सूत्रों के अनुसार, जायसवाल ने अपनी उपलब्धता मुंबई चयन समिति के अध्यक्ष संजय पाटिल को बता दी है। पाटिल और उनकी चयन समिति मंगलवार को समाप्त हो रहे वर्तमान दौर के बाद राजस्थान के खिलाफ मैच के लिए टीम का चयन करेंगे।

अगर जायसवाल खेलते हैं तो यह मई में टीम के प्रति पुनः प्रतिबद्धता जताने के बाद मुंबई के लिए उनकी वापसी होगी। उन्होंने पहले गोवा के लिए एनओसी मांगा था। उन्होंने आखिरी बार मुंबई के लिए जम्मू-कश्मीर के खिलाफ बीकेसी ग्राउंड पर खेले गए ग्रुप मैच में हिस्सा लिया था। ये वही मैच था जिसमें रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद चर्चित रणजी वापसी की थी।

# भारत के वर्चस्व की पहली टी-20 परीक्षा कैनबरा में

- **कैनबरा में 1 साल के शानदार प्रदर्शन से बने आत्मविश्वास के साम्राज्य की रक्षा करने के लिए पहुंच रहा है भारत**




**कैनबरा, वार्ता।** क्रिकेट, जो सबसे अप्रत्याशित निश्चितताओं में से एक है, एक बार फिर संयम और समय की परीक्षा के रूप में सामने आ रहा है। टी-20 वर्चस्व के शिखर पर सवार भारत, कैनबरा में केवल एक मैच खेलने के लिए नहीं, बल्कि एक साल के शानदार प्रदर्शन से बने आत्मविश्वास के साम्राज्य की रक्षा करने के लिए पहुंच रहा है।

आंकड़े कहानी को और पुष्ट करते हैं: एशिया कप में अजेय, टी-20 विश्व चैंपियन का ताज और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने पिछले छह में से पांच मुकाबलों में अजेय। लेकिन असली कहानी तब शुरू होती है जब कैनबरा के ठंडे आसमान के नीचे गेंद स्विंग करती है और मनुका ओवल के प्रशंसक उस पुरानी ऑस्ट्रेलियाई धुन को गुनगुनाने लगते हैं - ष्हम घर पर कभी नहीं हारते। सूर्यकुमार यादव एक ऐसी टीम का नेतृत्व करते हैं जो भारत के नए क्रिकेटिंग मूड का प्रतिबिंब लगती है। अधीर, अभिव्यंजक और अराजकता से बेखौफ। अभिषेक शर्मा, बगावत से भरी कलाई वाले बालक, तिलक वर्मा अपनी शांत अवज्ञा के साथ, और शुभमन गिल, सफ़ेद कपड़ों के कवि से पावर-हिटर बने - ये सभी भारतीय बल्लेबाजी के बदलते चेहरे का प्रतिनिधित्व करते हैं। और फिर आते हैं जसप्रीत बुमराह, भारत के शांत वज्र। उनके स्पेल ने तेज गेंदबाज़ी की भाषा को नए सिरे से लिखा है। न्यूनतम, सटीक, क्रूर रूप से सुंदर। अगर वह दूधिया रोशनी में लय हासिल कर लेते हैं, तो ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी खुद को एक लंबी शाम के चिंतन में डूबा हुआ पा सकते हैं। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया परिचितता और असहजता के एक अजीबोगरीब मिश्रण के साथ आ रहा है। मिचेल मार्श, जो ताकत और बोझ दोनों ढोते हैं, जानते हैं कि उनके खिलाड़ियों में ताकत है - ट्रैविस हेड, मार्कस स्टोइनिस, टिम डेविड - लेकिन शायद रहस्य नहीं। और एडम जम्पा की चतुराई के बिना, उनकी स्पिन की अलमारी उनकी अपेक्षा से कहीं ज्यादा खाली दिखती है। पिच दोनों पक्षों को परेशान करेगी।

एक ऐसी सतह जो शुरुआत में उछाल, बीच में धैर्य और इंतज़ार करने वालों के लिए इनाम देती है। मौसम अपनी शरारतें कर सकता है, बारिश रणनीति को सहज ज्ञान में बदलने की धमकी दे रही है। टॉस, हमेशा की तरह, अनदेखा बारहवां खिलाड़ी बन सकता है।

# होप, पॉवेल और गेंदबाजों ने विंडीज को 16 रनों से दिलाई जीत

- **बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज में शाई होप ने 46 और पॉवेल 44 ने शानदार पारी खेली**




**चटगांव, वार्ता।** वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में 16 रनों की शानदार जीत के साथ शुरुआत की। कप्तान शाई होप (46) और रोवमैन पॉवेल (44) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मेहमान टीम ने 3 विकेट पर 165 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया और फिर बांग्लादेश को 19.4 ओवर में 149 रनों पर ऑल आउट करके इस स्कोर का सफलतापूर्वक बचाव किया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए, विंडीज के बल्लेबाजों ने सतर्क शुरुआत की और पहले दो ओवरों में केवल छह रन ही बना पाए। एलिक अथानाज़े को दो बार जीवनदान मिला - पहला तब जब बांग्लादेश ने उन्हें डायरेक्ट हिट से रन आउट करने का मौका गंवा दिया और फिर जब उनका गलत शॉट सर्कल के ठीक बाहर सुरक्षित रूप से जा गिरा।


तस्कीन अहमद अपने दूसरे ओवर में बेकाबू साबित हुए और उन्होंने तीन वाइड फेंकी और तीन चौके खाए जिससे वेस्टइंडीज को शुरुआत में ही बढ़त मिल गई। सलामी बल्लेबाजों ने 59 रनों की साझेदारी की, लेकिन नौवें ओवर में रिशाद हुसैन की गेंद पर रिवर्स स्वीप करने की कोशिश में अथानाज़े बोल्ड हो गए। वेस्टइंडीज ने अगले दोनों ओवरों में एक-एक छक्का लगाया, जिसके बाद मुस्तफिजुर रहमान ने एक कड़ा ओवर फेंका। इसके बाद मेहमान टीम को दोहरा झटका लगा जब तस्कीन ने 13वें ओवर में लगातार गेंदों पर ब्रैंडन किंग और शेरफेन रदरफोर्ड को आउट कर दिया।

# ओलंपियाड की बोली लगाने और विवादास्पद मुद्दों पर चर्चा होगी

**चेन्नई, वार्ता।** अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) की गोवा में होने वाली बहुप्रतीक्षित वार्षिक आम बैठक में कुछ विवादास्पद मुद्दों के अलावा, 2030 शतरंज ओलंपियाड की भारत द्वारा मेजबानी और अन्य अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों सहित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। आमतौर पर, एआईसीएफ की वार्षिक आम बैठक जून में होती है, लेकिन इस बार यह 30 अक्टूबर को गोवा में होगी, जहां फिडे विश्व कप शतरंज टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। पता चला है कि लेखापरीक्षित खातों को वार्षिक आम बैठक की सूचना और कार्यसूची के साथ सदस्यों को वितरित नहीं किया गया है। कार्यसूची के विषयों में से एक 2030 शतरंज ओलंपियाड और अन्य अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों की मेजबानी के लिए रुचि पत्र आमंत्रित करना है।

# अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियन बने सुजीत

**सर्बिया, वार्ता।** भारतीय पहलवानों ने सर्बिया के नोवी साद में अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में एक शानदार अभियान का समापन किया और कुल नौ पदक - एक स्वर्ण, दो रजत और छह कांस्य - जीते। पुरुष और महिला फ्रीस्टाइल तथा ग्रीको-रोमन कुश्ती में 10-10 भार वर्गों में प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई, जिसमें भारत ने पुरुषों के फ्रीस्टाइल 125 किग्रा को छोड़कर प्रत्येक वर्ग में एक एथलीट को शामिल किया। दुनिया भर के लगभग 700 पहलवानों ने सर्बियाई शहर में प्रतिस्पर्धा की। सुजीत कलकल ने कल पुरुषों के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत को विजयी अंत दिलाया। सुजीत ने अंतिम मुकाबले में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर उज्बेकिस्तान के उमिदजोन जलोलोव, जो सीनियर विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता और पूर्व अंडर-20 चैंपियन हैं, पर 10-0 से जीत हासिल की। उनकी जीत अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के आठ संस्करणों के इतिहास में भारत का चौथा स्वर्ण पदक है। अमन सेहरावत (पुरुष 57 किग्रा) ने 2022 में पहला स्वर्ण पदक जीता, जबकि 2023 में यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के ध्वज तले प्रतिस्पर्धा करने वाली रीतिका हुड्डा ने 2023 संस्करण में महिलाओं के 76 किग्रा वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया। पिछले साल अल्बानिया के तिराना में आयोजित चैंपियनशिप में चिराग चिक्कारा ने पुरुषों के 57 किग्रा वर्ग में एकमात्र स्वर्ण पदक जीता था। इस वर्ष के संस्करण में कुल मिलाकर, भारतीय पहलवानों ने एक स्वर्ण, एक रजत और सात कांस्य पदक हासिल किए। इससे पहले, विश्वजीत मोरे ने अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में ग्रीको-रोमन 55 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतकर भारत का खाता खोला। यह अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में उनका लगातार दूसरा कांस्य पदक है, इससे पहले उन्होंने 2024 में भी ऐसा ही किया था। पूर्व अंडर-20 विश्व चैंपियन प्रिया मलिक ने 76 किग्रा वर्ग में महिलाओं का पहला फ्रीस्टाइल पदक-एक कांस्य-जीता। एशियाई अंडर-20 चैंपियन नेहा शर्मा ने भी महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतकर अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में अपना तीसरा पदक अपने नाम किया।



- **सुजीत कलकल ने पुरुषों के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत को विजयी अंत दिलाया**

# इंग्लैंड को सेमीफाइनल से पहले सोफी के ठीक होने की उम्मीद



**गुवाहाटी, वार्ता।** इंग्लैंड की बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन के एमआरआई स्कैन से पता चला है कि उनके कॉलर बोन के पास के जोड़ में मामूली चोट लगी है। बुधवार (29 अक्टूबर) को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप सेमीफाइनल से पहले उनकी स्थिति का आकलन किया जाएगा। इस झटके के बावजूद, इंग्लैंड क्रिकेट टीम को उम्मीद है कि वह समय पर फिट हो जाएंगी और मैच में खेलेंगी। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के बयान में कहा गया है कि सोफी एक्लेस्टोन के बाएं कंधे के एमआरआई स्कैन के नतीजों से पता चला है कि उनकी कॉलर बोन के पास के जोड़ में मामूली चोट लगी है। बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप सेमीफाइनल से पहले उनकी स्थिति का आकलन जारी रहेगा। एक्लेस्टोन ने इंग्लैंड के सेमीफाइनल तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने 6 मैचों में 3-98 की इकॉनमी से 12 विकेट लिए हैं और इस टूर्नामेंट में अपनी साथी लिसे स्मिथ के साथ संयुक्त रूप से पांचवीं सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। इंग्लैंड 11 अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा, उसने पांच मैच जीते और एक मैच बारिश के बाद पाकिस्तान के खिलाफ अंक साझा किए।

# भारत क्षेत्ररक्षण इकाई के रूप में सुधार करे: सूर्या



- **ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1 बनाम 2 टी-20 सीरीज से पहले, कैनबरा में भारत के वैकल्पिक सत्र में यह उत्साह फिर से दिखाई दिया**

**कैनबरा, वार्ता।** भारतीय टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ज़ोर देकर कहा है कि भारत को क्षेत्ररक्षण इकाई के रूप में सुधार करना चाहिए। इन दिनों भारत के क्षेत्ररक्षण अभ्यासों में एक खास तरह का उत्साह दिखाई देता है। इस अभ्यास में कि माहौलष शब्द का इस्तेमाल अक्सर, और हमेशा एक खास उद्देश्य के साथ किया जाता है। इसका उद्देश्य एक ऐसी ऊर्जा का निर्माण करना है जो इतनी संक्रामक हो कि वह टीम को खेल के सबसे नीरस दौर से भी उबार सके। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ '1 बनाम 2' टी-20 सीरीज़ से पहले, कैनबरा में भारत के वैकल्पिक सत्र में यह उत्साह फिर से स्पष्ट दिखाई दिया। क्षेत्ररक्षण, खासकर कैचिंग, उन कुछ क्षेत्रों में से एक रहा है जहां भारत टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में अपनी सर्वोच्च रैंकिंग की बराबरी करने के लिए संघर्ष करता रहा है। हाल ही में हुए एशिया कप के दौरान भी, जहां उन्होंने बिना कोई मैच हारे जीत हासिल की, क्षेत्ररक्षण निराशाजनक रहा। इसका एक कारण दुबई में रिंग-ऑफ-फायर लाइट्स भी हो सकता है, लेकिन 12 कैच छूटने - जो किसी भी टीम द्वारा सबसे ज्यादा हैं। ने एक अन्यथा प्रभावशाली अभियान पर एक दाग लगा दिया। 2025 की शुरुआत से, भारत की कैचिंग दक्षता 82.7प्रतिशत है और पूर्ण सदस्यों में यह केवल पांचवां स्थान है। कप्तान सूर्यकुमार यादव इस संख्या में सुधार करने के लिए दृढ़ हैं क्योंकि उनकी टीम अगले साल अपने टी20 विश्व कप खिताब की रक्षा करने की तैयारी कर रही है। सूर्यकुमार ने मंगलवार को कहा कि मेरे हिसाब से, कैच छूटेंगे ही। अगर आप फील्डर हैं, तो कैच लेने की कोशिश करेंगे, कैच छूटेगा ही। ठीक वैसे ही जैसे अगर आप बल्लेबाज हैं, तो आउट होंगे। या अगर आप गेंदबाज हैं, तो आप सही जगह पर गेंद डालने की कोशिश करेंगे, लेकिन विकेट नहीं ले पाएंगे। ये सब खेल का हिस्सा हैं। लेकिन मेरे हिसाब से, उसके बाद आप क्या करते हैं, यह ज्यादा महत्वपूर्ण है। आज एक वैकल्पिक सत्र था। लेकिन आज सभी फील्डिंग करने आए। इसका मतलब है कि टीम वाकई कुछ खास करने की दिशा में काम कर रही है। और यह एक ऐसा विभाग है जिसके बारे में मैंने कहा है कि अगर हमें दुनिया की सर्वश्रेष्ठ फील्डिंग इकाई बनना है, तो हमें कड़ी मेहनत करनी होगी। आप देखिए कि कितनी टीमें अच्छे कैच पकड़ती हैं, अच्छी फील्डिंग करती हैं, फील्डिंग के दम पर मैच जीतती हैं। तो अगर बल्लेबाजी हल्की हो या गेंदबाजी थोड़ी-बहुत हो, लेकिन फील्डिंग में, अगर आप एक चीज सही करते हैं।

# श्रेयस अय्यर की हालत स्थिर

- **डॉक्टरों ने पुष्टि की है कि अब उनकी हालत स्थिर है और उन्हें आईसीयू से बाहर कर दिया**

**सिडनी, वार्ता।** भारतीय क्रिकेटर श्रेयस अय्यर की हालत में सुधार के संकेत मिले हैं। डॉक्टरों ने आज पुष्टि की है कि अब उनकी हालत स्थिर है और उन्हें सिडनी के एक अस्पताल के आईसीयू से बाहर कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान मैदान पर लगी गंभीर चोट के कारण आंतरिक रक्तस्त्राव के बाद 30 वर्षीय श्रेयस अय्यर को अस्पताल ले जाया गया था।

अय्यर को यह चोट फील्डिंग के दौरान लगी थी जब उन्होंने एलेक्स कैरी का शानदार कैच लेने के लिए पीछे की ओर डाइव लगाई थी। इस चोट के कारण उनकी बाईं पसली के नीचे गंभीर चोट आई, जिससे आंतरिक रक्त्राव हुआ और शरीर के महत्वपूर्ण अंगों के काफी करीब चोट लगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम ने ड्रेसिंग रूम में लौटने पर अय्यर के महत्वपूर्ण मापदंडों में उतार-चढ़ाव के बाद तुरंत कार्रवाई की और उन्हें पास के एक अस्पताल ले जाया गया। बीसीसीआई ने कल एक बयान जारी कर अय्यर की चोट की प्रकृति और गंभीरता की पुष्टि की। बयान में कहा गया है। श्रेयस अय्यर को 25 अक्टूबर 2025 को सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय बाईं पसली के निचले हिस्से में चोट लग गई थी। उन्हें आगे की जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। स्कैन से पता चला है कि उनकी तिल्ली में कट लग गया है। उनका इलाज चल रहा है, उनकी हालत स्थिर है और वे अच्छी तरह से ठीक हो रहे हैं। बोर्ड ने यह भी पुष्टि की है कि भारतीय टीम के डॉक्टर अय्यर की दैनिक प्रगति पर नजर रखने के लिए सिडनी में उनके साथ रहेंगे।

# मादक पदार्थ के साथ एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मादक पदार्थ के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे सलाखों के पीछे भेज दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद मुरादाबाद पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना गलशहीद पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है।

पुलिस ने एक युवक को अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 28 अक्टूबर को उपनिरीक्षक कृष्णपाल सिंह थाना गलशहीद मय हमराह पुलिस बल के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इस दौरान उन्हें सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध नशीला पदार्थ लेकर घूम रहा है। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुँचकर आरोपी विक्रम सैनी पुत्र रामचरण निवासी भोलानाथ कॉलोनी थाना कटघर, जनपद मुरादाबाद को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 2.53 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल का कहना है कि जनपद में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। ऐसे अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा




## खस्ता हाल सड़क बनी हादसों का सबब, दो लोग गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** खस्ताहाल सड़कों का खामियाजा अब राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। आए दिन दुर्घटनाएँ हो रही हैं, लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग मौन है, मानो किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा हो। शनिवार को चन्दौसी-संभल मार्ग पर भवानीपुर के निकट सड़क की खराब स्थिति ने एक और हादसे को जन्म दिया। बताया गया कि चन्दौसी निवासी नितिन गुप्ता और विनोद रस्तोगी उर्फ कन्हैया स्कूटी से संभल जा रहे थे। जैसे ही वे भवानीपुर पुल के पास पहुंचे, सड़क में बने गड्ढे के कारण स्कूटी अनियंत्रित होकर गिर पड़ी। दोनों को गंभीर चोटें आई जिनका इलाज सिद्धि विनायक अस्पताल बरेली में चल रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क पर लंबे समय से गड्ढे बने हुए हैं, जिनकी मरम्मत के लिए कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाया गया है।

# टिमिट की मेधावी छात्रा का बेस्टल एचआर प्राइवेट लि. कंपनी में एचआर के पद पर चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के छात्र-छात्राओं के लिये वैश्विक कॉर्पोरेट कंपनीयों के द्वार हमेशा खुले हैं व सभी बडी कंपनियाँ टिमिट के छात्र-छात्राओं को अन्य संस्थानों की तुलना में वरीयता प्रदान करती है। टिमिट छात्र-छात्राओं की कार्पोरेट जगत में भारी माँग है। बडी कंपनियों में लगातार छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंन्ट होना संस्थान, फैकल्टिज् व इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ प्लेसमेंट सैल की उत्तम कार्य प्रणाली को दर्शाता है। इसी क्रम में प्रतिष्ठित कंपनी "बेस्टल एचआर प्राइवेट लिमिटेड" ने टिमिट के एमबीए की भाग्यशाली छात्रा पूजा सैनी को एक्जीक्यूटिव - टैलेंट एक्विजिशन के पद पर नई दिल्ली में ज्वाइनिंग हेतु आमंत्रित किया। बेस्टल एचआर प्राइवेट लिमिटेड एक अग्रणी मानव संसाधन सेवा प्रदाता कंपनी है, जो विभिन्न क्षेत्रों में कंपनियों को टैलेंट सॉल्यूशंस, रिक्रूटमेंट और एचआर कंसल्टिंग सेवाएं प्रदान करती है। इस कंपनी में कार्य करना न केवल छात्रों के लिए एक शानदार अवसर है, बल्कि उनके पेशेवर विकास की दिशा में एक सशक्त शुरुआत भी है। पूजा सैनी अब इस प्रतिष्ठित संगठन का हिस्सा बनकर कॉर्पोरेट क्षेत्र में अपने करियर की नई शुरुआत करेंगी। इस अवसर पर प्रो. विपिन जैन डीन - फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि वैश्विक स्तर की कंपनियों में कार्य करते हुये उंचाइयों को प्राप्त करना ही व्यवसायिक एमबीए कोर्स का उद्देश्य होता है यह सफलता टीएमआईएमटी की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, करियर-उन्मुख प्रशिक्षण और छात्राओं की मेहनत का परिणाम है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। टिमिट अपने विद्यार्थियों को रोजगार परक ज्ञान, सम्यक चरित्र व सम्यक दर्शन देने को कटिवद्ध है।

विद्यार्थियों को हर उपलब्ध अवसर का भरपूर लाभ उठाना चाहिये और उन्हे पूरी लगन व मेहनत से अपने सपनों को साकार करना चाहिये। इस अवसर पर कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर के डिप्टी डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर ने कम्पनी के अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त किया व चयनित छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक बधाई दी व उन्होंने कहा कि टिमिट मंडल का अग्रणी संस्थान है और यहां के छात्रों को लगातार उच्च स्तर का प्लेसमेंट मिल रहा है।


पूजा सैनी

# मुरादाबाद की प्रिया ने गुवाहाटी में रचा इतिहास 60 किलोग्राम भार वर्ग में जीता स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मुरादाबाद के सीसीटीसी में कार्यरत प्रिया ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने 79वीं पुरुष एवं 18वीं महिला बॉक्सिंग चौम्पियनशिप 2025-26 में स्वर्ण पदक जीतकर भारतीय रेल और मुरादाबाद मंडल को गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता 24 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक गुवाहाटी (एनएफआरएसए) में आयोजित की गई थी, जिसमें देशभर से विभिन्न जोनों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।प्रिया ने महिला वर्ग के 60 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में अपने प्रतिद्वंद्वी को मात दी और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता के दौरान प्रिया ने अपनी तकनीकी दक्षता, फुर्ती और आत्मविश्वास से सबका दिल जीत लिया। उनके इस प्रदर्शन ने न केवल रेलवे खेल जगत बल्कि पूरे मुरादाबाद मंडल को गर्व से भर दिया है।मंडल रेल प्रबंधक संग्रह मौर्य ने प्रिया को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह सफलता रेलवे कर्मचारियों, विशेषकर महिला कर्मचारियों के लिए प्रेरणाम्रोत है। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद मंडल हमेशा अपने खिलाड़ियों को हर संभव प्रोत्साहन और सहयोग प्रदान करता रहेगा।प्रिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच, साथियों और वरिष्ठ अधिकारियों के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में वह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी रेलवे और मुरादाबाद का नाम रोशन करने के लिए लगातार मेहनत करती रहेंगी।प्रिया की इस जीत से पूरे मुरादाबाद रेल मंडल में खुशी की लहर है और रेलवे परिवार ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।



# मंत्री मत्स्य विभाग ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

■ मत्स्य पालन को प्रोत्साहित करने के लिए दिए जरूरी निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मंत्री मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश डॉ. संजय कुमार निषाद ने सर्किट हाउस में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, जिला विकास अधिकारी श्री गोविंद बल्लभ पाठक, सहायक निदेशक मत्स्य श्री राजे लाल और लीड बैंक मैनेजर सहित अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की और मत्स्य पाल. कों के कल्याण और मत्स्य पालन को प्रोत्साहित करने के लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक के उपरांत उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश में मत्स्य उत्पादन में अन्य प्रदेशों की तुलना में बेहतरीन प्रगति हो रही है। अब उत्तर प्रदेश से अन्य प्रदेशों को मत्स्य बीज एवं अन्य सामग्री निर्यात की जा रही है। जनपद मुरादाबाद में मत्स्य विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि जनपद में ग्राम समाज के 850 तालाब हैं जिनके सापेक्ष 776 तालाबों के पट्टे किए गए हैं। सामूहिक मछुआ दुर्घटना बीमा के अंतर्गत जनपद के 1336 मत्स्य पालक आच्छादित हैं तथा उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष योजना के अंतर्गत मछुआ बाहुल्य ग्रामों में सोलर लाइट एवं हाई मास्ट लाइट स्थापित कराई गई हैं।

उन्होंने कहा कि मुरादाबाद जिले में मत्स्य पालन के लिए अपार संभावनाएं हैं इसलिए मत्स्य पालकों के लिए स्वरोजगार के रूप में मत्स्य पालन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मत्स्य पालकों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा अत्यंत लाभकारी है जिसमें बिना किसी गारंटी के 03 लाख रुपए न्यूनतम ब्याज दरों पर उपलब्ध कराया जाता है। विभाग द्वारा संचालित प्रत्येक योजना का पात्रता के अनुसार पारदर्शी तरीके से मत्स्य पालकों को लाभ मिले इसके लिए विभागीय अधिकारियों को गंभीरता बरतने के लिए निर्देश दिए गए हैं। मछुआ कल्याण कोष विभाग की महत्वकांक्षी पहल है जिसमें मछुआरों के बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करने की व्यवस्था है इसके साथ ही मछुआ समुदाय के लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा भी प्रदान की जा रही है। मत्स्य पालकों को एक्सपोजर विजिट भी कराई जा रही है ताकि वे सफल मत्स्य पालकों के तरीकों को समझ सकें और उसके अनुसार बेहतर तरीके से मत्स्य पालन कर सकें। इस दौरान उन्होंने निषाद राज बोट सब्सिडी योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य किसान सह समृद्धि योजना आदि के बारे में भी जानकारी दी।



# डीएम ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान की प्रगति को लेकर की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। शासन के निर्देशानुसार 5 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक दस्तक अभियान भी जारी है। दस्तक अभियान के अंतर्गत आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा अनिवार्य रूप से गृह भ्रमण करने के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि गृह भ्रमण के दौरान आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्री की यह जिम्मेदारी है कि वह बुखार के रोगियों की सूची, इन्फ्लूएंजा रोगियों की सूची, क्षय रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों की सूची, कुष्ठ रोग, फाइलेरिया एवं कालाजार रोगों के लक्षण वाले व्यक्तियों की सूची तैयार करेंगी तथा कुपोषित बच्चों का भी चिन्हांकन करेंगी। ग्राम पंचायतों में कराए जा रहे सफाई कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी श्री आलोक शर्मा को निर्देश दिए कि वह ग्राम पंचायतों में विशेष साफ सफाई कार्यों को सख्ती से लागू करने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के संभ्रांतजनों से फीडबैक लेने की व्यवस्था भी विक. सित करें ताकि ग्राम पंचायतों में गंदगी एवं अन्य समस्याओं के बारे में सीधे तौर पर लोगों से जुड़कर समाधान कराया जा सके। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन को जे.ई. जैसी बीमारियों के लक्षणों के बारे में जागरूक बनाया जाए साथ ही आशा और एंबुलेंस ड्राइवरों को भी इन संक्रामक बीमारियों की पहचान करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। स्थानीय निकाय क्षेत्रों में भी संक्रामक बीमारियों की रोकथाम एवं जागरूकता गतिविधियों को लेकर समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह नियमित तौर पर साफ सफाई कार्य करने में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतें।



# क्षतिग्रस्त पुल का किया गया स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे।** ब्लॉक के ग्राम विकनपुर में रामगंगा रजेड़ा नदी पर बना हुआ पुल जोकि पूर्व में भारी बारिश और बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था।

उपरोक्त पुल का आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञों अवधेश पांडेय एवं कमल कंसल द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण क्षेत्र के दर्जनों गांवों का आवागमन बाधित हो गया था।

कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह द्वारा शासन से वार्ता कर समस्या के निराकरण हेतु कार्यवाही की मांग की गई थी। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग अधीक्षण अभियंता सतपाल सिंह, अधिशासी अभियंता कुलदीप संत, सहायक अभियंता सोमपाल सिंह, अवर अभियंता शीशपाल सिंह, लवकुश कुमार, रामकिशोर लोधी, रिंकू ठाकुर, ग्राम प्रधान विकनपुर रामकिशोर, ग्राम प्रधान बागीपुर जटनी आमिर, मोहनलाल, भूरा अली सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के उपरांत क्षेत्रवासियों ने पुनः शीघ्र पुल के निर्माण की उम्मीद जताई है, जिससे क्षेत्रवासियों का आवागमन सुनिश्चित हो सके।







# नगर में 95 नागरिकों ने लिया स्वास्थ्य कैंप का लाभ

## कैंप का शुभारंभ भाजपा के जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** नगर के श्री नरेंद्र भूषण स्कूल द्वारा आयोजित एक स्वास्थ्य कैंप का आयोजन नगर के कुंदरकी फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप पर किया गया।

जिसमें सिद्ध हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक इमरान( ऑर्थोपेडिक), डॉ राजीव वर्मा हृदय( चिकित्सक) ने मरीजो का चेकअप किया इस कैंप का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने किया और इसमें मुफ्त इ सी जी एक्स-रे शुगर की जांच की गई जिसमें लगभग 95 नागरिकों ने इस स्वास्थ्य सेवा का लाभ लिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रमन भूषण एडवोकेट, जिला संयोजक अमर सिंह सैनी, अरविंद सिंह, प्रवीन भूषण अग्रवाल, अनिल जैन, देवेश भूषण,तौसीफ वारसी, नफीस खान आदि उपस्थित रहे।



# ओवरलोड वाहनों पर पुलिस की सख्त कार्रवाई

**ठाकुरद्वारा ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे ओवरलोड वाहनों और अवैध खनन की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन ने देर रात बड़ी कार्रवाई की। एसएसपी के आदेश पर तथा सीओ ठाकुरद्वारा के निर्देशन में थाना पुलिस ने अलग-अलग मार्गों पर चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने सैकड़ों वाहनों की जांच की, जिसमें ओवरलोड और बिना वैध दस्तावेजों के चल रहे पचास से अधिक डंपरों के चालान किए गए। इसके साथ ही चार डंपरों को सीज कर खड़ा कराया गया। पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई केवल औपचारिक नहीं है, बल्कि इसे निरंतर अभियान के रूप में आगे भी जारी रखा जाएगा। अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि जो वाहन चालक या खनन कारोबारी नियमों का उल्लंघन करेंगे, उनके खिलाफ न केवल चालान बल्कि कड़ी कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। कोतवाली प्रभारी संजय पांचाल ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से कुछ खनन कारोबारी ओवरलोडिंग और अवैध ढुलाई कर शासन के राजस्व को नुकसान पहुँचा रहे थे। ऐसे वाहनों से सड़कों को भी भारी नुकसान हो रहा था और आए दिन हादसों का खतरा बना रहता था। इस पर अंकुश लगाने के लिए संयुक्त पुलिस टीमों को क्षेत्र में तैनात किया गया है, जो दिन-रात वाहनों की निगरानी कर रही हैं। इस दौरान उपनिरीक्षक विनीत उपनिरीक्षक तेजपाल उपनिरीक्षक ओमकार सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# भूमि का नायब तहसीलदार ने किया मुआयना, जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर में सुरजनगर रोड स्थित ब्लॉक परिसर की करोड़ों रुपये मूल्य की भूमि पर रसूखदार द्वारा कब्जा किए जाने के मामले में खबरे प्रकाशित होने पर नायबतहस. ीलदार ने मौके पर पहुंचकर ब्लॉक की भूमि का मौका मुआयना किया । देखना है कि स्थानीय प्रशासन द्वारा सरकारी भूमि पर कब्जा करने के आरोप में क्या कार्रवाई होगी और कब होगी ब्लॉक की भूमि कब्जा मुक्त।

नगर के मोहल्ला ताली निवासी एक दबंग और रसूखदार व्यक्ति द्वारा तत्कालीन सरकार में सत्ता की हनक के चलते ब्लॉक की भूमि पर अवैध कब्जा कर दो मंजिला इमारत खड़ी कर दी गई थी। वर्षो से ब्लॉक भूमि की कब्जा करने के मामले को नगर के कुछ दैनिक समाचार पत्रों ने भाजपा सरकार में रसूखदार ,द्वारा की गई ब्लॉक की भूमि को कब्जा मुक्त कराने की खबर को प्रमुखता से प्रका. शित किया तो बीते दिन नायब तहस. ीलदार आदित्य कुमार ने मौके पर पहुंचकर भूमि का मौका मुआयना किया । जबकि इस भूमि के मौका मुआयना करने के दौरान केवल भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले रसूखदार व लेखपाल ही मौजूद रहे। इसमें कोई भी ब्लॉक कर्मचारी ने मौजूद नही थे। यह मुआयना सोचने का विषय हैं। कि बिना ब्लॉक कर्मचारी के मुआयना करना ऐसा लगता है कि मुआयने के नाम पर खानापूर्ति की गई। इससे साफ जाहिर है कि स्थानीय प्रशासन ब्लॉक की भूमि को कब्जा मुक्त कराने और कब्जेदार के खिलाफ 25 वर्ष से भूमि पर कब्जा किए जाने के आरोप में कोई कार्रवाई करने में नाकाम बचता दिखाई दे रहा है। बतादें कि यही कब्जा अगर नगर व देहात के किसी कमजोर व्यक्ति द्वारा किया गया होता तो स्थानीय प्रशासन उसके खिलाफ बुलडोजर सहित अन्य कार्रवाई करता लेकिन इस रसूखदार के खिलाफ कोई अधिकारी क्यों नही कर रहे है। नायाब तहसीलदार ने बताया कि भूमि का मौका मुआयना किया गया है दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जांच के दौरान ब्लॉक की भूमि पर कब्जा पाया गया तो विभागीय कार्रवाई की जाएगी और उच्चाधिकारियों को भी अवगत करा दिया जाएगा। खंड विकास अधिकारी उमाकांत मुदगल ने बताया कि उपजिलाधिकारी ने इस मामले में जो कार्रवाई करेगी वही करेगी हमें जानकारी नही है। दस्तावेजों को देखकर इस मामलें उपजिलाधिकारी पत्र भेजा गया है।




## नशा मुक्ति अभियान के तहत दिलाई शपथ



**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत आज आर पी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्योंडारा कॉलेज के प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा ने छात्रों को शपथ दिलाई की हम सबको तंबाकू का प्रयोग नहीं करना चाहिए तथा लोगों को प्रेरित करना चाहिए कि तंबाकू सेवन से बहुत सी बीमारियां जन्म लेती है कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक श्री हरिशंकर शर्मा ने किया इस अवसर पर डॉक्टर अनुपम गुप्ता दीपक कुमार शर्मा रमेश चंद्र सर्वोत्रीय डॉक्टर अनुपम गुप्ता फरहीन खान ममता रानी हरिशंकर शर्मा कोमल राम महेंद्र कुमार चौधरी आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## जैद के एमबीबीएस में दाखिला होने पर जे एल एम इंटर कॉलेज के स्टाफ ने दी मुबारकबाद

**कुन्दरकी।** जे एल एम इण्टर कॉलेज सन् 2021 के छात्र मुहम्मद जैद का राजकीय मेडीकल कॉलेज शाहजहांपुर में एमबीबीएस में दाखिला होने पर विद्यालय के प्रबंधक खलील अहमद एडवोकेट, प्रधानाचार्य रफत अली खान और शिक्षकों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर शिक्षक तसलीम खान,निशात जहां, मोबीन अख्तर, अब्दुल खालिक, मुहम्मद रिजवान, फिरोज खान, सुहैब उल्लाह, इमरान खान, रिजवान अंसारी, रानी, हुमा अंजुम आदि उपस्थित रहे।



# इजरायल से रक्षा डील

समय की मांग के अनुसार भारत अपनी जल, थल, वायु, सुरक्षा को पूरी तरह सुरक्षित रखने के लिए गंभीर दिखाई दे रहा है और इसके लिए उसने प्रयास भी कर रखे हैं। जो रंग लाते भी दिखाई दे रहे हैं। भारतीय नोसैना का स्वदेश निर्मित सर्वेक्षण पोत इक्षक 6 नवंबर 2025 को कोच्चि के नोसैना अड्डे पर कमीशन किया जाएगा, तो वहीं इंडियन एयरफोर्स ने 6 नए मिड एयर रीफ्यूलिंग (हवाई ईंधन भरने वाले) विमान शामिल करने के लिए इजरायल की कंपनी से 8 हजार करोड़ की डील अंतिम दौर में है। यह कंपनी इजरायल सरकार के स्वामित्व वाली इजरायल एयरक्राफ्ट इंडस्ट्रीज (आईएआई) है। बताया जा रहा है कि इस डील के लिए रूस और यूरोप की कंपनियां भी दौड़ में थी, लेकिन बाजी भारत के हाथ लगी। क्योंकि वह तकनीकी शर्तें और मैक इन इंडिया नियम पूरे नहीं कर पाईं। आईएआई ने ऑफसेट नीति के तहत लगभग 30 फीसदी मैक इन इंडिया सामग्री शामिल करने पर सहमति जताई है। डील के तहत पुराने बोइंग 767 कमीशन विमानों में बदलाव कर उन्हें टेंकर विमानों में बदला जाएगा। इतना ही नहीं नई डील बताती है कि बोइंग 767 विमान को मिड एयर रिफ्यूलिंग विमान में कनवर्ट किया जाना है। यह सौदा बताता है कि भारत इजरायल एक-दूसरे की जरूरत को ध्यान में रखते हुए रक्षा सौदों में आगे बढ़ रहे हैं और उनके बीच अच्छी समझ बन रही है। यह डील भी उसी का परिणाम है। यहां ध्यान देने की बात यह भी है कि भारत सरकार पिछले 15 सालों में कई बार नए टैंकर विमान खरीदने के प्रयास कर चुकी है, लेकिन हर बार किसी न किसी वजह से सौदा अधूरा रह जाता है। वायु सेना अपने पुराने विमानों को धीरे-धीरे हटा रही है। इंडियन आर्मी और एयरफोर्स अपने पुराने चेतक और चीता हेलिकॉप्टरों को हटाकर 200 नए हेलिकॉप्टर खरीदने की तैयारी कर रही है। इनमें 120 हेलिकॉप्टर भारतीय सेना और 80 हेलिकॉप्टर वायु सेना को दिए जाएंगे। ये हेलिकॉप्टर दिन और रात दोनों समय में काम कर सकेंगे। और कई इसी तरह के रक्षा सौदे होने हैं इनमें भारतीय कंपनियों को शामिल करने की बात कही जा रही है। हेलिकॉप्टर सौदे में भी भारतीय कंपनियों को शामिल किया जाएगा जो विदेशी कंपनियों के साथ साझेदारी कर हेलिकॉप्टर बना सकें। मोदी सरकार पर यह आरोप बराबर लगता रहा है कि वह इजरायल के प्रति उदार रही है। यह सब इसलिए है कि वह इजरायल के साथ अपने संबंधों को बेहतर बनाने में लगी है। गाजा जैसे संवेदनशील मामले में भी वह चुप्पी साधे है। हजारों करोड़ रुपये की यह डील बताती है कि भारत के इजरायल से रिश्ते अब नए दौर में प्रवेश कर रहे हैं। इजरायल रक्षा सौदों में हाल के वर्षों में बड़े सहयोगी देश के रूप में सामने आया है। सिंदूर ऑपरेशन के समय में भी उसकी भागेदारी की बात सामने आई थी, जो आपसी मित्रता की मजबूती को दर्शाती है।

## नफरत, वैमनस्य और अराजकता फैलाने वाले बयान



मुस्लिम लड़की लाओ, नौकरी पाओ जैसे संकीर्ण और घृणित बयान समाज में नफरत, वैमनस्य और अराजकता फैलाने वाले हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ सरकार को सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए, यूपी और उत्तराखंड समेत कई राज्यों में धर्म परिवर्तन, लव जिहाद और इस तरह के भड़काऊ नारों के नाम पर कानून को अपने हाथ में लेकर साम्प्रदायिक और जातीय द्वेष फैलाने वाले तत्वों की हरकतें भी अति-निंदनीय हैं, ऐसे असामाजिक व आपराधिक कृत्य संवैधानिक सरकार के लिए खुली चुनौती और खतरा हैं।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# देश के विकास को गति देने के लिए न्यायिक सुधार आवश्यक



**विजय शंकर पांडेय**

अगर हम विश्व के अन्य विकसित देशों की विकास के पथ पर की गई यात्रा पर दृष्टिपात करें तो हम पाएंगे कि इन सभी राष्ट्रों ने सबसे पहले न्याय व्यवस्था, कानून व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य को पुख्ता करने का काम किया लेकिन इनमें से भी सबसे पहले न्याय व्यवस्था को चुस्त और दुरुस्त किए बिना यह देश शायद ही अपना वांछित लक्ष्य प्राप्त करने में सफल हो पाते, यह स्पष्ट है।

पिछले सप्ताह ही एक बार फिर सर्वोच्च न्यायालय ने निचले न्यायालयों में मामलों के निस्तारण में वर्षों का समय लगने पर गम्भीर चिंता व्यक्त की और कहा कि जहां मामले के निस्तारण होने में सालों लग जाते हैं वहीं निर्णयों को लागू कराने के लिए दाखिल किए गए एक्सेक्यूशन प्रार्थना पत्रों में भी सालों का समय लग रहा और आठ लाख से ज्यादा इस तरह के प्रार्थना पत्र वर्षों से लोअर कोर्ट्स में लम्बित हैं, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। सर्वोच्च न्यायालय ने पहले की ही तरह इस स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्थिति अत्यंत गम्भीर है जो स्पष्ट करता है कि हमारी न्यायिक व्यवस्था की स्थिति शोचनीय है और तत्काल आवश्यक सुधरात्मक कदम उठाए जाने बहुत जरूरी हैं। इससे पहले देश की संसद भी कई बार देश की न्यायिक व्यवस्था की लचर हालत पर चिंता व्यक्त करती रही है और स्थिति को सुधारने की मांग उठाती रही है लेकिन दुर्भाग्य से स्थिति में बदलाव लाने के लिए कोई भी ठोस कदम कभी भी सरकारों ने उठाया हो, ऐसा नहीं लगता।

हमारे देश ने वर्ष 2047 यानी स्वतंत्रता प्राप्ति के सौ वर्ष के अंदर पूर्ण विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य निश्चित रूप से प्राप्त किया जा सकता है और इसको प्राप्त करने में कोई कठिनाई नहीं आनी चाहिए ऐसा मैं अपने प्रशासनिक अनुभव के आधार पर कह सकता हूं। लेकिन पूर्ण विकसित राष्ट्र बनने के लिए कई जरूरी कदम शीघ्रातिशीघ्र उठने होंगे क्योंकि वर्ष 2047 अब ज्यादा दूर नहीं है। अगर हम विश्व के अन्य विकसित देशों की विकास के पथ पर की गई यात्रा पर दृष्टिपात करें तो हम पाएंगे कि इन सभी राष्ट्रों ने सबसे पहले न्याय व्यवस्था, कानून व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य को पुखघ्ता करने का काम किया लेकिन इनमें से भी सबसे पहले न्याय व्यवस्था को चुस्त और दुरुस्त किए बिना यह देश शायद ही अपना वांछित लक्ष्य प्राप्त करने में सफल हो पाते, यह स्पष्ट है। स्पष्ट है कि किसी भी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति का मूल आधार ही संविदा यानी कांट्रैक्ट कानूनों का शीघ्र और प्रभावी ढंग से अनुपालन होता है क्योंकि सभी आर्थिक गतिविधियों का प्रारम्भ और अंत संविदा से ही होता है और जब आम जन को लगता है कि देश की न्याय व्यवस्था सभी संविदाओं के न्यायपूर्ण ढंग से अनुपालन कराने में सक्षम है तो लोग निवेश करने और उद्योग धंधों, व्यापार आदि गतिविधियों को प्रारम्भ करने के लिए नि:संकोच आगे आते है। इसी तरह सुदृढ़ न्याय व्यवस्था के बिना कघनून व्यवस्था को कभी भी मजबूत नहीं किया जा सकता, यह भी स्पष्ट है। न्याय व्यवस्था की निष्पक्षता और उसका ईमानदार और प्रभावी होना भी इस बात को सुनिश्चहित करता है कि आम लोगों और खास कर कारोबार से जुड़े लोग बिना किसी कठिनाई के अपने अपने धंधे में निश्चिंत हो कर कार्य कर सकते हैं। सामान्यत: इसी स्थिति को ईज ओफ डूइंग बिजनेस का नाम दिया जाता है और इन परिस्थितियों को स्थापित किए बिना कोई भी देश आज तक विकसित नहीं हो पाया, इतिहास इसका गवाह है। जब हम इस दृष्टि से अपने देश की स्थितियों का परीक्षण करते है तो हमें एक अत्यंत निराशाजनक स्थिति परिलक्षित होती है क्योंकि आज भी हमारा देश ईज ओफ डूइंग बिजनेस यानी व्यापार करने की अनुकूल स्थितियों के मामले में विश्वभर में बहुत ही निचली पायदान पर खड़ा हमको मिलता है। इन्ही स्थितियों के चलते आज हमारा देश विदेशी निवेश के मामले में छोटे-छोटे देशों की तुलना में भी काफी पीछे खड़ा मिलता है। सबसे दु:खद स्थिति तो यह है कि हर साल हजारों की संख्या में करोड़पति भारतीय नागरिक देश छोड़ कर विदेश में बसने के लिए जा रहे हैं, ऐसी खबर पिछले कई वर्षों से देश के प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रही है। यह सोचने की बात है कि जब खुद हमारे करोड़पति देश छोड़ रहे तो कोई विदेशी क्यों यहां निवेश करने को सोंचेगा। यह प्रश्न निश्चित रूप से देश की सरकारों के लिए एक गम्भीर चिंता का विषय होना चाहिए और स्थिति को सुधारने के लिए आज तत्परता से कदम उठाया जाना आज की महती आवश्यकता है, लेकिन दु:ख की बात तो यह है कि ऐसा होता हुआ बिल्कुल भी नहीं दिख रहा। आखिर न्याय व्यवस्था को चुस्त और दुरुस्त करने में क्या कठिनाई है इस पर कोई भी गम्भीर चर्चा देश में आज भी नहीं हो रही है, यह साफ है। इस विषय पर पूर्व में भी जब भी विश्लेषण किया गया तो सबसे पहले न्यायालयों की कमी का ही रोना रोया जाता रहा है। इस में कोई विवाद नहीं कि देश में प्रति दस हजार की जनसंख्या पर केवल दो न्यायिक अधिकारी नियुक्त हैं जबकि विकसित देशों में यह संख्या 6-10 प्रति दस हजार जनसंख्या के बीच में है, जिसमें सुधार लाया जाना अति आवश्यक है और बिना किसी विलम्ब के देश में न्यायालयों की संख्या में कम से कम तीन गुनी की बढ़ोतरी की जानी चाहिए और इसके लिए आवश्यक अवस्थापन सुविधाओं को स्थापित किया जाना चाहिए। इसी के साथ यह भी तो देखा जाना चाहिए की आज स्थापित न्यायालय भी मानकों के अनुसार कार्य कर रहे या नहीं और भारतीय न्यायालयों में तारीख पर तारीख दिए जाने का जो चलन चल पड़ा है उसके लिए कौन जिम्मेदार है। अपने सेवा काल के दौरान न्यायालयों की कार्यप्रणाली में पीठासीन अधिकारी के रूप में भाग लेने एवं उनके पर्यवेक्षण करने के दौरान मैंने पाया कि वर्तमान स्थितियों में भी न्यायालयों की कार्यप्रणाली में कुछ कदम उठा कर बहुत बड़ा सुधार लाया जा सकता। सबसे पहले पूर्णत: झूठे तथ्यों पर आधारित मुकदमे दाखिल करने पर गम्भीर दंड जैसे कम से कम पांच साल की सजा का प्रावधान किया जाना इस सुधार की प्रक्रिया की शुरुआत हो क्योंकि आज हमारी अदालतें नीचे से ऊपर तक, फर्जी मुकदमों के बोझ तले दबी हैं और यह भार रोज बढ़ता जा रहा है। कारण यह है कि झूट बोलने और गलत शपथ पत्र देने के लिए कभी भी कोई दण्डित नहीं होता इसलिए झूंठे मुकघ्दमे दाखिल करके दूसरे पक्ष को वर्षों तक परेशान करने की प्रथा ने हमारी न्याय व्यवस्था को एक प्रकार से पंगु कर रखा है। विश्व के सभी विकसित देशों में गलत बयानी करना एक गम्भीर अपराध है लेकिन हमारे देश में तो लगता है कि जैसे झूंठ बोलना हमारा जन्म सिद्ध अधिकार हो। इसी के साथ पक्षों को नोटिस जारी करने की वर्तमान प्रक्रिया में बदलाव लाकर एक साथ नोटिस, रेजिस्टर्ड डाक, मेसिज, वत्सप्प, मोबाइल फोन पर सूचना और अखघ्बारों में नोटिस मुद्रण की प्रक्रिया निर्धारित की जाए ताकि नोटिस के स्तर पर होने वाले विलम्ब को समाप्त करके शून्य किया जा सके। इसके अतिरिक्त यह भी सुनिश्चहित किया जाना होगा कि न्यायाधीशों को केवल न्यायिक कार्य करने के अलावा न्यायालयों के प्रबंधन आदि से पूर्णत: मुक्त किया जाए और न्यायालयों के प्रबंधन के लिए एक पूर्णत: प्रशिक्षित मैनज्मेंट काडर हो जो मुकदमों के पंजीकरण, तिथि निर्धारण, सामान्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चहित करने का काम करे जैसा कि यूरोप देशों में व्यवस्था है। हमारे देश में अन्य देशों की भांति ही वर्तमान में लागू कघनूनी व्यवस्था के तहत मुकघ्दमे की पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर ही निर्णय दिया जा सकता है, उससे इतर नहीं,इस लिए पक्षों पर बाध्यता हो कि वह मामले से सम्बंधित सभी साक्ष्य मामले में वाद पत्र दायर करने के साथ ही न्यायालय में दाखिल करें और इसी प्रकार प्रतिवादी भी अपने उत्तर के साथ सभी साक्ष्य आदि एक साथ दाखिल करे और इसके लिए कोई भी अतिरिक्त समय ना दिया जाए। अधिकांशत: अतिरिक्त साक्ष्य देने के अवसर के नाम पर तारीखघ पर तारीखघ लगती रहती है। इसी प्रकार न्यायालयों में बहस करने के नाम पर मामलों को वर्षों तक खींचा जाता है जिसको समाप्त करने के लिए प्रत्येक मामले में मौखिक बहस के लिए एक तिथि और एक सीमित समय निर्धारित किए जाने की व्यवस्था की जानी होगी जैसा कि सभी विकसित देशों में है जहां मुकदमे में दूसरी तारीख यानी अजर्नमेंट की व्यवस्था लगभग शून्य है।

(लेखक रिटायर आईएएस हैं ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत की आर्थिक यात्रा: गुलामी का साया!



**वाहिद नसीम**

पूरा विश्व इस समय नए वैश्विक गठजोड़ में अपनी यात्रा का मार्ग तय करने में जुटा हुआ हैं, हर राष्ट्र अपनी किस्मत की सड़क पर चलता बढ़ता चला जा रहा है, वहीं भारत आज एक ऐसे चौराहे पर खड़ा है जहां चारों दिशाएं गहन विचार करने पर विवश करती हैं। जैसे कोई यात्री उकसाया हुआ पहाड़ की चोटी पर चढ़ जाए और फिर नीचे झांक कर देखे कि आगे का रास्ता नीचे की ओर ही जाएगा और बादलों से ढकी चोटियां ऊपर से सूरज की रौशनी मचमक और नीचे चारों ओर अंधेरा, वैसे ही हमारी अर्थव्यवस्था के सामने प्रश्न खड़े हैं। क्या हम स्वतंत्रता की ओर बढ़ रहे हैं या अनजाने में नई जंजीरों में बंध रहे हैं?


पिछले ग्यारह वर्षों (2014 से 2025 तक) की कूटनीति ने हमें यहां पहुंचाया है। एक ऐसा मोड़ जहां पश्चिमी शक्तियों से व्यापार सरप्लस हमें मजबूत बनाता है, लेकिन एशियाई और यूरेशियन देशों के साथ बढ़ता घाटा हमें कमजोर कर सकता है। विचार करें, भारत का व्यापार सरप्लस मुख्यत: अमेरिका और यूरोपीय संघ से आता है। 2024-25 में अमेरिका के साथ कुल व्यापार 132 अरब डॉलर का रहा, जिसमें हमारे निर्यात 86 अरब डॉलर थे। एक सकारात्मक संतुलन। यूरोप के साथ भी यही कहानी है, लेकिन अगर हम इनसे व्यापार बंद कर दें? तब एशिया और यूरेशिया की ओर देखें, जहां हम घाटे में हैं। चीन के साथ 99 अरब डॉलर का घाटा, रूस से 67 अरब डॉलर के आयात (मुख्यत: तेल), संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से 100 अरब डॉलर का व्यापार (तेल और अन्य वस्तुओं से घाटा), सऊदी अरब से 42 अरब डॉलर, ये आंकड़े बताते हैं कि हम इन देशों से तेल, इलेक्ट्रॉनिक पुर्जे और मशीनरी मंगाते हैं, लेकिन बदले में निर्यात करने लायक कुछ खास नहीं। क्या हमारे पास ऐसी कोई वस्तु है जो इन घाटों को पाट सके? अभी दूर तक नजर नहीं आती। जैसे कोई नदी का पानी समुद्र में बहता जाता है, वैसे ही हमारा धन इन देशों की जेब में जाता है।

**अब रुपये में कारोबार की बात**

विशेष रूपी वोस्त्रो अकाउंट्स SRVA के माध्यम से रूस, चीन, सऊदी और यूएई जैसे देश हमारे सरप्लस रूपए को भारत में ही निवेश करते हैं, सरकारी बॉन्ड्स, इंफ्रास्ट्रक्चर और निजी कंपनियों में। 2023-25 में कुल FDI 177 अरब डॉलर से अधिक आई, जिसमें UAE से 7 अरब डॉलर (अदानी ग्रुप और रिलायंस में), सऊदी से 1.5 अरब डॉलर (रिलायंस जामनगर रिफाइनरी में), रूस से 0.05 अरब डॉलर (ONGC और TCS में) और चीन से 0.8 अरब डॉलर (Vivo और Xiaomi जैसी कंपनियों में) A SRVA से इन निवेशों का 10-60 प्रतिशत हिस्सा सेटल होता है, जैसे रूस में 50-60 प्रतिशत, UAE में 30-40 प्रतिशत। यह हिस्सेदारी बढ़ती जा रही है। भारत सरकार को यह रुपये सीधे देने नहीं पड़ते वोस्त्रो अकॉउंट में डाले जाते हैं, लेकिन मेरी महीन दृष्टि से सोचें-क्या यह साझेदारी है या धीमी गुलामी? एक दिन तो आएगा जब यह सभी देश मुनाफा निकालना चाहेंगे। तब क्या वे अपनी हिस्सेदारी यूरोपीय निवेशकों को बेचेंगे या पुराने विदेशी बैंकिंग माफिया को बेचेंगे या फिर भारत से सोना खरीदकर ले जाएंगे? यह बिना प्लानिंग की कुछ ऐसी बेखुदी लगती है, जैसे कोई मेहमान घर में रहकर कुछ पैसे रोज घर में खर्च को देता जाए और फिर एक दिन पूरा हिसाब मांगले और लौटने की क्षमता न होने के कारण घर का मालिक बन जाए, वैसे ही क्या हमारी अर्थव्यवस्था की कमान इनके हाथों में नहीं चली जाएगी? चिंतन गहरा होता है जब हम देखते हैं कि तेल और पुर्जे मंगाकर हम रुपये देते हैं, जो भारत में ही सेटल होते हैं। हिस्सेदारी के रूप में। यह देश सरप्लस कमा रहे हैं, हम घाटे में। गुजरते समय के साथ, क्या भारत इनकी आर्थिक गुलामी में नहीं फंस जाएगा? जैसे पुराने जमाने में ईस्ट इंडिया कंपनी ने व्यापार के नाम पर देश को खरीद लिया था, वैसे ही क्या हमारी नीतियां बड़े व्यापारियों (जैसे रिलायंस और अदानी) को सफल बनाने के चक्कर में कुटीर उद्योगों को कुचल नहीं रही हैं? कुटीर उद्योग-छोटे कारोबारी, किसान, कारीगर.यदि पनपते नहीं, तो अर्थव्यवस्था कंपनियों के हाथों बिक जाएगी। स्मरण रहे संतुलन ही जीवन है। अगर बड़े को बढ़ावा देकर छोटे को भूल गए, तो असंतुलन आएगा। गरीबी, बेरोजगारी और विदेशी निर्भरता। इस स्थिति से बचने के लिए क्या पश्चिमी ताकतों के साथ मिलकर काम करना मजबूरी नहीं बन चुका है? पश्चिमी अर्थव्यवस्थाएं-अमेरिका और यूरोप हमें सरप्लस देती हैं, लेकिन क्या यह टेम्परेरी राहत मात्र है? वे हमें सेवाओं, तकनीक और निवेश देते हैं, लेकिन उनकी अपनी समस्याएं हैं। मुद्रास्फीति, कर्ज। फिर भी, संतुलित कूटनीति में इन्हें शामिल करना जरूरी लगता है। सभी संगठनों में हिस्सेदारी के बावजूद, ना हम उत्पादन में आत्मनिर्भर हो सके,और ना ही रक्षा के क्षेत्र में। चारों तरफ गंभीरता से विचार करें तो भारत सिर्फ एक कंज्यूमर बाजार यानी उपभोक्ता मात्र नजर आता है, जिसका दोहन करने के लिए हर कोई झपटना चाहता है। चुनाव हमारे हाथ में है। अगर हम कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दें, स्वदेशी तकनीक विकसित करें और कूटनीति में संतुलन रखें, तो चौराहे की खाई से बच सकते हैं। अन्यथा, नई ईस्ट इंडिया कंपनियां चाहे एशियाई हों या पश्चिमी हमें गुलाम बना लेंगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक, सामाजिक विषयों के विश्लेषक है, ये उनके निजी विचार हैं)

# जामिया मिल्लिया: विचार की चिंगारी से प्रगति की लो तक





**माहे आलम**

जब हम जामिया मिल्लिया इस्लामिया का नाम उच्चारित करते हैं, तो यह केवल एक विश्वविद्यालय या शिक्षण-संस्थान का स्मरण नहीं कराता, बल्कि यह नाम एक सम्पूर्ण विचार-जगत को उद्घाटित करता है। यह एक ऐसे स्वप्न का प्रतीक है जिसमें भारत की आत्मा अपने सबसे पवित्र स्वरूप में प्रकट होती है। स्वतंत्रता, मानवता, समरसता और नैतिकता के रूप में। जामिया का अर्थ केवल ईंट और पत्थरों की संरचना नहीं, बल्कि उस जीवंत चेतना से है जिसने भारतीय समाज को यह विश्वास दिलाया कि शिक्षा केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मा के उत्कर्ष का पथ है। यह विश्वविद्यालय एक ऐसी परंपरा का प्रतीक बन चुका है जिसमें ज्ञान, कर्म, संस्कृति और सेवा एकाकार हो जाते हैं। बीसवीं शताब्दी का तीसरा दशक भारतीय इतिहास का उथल-पुथल भरा काल था। एक ओर विदेशी शासन की कठोरता थी, दूसरी ओर स्वाधीनता की ज्वाला प्रज्ज्वलित हो रही। ब्रिटिश शासन द्वारा थौंपी गई शिक्षा-प्रणाली भारतीय मस्तिष्क को अनुशासित दास में परिवर्तित कर रही थी। महात्मा गांधी ने इसे 'गुलामी का उपकरण' कहा था और देशवासियों से आह्वान किया था कि वे ऐसी शिक्षा का त्याग करें जो आत्मा को पराधीन बनाती है। इन्हीं विचारों के आलोक में कुछ साहसी शिक्षकों और छात्रों ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से अलग होकर 29 अक्टूबर 1920 को 'जामिया मिल्लिया इस्लामिया' की स्थापना की। इस स्थापना के साथ ही भारतीय शिक्षा को एक नवीन दिशा मिली। ऐसी दिशा जो आत्मनिर्भरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति से संपृक्त थी। यह केवल एक संस्था की उत्पत्ति नहीं थी, बल्कि भारतीय आत्मा की पुन:स्थापना का आरम्भ था। जामिया की स्थापना के तत्काल बाद आर्थिक संकटों ने इस नवजात संस्था की परीक्षा ली, लेकिन संस्थापकों ने इसे केवल एक भवन नहीं, बल्कि एक नैतिक कर्तव्य समझा। मौलाना मुहम्मद अली जौहर, हकीम अजमल खघान और डॉ। मुख्तार अहमद अंसारी जैसे महान नेताओं ने त्याग और तपस्या से इसे जीवित रखा। सरोजिनी नायडू ने कहा था कि जामिया की प्रत्येक ईंट में बलिदान की गंध है। यह वाक्य केवल प्रशंसा नहीं, बल्कि उस युग की आत्मा का साक्ष्य है जिसमें लोग व्यक्तिगत सुख त्यागकर राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता का सपना साकार कर रहे थे। 1926 में जब डॉ. जाािकर हुसैन ने कुलपति का दायित्व संभाला, तब जामिया संकटग्रस्त थी। वित्तीय, संस्थागत और बौद्धिक दृष्टि से। डॉ. हुसैन ने इसे मात्र एक विश्वविद्यालय नहीं, बल्कि अपने जीवन का तपस्थल माना। उनका शिक्षा-दर्शन गांधीजी की 'नई तालीम' से प्रेरित था। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल बुद्धि-विकास नहीं, बल्कि चरित्र-निर्माण और सामाजिक चेतना का प्रस्फुटन है। उनके अनुसार, शिक्षा वही है जो व्यक्ति को समाज की सेवा के योग्य बनाए। जामिया में उन्होंने श्रम को प्रतिष्ठा दी। विद्यार्थियों को हस्तकला, कृषि और सेवा-कार्य में सम्मिलित किया ताकि शिक्षा केवल वाक्पटुता या ज्ञान-संग्रह न रह जाए, बल्कि जीवन के प्रत्एक कर्म में उतर आए। यह विचार कि शिक्षा व्यक्ति को उपयोगी नागरिक के साथ-साथ संवेदनशील मनुष्य बनाती है, आज भी उतना ही प्रासंगिक है। जाािकर हुसैन का यह दृष्टिकोण उस समय के लिए अत्यन्त प्रगतिशील था जब शिक्षा का अर्थ केवल रोजगार प्राप्त करना माना जाता था। उन्होंने स्पष्ट कहा था शिक्षा वह शस्त्र है जो राष्ट्र के नैतिक पुनरुत्थान का माध्यम बन सकती है। आज जब शिक्षा एक व्यावसायिक उपक्रम में रूपांतरित हो रही है, तब यह स्मरण कराना आवश्यक है कि जामिया का उद्देश्य कभी आर्थिक लाभ नहीं, बल्कि नैतिक और बौद्धिक उन्नति रहा है। जामिया का सांस्कृतिक स्वरूप उसकी सबसे अद्वितीय पहचान है। यह वह स्थल रहा जहां भारत की गंगा-जमुनी संस्कृति अपने सबसे स्वाभाविक रूप में जीवित रही। यहां विभिन्न धर्मों, भाषाओं और परंपराओं के विद्यार्थी एक साथ शिक्षा ग्रहण करते रहे। उर्दू की मिठास और हिन्दी की सहजता ने मिलकर एक ऐसा वातावरण रचा जिसमें संवाद विभाजन पर विजई रहा। इस परिसर में विविधता केवल सह-अस्तित्व नहीं, बल्कि सौहार्द का सक्रिय प्रयोग रही। इसी कारण जर्मनी से आई एक यहूदी शिक्षिका गेर्डा फिलिप्सबोर्न, जिन्हें 'आपा जान' कहा जाता था, ने नाजीी अत्याचार से बचकर इस संस्थान को अपना आश्रय बनाया। यह घटना दर्शाती है कि जामिया का विचार सीमाओं से परे है। यह वह भूमि है जहां मानवता धर्म और जाति से ऊपर प्रतिष्ठित होती है। वर्तमान समय में जब समाज धार्मिक और वैचारिक ध्रुवीकरण की दिशा में अग्रसर हो रहा है, तब जामिया की यह परंपरा और भी आवश्यक प्रतीत होती है। यह हमें सिखाती है कि सच्चा राष्ट्रवाद विभाजन में नहीं, एकता में निहित है। शिक्षा का उद्देश्य मनुष्य को संकीर्ण पहचान से मुक्त कर वैश्विक मानवता से जोड़ना है। जामिया ने अपने आचरण से सिद्ध किया कि शिक्षा वही है जो संवाद को जन्म दे, और विचारों के टकराव को सहिष्णुता में रूपांतरित करे। पिछले कुछ वर्षों में जामिया का परिसर अनेक सामाजिक और राजनीतिक आंदोलनों का केंद्र बना। छात्रों ने अपने लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा में आवाज उठाई, और अपने विचारों को शांतिपूर्ण ढंग से व्यक्त किया। दुर्भाग्यवश, कभी-कभी इन आंदोलनों को गलत अर्थों में प्रस्तुत किया गया, परन्तु यह समझना आवश्यक है कि असहमति लोकतंत्र का हृदय है। विश्वविद्यालय वही होता है जहां

(लेखक उप निदेशक (माय भारत), युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, जामिया मिल्लिया इस्लामिया के पूर्व छात्र, प्रशासनिक दक्षता और सामाजिक प्रतिबद्धता के लिए विख्याात हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### संयुक्त राष्ट्र शांति सेना ने इजरायली ड्रोन मार गिराया

**बेरूत।** लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन ने एक इजरायली ड्रोन को मार गिराने का दावा किया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार इजरायली सेना ने कहा कि ड्रोन 'नियमित खुफिया जानकारी इकट्ठा करने की गतिविधि' कर रहा था। प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नदाव शोशानी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि पास में तैनात यूनिफिल बलों ने जानबूझकर ड्रोन पर गोलीबारी की और उसे गिरा दिया। ड्रोन की गतिविधि से यूनिफिल बलों को कोई खतरा नहीं था। उन्होंने कहा कि बाद में इजरायली बलों ने उस क्षेत्र की ओर एक ग्रेनेड गिराया जहां ड्रोन गिरा था।

### ब्रिटिश पत्रकार सैमी हम्दी अमेरिका में गिरफ्तार

**लंदन।** इजरायल के मुखर आलोचक ब्रिटिश पत्रकार सैमी हम्दी को अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) ने गिरफ्तार कर लिया है। गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) की प्रवक्ता ट्रिशिया मैकलॉघलिन ने रविवार को एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अमेरिका में एक भाषण दौरे पर गए हम्दी को हिरासत में ले लिया गया और उनका वीजा रद्द कर दिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि हम्दी देश से निकाले जाने तक आईसीई की हिरासत में रहेंगे।

### बंगलादेश में डेंगू के 983 नए मामले, छह और मरीजों की मौतें

**ढाका।** बंगलादेश में पिछले 24 घंटों में डेंगू के 983 नए मामले सामने आए और छह और लोगों की मौत हुई है। देश भर के विभिन्न अस्पतालों में लगभग 2,800 डेंगू के मरीज इलाज करा रहे हैं। इस साल अब तक डेंगू के कुल मामलों की संख्या 66423 और मृतकों की संख्या 269 तक पहुंच गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले स्वास्थ्य सेवा महा. निदेशालय (डीजीएचएस) ने यह जानकारी दी है।

### ऑस्ट्रेलिया में खदान विस्फोट में दो लोगों की मौत, एक घायल

**सिडनी।** दक्षिण-पूर्वी ऑस्ट्रेलिया में मंगलवार तड़के एक भूमिगत खदान में हुए विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने एक बयान में कहा कि ब्रोकन हिल से लगभग 450 किलोमीटर पूर्व में कोबार स्थित एंडेवर माइन रोड स्थित खदान में विस्फोट की घटना में दो लोगों के गंभीर रूप से घायल होने के बाद आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया। पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें बताया गया कि एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि हुई है। दो महिलाओं को खदान से बाहर लाया गया। हालांकि उनमें से एक की तब तक मृत्यु हो चुकी थी।



**नई दिल्ली। एनसीआर में वायु गुणवत्ता में गिरावट के बाद राष्ट्रपति भवन में धूंध की एक परत छा गई।**

## तुर्की के पश्चिमी बालिकेसिर प्रांत में 6.1 तीव्रता का भूकंप आया

**इस्तांबुल।** तुर्की के पश्चिमी प्रांत बालिकेसिर में सोमवार देर रात 6.1 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे चारो ओर दहशत फैल गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। तुर्की के आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन प्रेसीडेंसी (एएफएडी), जो आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन के लिए जम्मिदार राष्ट्रीय एजेंसी है ने 'एक्स' पर बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार रात 10:48 बजे सिदिरगी जलि में आया। एनटीवी द्वारा प्रसारित फुटेज में भूकंप के झटके महसूस होने पर निवासी सड़कों पर दौड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं।

# फलस्तीन में सैनिक भेजेगा पाकिस्तान!

## इस्लामाबाद मिशन में भाग लेना चाहता है, सरकार व सेना के बीच चर्चा प्रगति के अंतरिम चरण में

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान जल्द यह घोषणा कर सकता है कि वह गाजा के लिए बनाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय स्थिरीकरण बल (आईएसएफ) में अपने सैनिक भेजेगा या नहीं। अधिकारियों ने संकेत दिया कि सरकार इस मिशन में हिस्सा लेने के पक्ष में है। अधिक. ारियों ने इस मामले की संवेदनशीलता के कारण अपने नामों को सार्वजनिक नहीं किया, लेकिन कहा कि सरकार सेना के बीच इस मुद्दे पर चर्चा प्रगति के अंतिम चरण में है।

उनकी बातों से लगता है कि इस्लामाबाद इस मिशन में भाग लेना चाहता है। अमेरिका की मध्यस्थता में किए गए गाजा शांति समझौते में एक मुख्य बिंदु आईएसएफ की स्थापना भी है। आईएसएफ की स्थापना इस्लामी देशों के सैनिकों से की जाएगी। इस बल का काम आंत. रिक सुरक्षा बनाए रखना, हमास को निरस्त्र करना, सीमा शुल्क पर नियंत्रण करना और फलस्तीनी प्रशासन के तहत मानवीय राहत व पुनर्निर्माण में मदद करना होगा। ट्रम्प प्रशासन ने



**आईएसएफ की स्थापना इस्लामी देशों के सैनिकों से की जाएगी**

गाजा में अमेरिकी सैनिक भेजने से इनकार किया। हालांकि, वह इंडोनेशिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), मिस्र, कतर, तुर्की और अजरबैजान से इस बहुराष्ट्रीय बल में शामिल होने के लिए बातचीत कर रहा है। हालांकि, सोमवार को इजरायलके विदेश मंत्री गिदोन सार ने तुर्की के इस बल में शामिल होने का विरोध किया, क्योंकि तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोआन का इजरायलके प्रति 'शत्रुतापूर्ण' रुख है। इजरायलके प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उनका देश तय करेगा कि कौन-कौन सी विदेशी सेनाएं गाजा में आ सकती हैं और उन्होंने तुर्की के सुरक्षा बलों की किसी भी भूमिका का कड़ा विरोध किया। इजरायली मीडिया की रिपोर्ट के मुता. बिक, इजरायलके संसद के विदेश मामलों और रक्षा समितियों के सदस्यों को पिछले हफ्ते एक बंद बैठक में बताया गया कि आईएसएफ में इंडोनेशिया, अजरबैजान और पाकिस्तान के सैनिक होंगे। यह खबर ऐसे समय आई है जब पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर मिस्र और जोर्डन का दौरा कर रहे हैं, जो गाजा में शांति के लिए प्रयासों में शामिल हैं। पाकिस्तानी सेना ने बताया कि उनके दौरे का मकसद रक्षा संबंधों को मजबूत करना है। लेकिन सूत्रों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की 20-बिंदु की गाजा शांति योजना के कमजोर क्रियान्वयन पर चर्चा उनकी बातचीत का मुख्य विषय है।

# पाक ने बांग्लादेश को कराची पोर्ट इस्तेमाल का ऑफर दिया

## 20 साल बाद आर्थिक मुद्दों पर बातचीत, भारत ने बांग्लादेश की ट्रांजिट सुविधा रोकी थी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने बांग्लादेश को अपने कराची पोर्ट का इस्तेमाल करने की पेशकश की है। यह प्रस्ताव दोनों देशों के बीच सोमवार को ढाका में हुई पाकिस्तान-बांग्लादेश जाइंट इकोनामिक कमीशन (जेईसी) की 9वीं बैठक में रखा गया। यह बैठक करीब 20 साल बाद हुई थी। पाकिस्तान का कहना है कि कराची पोर्ट का इस्तेमाल बांग्लादेश को चीन, खाड़ी देशों और सेंट्रल एशिया के बाजारों तक आसान पहुंच दिला सकता है।

भारत सरकार ने 8 अप्रैल, 2025 को एक सर्कुलर जारी करके बांग्लादेश को तीसरे देश-निर्यात के लिए भारत की जमीन से सामान गुजारने (ट्रांस-शिपमेंट) की सुविधा खत्म कर दी थी। इस फैसले के तहत, बांग्लादेशी माल अब भारत के लैंड कस्टम स्टेशनों (एलसीएस) से होकर, भारत के किसी बंदरगाह या एयरपोर्ट से तीसरे देश नहीं जा सकता था। पाकिस्तान और बांग्लादेश ने सीधी हवाई और समुद्री कनेक्टिविटी बढ़ाने, लाजिस्टिक सहयोग, और हलाल उत्पादों के मानकीकरण जैसे मुद्दों पर भी सहमति जताई। बैठक में पाकिस्तान ने बांग्लादेश से जूट इंपोर्ट करने में इंट्रेस्ट दिखाया है। फिलहाल भारत बांग्लादेश का सबसे बड़ा जूट खरीदार है। भारत ने 2023 में करीब 95 मिलियन डालर का जूट आयात किया था। हालांकि भारत ने अगस्त में बांग्लादेशी जूट उत्पादों के बंद. रगाहों से आने पर पाबंदी लगा दी थी। भारत ने कहा था कि बांग्लादेश की सब्सिडी से भारतीय उद्योग को नुकसान हो रहा है। इसके बाद जुलाई 2025 में बांग्लादेश के जूट निर्यात की कमाई घटकर 12.9 मिलियन डालर से सिर्फ 3.4 मिलियन डालर रह गई। इसके जवाब में बांग्लादेश ने भारत से धागा (यार्न) इंपोर्ट बंद कर दिया और कई लैंड पोर्ट जैसे बेनापोल, भोमरा, सोनामसजिद, बंगलबंधा, बुरीमारी से इंपोर्ट रोक दिया। बैठक में पाकिस्तान ने प्रस्ताव रखा कि बांग्लादेश अपने जूट उत्पादों के निर्यात के लिए कराची बंदरगाह का इस्तेमाल कर सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान ने बांग्लादेशी कारोबा. रियों के लिए 500 स्कालरशिप और तकनीकी प्रशिक्षण सीटें बढ़ाने की भी घोषणा की है। दोनों देशों ने इन प्रस्तावों पर आगे काम करने के लिए एक जाइंट वर्किंग ग्रुप बनाने का फैसला लिया है। कई एक्सपर्ट्स इस प्रस्ताव को दक्षिण एशिया में बदलते क्षेत्रीय समीकरणों से जोड़कर देख रहे हैं। भारत-बांग्लादेश के बीच हाल के महीनों में कुछ व्यापारिक मतभेद सामने आए हैं। ऐसे में पाकिस्तान का यह कदम अपने लिए एक नया आर्थिक और कूटनीतिक अवसर बनाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।



## इजरायल का समर्थन करने पर हुई पाकिस्तानी पत्रकार की बेरहमी से हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान कट्टरपंथ की चपेट में इस कदर आ चुका है कि वहां अब जनभावना के विपरीत बात करना भी जानलेवा हो गया है। पाकिस्तान में एक पत्रकार को इजरायलके समर्थन में बात करने के लिए ही जान से हाथ धोना पड़ गया। पाकिस्तान के सिंध प्रांत के गृह मंत्री ने खुलासा करते हुए बताया कि, बीते हफ्ते कराची में हुई एक पत्रकार की हत्या एक चरमपंथी

**कट्टरपंथियों ने गोलियों से भूना**

इस्लामी ग्रुप के सदस्यों ने कर थी, क्योंकि उसने अपने टेलीविजन चौनल पर इजरायलके समर्थन में टिप्पणी कर दी थी। सिंध प्रांत के गृह मंत्री जियाउल हसन ने दावा किया कि पत्रकार और एंकर इम्तियाज मीर की हत्या के आरोप में चार संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है।

## बोलीविया: बस पहाड़ी सड़क से नीचे गिरी 16 लोगों की मौत

**ला पाज।** बोलीविया के केंद्रीय कोचाबम्बा विभाग में सोमवार को एक अंतर-प्रांतीय बस के एक खड़ी पहाड़ी सड़क से 600 मीटर से जयादा नीचे गिर जाने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और 36 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। क्षेत्रीय पुलिस कमांडर रोजर कोस्टास ने पुष्टि की कि 23 वर्षीय चालक सहित घायलों को क्विलाकोलो के अस्पतालों में ले जाया गया है। बोलीविया के राष्ट्रीय यातायात प्रमुख उमर जेगाडा के अनुसार, यह वाहन उस मार्ग पर एक तीखे मोड़ पर दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जो अपनी संकरी सड़कों और कम दृश्यता के लिए जाना जाता है।

## ऊर्जा व्यापार लगातार सिकुड़ रहा

**कुआलालंपुर।** भारतीय विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने सोमवार को आसियान सम्मेलन के दौरान अपने संबोधन में ऊर्जा क्षेत्र के लगातार सिकुड़ने पर चिंता जाहिर की। एस जयशंकर का यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिका और भारत के संबंधों में थोड़ा रूखापन आया हुआ है और अमेरिका द्वारा भारत पर रूस से तेल न खरीदने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

इस दबाव के तहत अमेरिका ने भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। बीते हफ्ते ट्रम्प ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों, रोसनेफ्ट और लुकोइल पर बैन लगा दिया, जिससे भारत को ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई है। आसियान सम्मेलन के दौरान भारतीय विद. ेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने अपने बयान में बाजारों तक

**ट्रम्प के टैरिफ के बीच विदेश मंत्री जयशंकर ने जताई चिंता**

पहुंच, सप्लाई चेन की दिक्कतों को लेकर भी चिंता जताई। साथ ही उन्होंने कहा कि दुनिया को आतंकवाद के प्रति जीरो टालरेंस की नीति अपनानी चाहिए और गाजा और यूक्रेन जैसे संघर्षों को सुलझाने की कोशिशें तेज करनी चाहिए क्योंकि इन संघर्षों की वजह से खाद्य सुरक्षा और ऊर्जा आपूर्ति खतरे में पड़ गई है। जयशंकर ने कहा कि ऊर्जा व्यापार पर लगातार रोक लगाई जा रही है, जिससे तेल बाजार में गड़बड़ी हो रही है। सिद्धांतों को चुनिंदा तरीके से लागू किया जा रहा है। अमेरिका की व्यापार नीति का जिक्र किए बिना जयशंकर ने कहा कि सप्लाई चेन की विश्वसनीयता और बाजार पहुंच चिंता बढ़ा रही है।

## शहबाज चापलूसी के ओलंपिक में अव्वल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तारीफों ने देश के अंदर और बाहर एक नई बहस को जन्म दे दिया है।

पूर्व पाक राजदूत हुसैन हक्कानी ने इस पर तीखा तंज कसते हुए कहा कि शरीफ अब भी ट्रम्प की चापलूसी के ओलंपिक खेल में स्वर्ण पदक जीतने की दौड़ में सबसे आगे हैं। दरअसल, हाल ही में शहबाज शरीफ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स 'एक्स' पर एक पोस्ट में ट्रम्प की जमकर



**ट्रम्प की तारीफ पर पाकिस्तान के पूर्व पाक राजदूत हुसैन हक्कानी ने इस पर तीखा तंज कसा**

तारीफ की थी। उन्होंने लिखा मेरा गहरा आभार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रति, जिन्होंने केएल समझौते, गाजा शांति योजना और मध्य पूर्व तथा दक्षिण एशिया में शांति के लिए असाधारण भूमिका निभाई है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए हुसैन हक्कानी ने लिखा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री अब भी उस खेल में स्वर्ण पदक की दौड़ में आगे हैं, जिसे फरीद जकारिया ने ट्रम्प की चापलूसी का ओलंपिक खेल बताया था। हक्कानी की यह पोस्ट कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी रीपोस्ट की और उनकी बात का समर्थन जताया।

## बंधक के शव को लेकर हमास की 'धोखेबाजी' पर नेतन्याहू सख्त

**तेल अवीव।** अमेरिका की मध्यस्थता के बाद इजरायलऔर गाजा में फलस्तीनी संगठन हमास के बीच शांति समझौते का पहला चरण जारी है। ऐसे में हमास ने सोमवार (27 अक्टूबर) को एक बंधक का शव इजरायलको सौंपा।

लेकिन अब बंधक के शव को लेकर इजरायल प्रधानमंत्री बेंजा. मिन नेतन्याहू ने हमास पर बड़ा बयान दिया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार (28 अक्तूबर) को कहा कि हमास की ओर से रात में लौटाए गए एक बंधक के अवशेष लगभग दो साल पहले गाजा में इजरायलसैनिकों द्वारा बरामद किए गए एक बंधक के शरीर के अंग हैं। सोमवार को गाजा



**बताया शांति समझौते का स्पष्ट उल्लंघन**

में युद्धविराम के बीच हमास ने एक बंधक का शव इजरायलको सौंपा था। इजरायल प्रधानमंत्री नेतन्याहू के कार्यकाल के अनुसार सेना को एक ताबूत प्राप्त हुआ, जिसमें 7 अक्टूबर 2023 के हमले के दौरान अगवा किए गए 28 में से 16वें बंधक का शव था।

## पूर्व ब्राजील राष्ट्रपति बोल्सोनारो ने सजा के खिलाफ की अपील

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो ने सोमवार को सुप्रीम फेडरल कोर्ट में अपील दायर की। जिसमें 2023 में एक असफल तख्तापलट के प्रयास में उनकी भूमिका के लिए उन्हें मिली 27 साल और 3 महीने की जेल की सजा की समीक्षा और उसे कम करने का अनुरोध किया गया। बोल्सोनारो की कानूनी टीम ने तर्क दिया कि मुकदमे में उचित प्रक्रिया का उल्लंघन हुआ है, जिसमें उचित बचाव का अभाव और एक त्रुटिपूर्ण और विरोधाभासी दलील सौदेबाजी गवाही पर भरोसा शामिल है। उन्होंने आरोपों को लागू करने के तरीके में कानूनी त्रुटियों का भी हवाला दिया।

## भारत-अमेरिका की नौसेनाओं ने किया संयुक्त युद्ध अभ्यास

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका ने पनडुब्बी-रोधी युद्ध (एएसडब्ल्यू) और समुद्री क्षेत्र में जागरूकता पर केंद्रित संयुक्त युद्ध अभ्यास किया, ताकि दोनों नौसेनाओं के बीच आपसी तालमेल और क्षमता को मजबूत किया जा सके। अमेरिका के सातवें बेड़ा ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, अमेरिका और भारत की नौसेनाएं साथ उड़ान भर रही हैं।

डिएगो गार्सिया के पास संयुक्त पी-8 प्रशिक्षण ने पनडुब्बी-रोधी युद्ध कौशल और समुद्री क्षेत्र की जागरूकता को निखारा और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने की हमारी सामूहिक क्षमता को बढ़ाया। रक्षा दृश्य सूचना वितरण सेवा (डीवीआईडीएस) ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि कमांडर टास्क फोर्स 72 (सीटीएफ) के

**मजबूत हुआ आपसी तालमेल और क्षमता**

मिशन में समुद्री गश्ती और टोही विमान (एमपीआरए) पी-8ए पोसाइडन ने भारतीय नौसेना के एमपीआरए पी-8आई के साथ डिएगो गार्सिया और हिंद महासागर के पास संयुक्त अभ्यास में भाग लिया। यह अभ्यास 22 से 28 अक्टूबर के बीच आयोजित किया गया था। पी-8आई के डिएगो गार्सिया पहुंचने के बाद अमेरिकी और भारतीय चालक दल ने अभ्यास के लिए संचालन योजना पर मिलकर काम किया, जिससे समुद्री में सूचना साझा करने और सहयोग की नींव रखी गई। इस तट आधारित चरण को संयुक्त उड़ान और द्विपक्षी पनडुब्बी-रोधी और संचार अभ्यास के साथ पूरा किया गया।

## ट्रम्प को नोबेल के लिए नॉमिनेट करेगा जापान

**टोक्यो।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को जापान की नई प्रधानमंत्री साने तकाइची से टोक्यो के अकासाका पैलेस मुलाकात की। इस दौरान ट्रम्प ने जापान को अमेरिका का सबसे मजबूत सहयोगी बताया। साथ ही जापान की हर संभव मदद का ऐलान किया। तकाइची हाल ही में जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी हैं। दोनों के बीच बैठक में ट्रेड और सिक्योरिटी के मुद्दे पर बात हुई। तकाइची ने घोषणा की कि जापान, अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ के मौके पर अगले साल 250 चेरी के पेड़ भेंट करेगा। साथ ही ट्रम्प को अगले साल नोबेल पीस प्राइज के लिए नामिनेट भी करेगा। ट्रम्प सोमवार को जापान पहुंचे थे, जहां उन्होंने सम्राट नारुहितो से मुलाकात की। ट्रम्प आज दोपहर तकाइची के साथ योकोसुका नौसैनिक अड्डे का दौरा करेंगे। यहां अमेरिकी विमानवाहक पोत यूएसएस जार्ज वाशिंगटन तैनात है।

# ईरान में बंधक बनाए गए 4 गुजराती भारत लौटे

## 6 अभी भी फंसे, डंकी रूट से ऑस्ट्रेलिया जाते समय तेहरान में हुआ था अपहरण

**गांधीनगर।** ईरान में बंधक बनाए गए गुजरातियों के बारे में एक नया खुलासा हुआ है। चार नहीं, बल्कि कुल 13 लोग इलीगल तरीके से आस्ट्रेलिया और यूरोप में घुसपैठ करने के लिए निकले थे। जिन्हें फिरौती के लिए ईरान के तेहरान में बंधक बना लिया गया था। इनमें से तीन पहले ही गुजरात लौट आए थे, जबकि चार की आज सोमवार सुबह वतन वापसी हो गई। हालांकि, अभी भी 6 लोग वहां फंसे हुए हैं।

13 गुजरातियों को बैंकाक ले जाया गया था हरियाणा के दो एजेंट्स 16 अक्टूबर को 13 गुजरातियों को लेकर आस्ट्रेलिया और यूरोप के लिए रवाना हुए थे। सभी लोग थाई एयर एशिया की फ्लाइट संख्या एफडी145 से बैंकाक पहुंचे थे। यहां कुछ दिन रुकने के बाद उन्हें कतर और कतर से ईरान भेज दिया गया था। इनमें से 4 को तेहरान के मरकजी


**सभी लोग थाई एयर एशिया की फ्लाइट संख्या एफडी145 से बैंकाक पहुंचे थे**

ईरान नाम की होटल में बंधक बनाया गया था। बाकी लोगों को अलग-अलग होटलों में रखा गया था। एक शख्स ने इन चारों के परिवार को फोन करके 2 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। परिवार को एक वीडियो भेजा गया था, जिसमें अपहृत लोगों को न्यूड कर के जमीन पर औंधे मुंह लिटाकर पीटा जा रहा था। अपहृत लोगों में एक महिला और तीन युवक शामिल थे, जिनमें से तीन गांधीनगर जिले के मानसा तालुका के बापूपुरा और एक बड़पुरा का रहने वाला है। विधायक जेएस पटेल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर मदद की गुहार लगाई थी। 16 अक्टूबर को आस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुए थे गांव के करीबी सूत्रों ने बताया कि गांव के ही एक एजेंट ने पिछले दिनों दो-तीन यात्रियों को डंकी रूट से अमेरिका भेजा था। यह एजेंट आस्ट्रेलिया में घुसपैठ कराने के लिए भी काम कर रहा था। यह बात मालूम होते ही बापूपुरा और एक बड़पुरा गांव के एक दंपत्ति समेत चार लोगों ने आस्ट्रेलिया जाने के लिए इसी एजेंट के संपर्क में आए थे। इन चारों के साथ गुजरात के अलग-अलग शहरों के 9 और लोग भी शामिल थे। प्लान के मुता. बिक, सभी 16 अक्टूबर को आस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुए थे। सभी पहले बैंकाक पहुंचे थे। यहां कुछ दिन रुकने के बाद उन्हें कतर और कतर से ईरान भेज दिया गया था। जहां सभी लोगों को बंधक बना लिया गया था। गौरतलब है कि इससे पहले भी डंकी रूट से विदेश जाने वालों की किडनैपिंग और फिरौती की मांग के मामले सामने आए है।

## जमैका से टकराएगा 2025 का सबसे ताकतवर तूफान मेलिसा

**किंग्सटन/वाशिंगटन।** हरिकेन मेलिसा 2025 का सबसे ताकतवर तूफान बन गया है। यह कैरेबियाई देश जमैका की ओर बढ़ रहा है। इससे पहले यह हैती और डोमिनिकन रिपब्लिकन में तबाही मचा चुका है। मेलिसा से जमैका में 3, हैती में 3 और डोमिनिकन रिपब्लिक में 1 व्यक्ति की मौत हो गई है।

अमेरिकी मौसम वैज्ञानिकों ने चेता. वनी दी है कि यह तूफान विनाशकारी और जानलेवा साबित हो सकता है। मेलिसा की रफ्तार 175 मील प्रति घंटा यानी लगभग 282 किमी/घंटा तक पहुंच गई है। इससे यह कैटेगरी-5 हरिकेन बन गया है। यह तूफानों की सबसे खतरनाक श्रेणी है। मौसम विभाग के मुताबिक यह तूफान मंगलवार शाम (भारतीय समय के मुताबिक) जमैका के तट से टकरा सकता है। क्यूबा में 6 लाख और जमैका में



**हवा की रफ्तार 282 kmph छह लाख से ज्यादा लोग ऊंची जगहों पर भेजे गए**

28000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट किया गया है। अमेरिकी वायुसेना रिजर्व के 403वें विंग के 'हरिक. ेन हंटर्स' ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें तूफान मेलिसा का बिल्कुल बीच का हिस्सा दिख रहा है। यह वीडियो उस समय शूट किया गया था, जब तूफान रविवार को जमैका की ओर बढ़ रहा था।

